फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 250 प्रभात जयपुर, गुरुवार 13 अप्रेल , 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

ARBIT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com

Love Like & Friendship Between Iran & India

My dear friend, when the people of Iran did not elect me to be a tyrant, but to serve them.

Most Amazing Sunset Destinations in India

Lessons Every Leader Must Embrace

Organizational transformation with digital presence



*मैथ्यु गार्डनर और डेविड परेरा ने दो माह तक ग्रैंड बहामा आईलैंड के पाइन फॉरेस्ट (शंकु वनों) में बहामा नटहैच को खोजा, पर यह छोटी सी सफेद -भूरी चिड़िया नहीं मिली। ये जंगल, कभी बहामा नटहैच और बहामा वार्बलर के आवास हुआ करते थे, लेकिन, सन् 2018 तक वो पहले जितने हरे भरे नहीं रहे। कई वर्षों तक इन पक्षियों ने अतिक्रमण, जंगल की आग, घुसपैठिया प्रजातियों की समस्या को झेलते हुए अपने अस्तित्व को बचाकर तो रखा, पर ये फले-फूले नहीं। वर्ष 2016 में आऐ हरिकेन मैथ्यू, जिसने ग्रैंड बहामा आइलैंड को भारी नुकसान पहुंचाया, की मार नटहैच चिड़ियाँ नहीं झेल पाईं। शोधकर्ता, जो इंलैण्ड में नॉरविच की ईस्ट एगंलिया युनिवर्सिटी के विद्यार्थी हैं, जानते थे कि, दोनों पक्षियों की कमी हो गई है पर कितनी, यह जानने के लिए दोनों ने मीलों पैदल चलकर इनकी खोज की। उन्होंने जंगल में नटहैच और वार्बलर की आवाज़ों की रिकॉर्डिंग बजाई। लम्बी चोंच, काले सिर व काले पंखों वाली पीले रंग की वार्बलर ने रिकॉर्डिंग के साथ आवाज मिलाई। तीन माह में शोधकर्ताओं ने 327 बार वार्बलर को देखा या उसकी आवाज सुनी, पर नटहैच नहीं दिखी। हालांकि, उन्हें महसूस हो रहा था, कि वहीं कहीं नटहैच है ज़रुर। एक दिन उनका विश्वास सत्य साबित हुआ। गार्डनर ने बताया, ''एक दिन जैसे ही हमने नटहैच की आवाज की रिकॉर्डिंग बजाई, हमने उसके जवाब में एक आवाज सुनी, फिर हमने देखा कि एक चिड़िया हमारी ओर आ रही थी, वह नटहैच ही थी।'' इसके बाद उन्हें नटहैच 5 बार और दिखी। वर्ष 2018 में भी बहामा नटहैच की आबादी बहुत कम थी, लेकिन ऐसा नहीं था कि, इन्हें विलुप्ति से बचाया न जा सके। पर सितम्बर 2019 में हरिकेन डोरियन ने हालात और खराब कर दिए और उसके बाद से नटहैच नज़र नहीं आई हैं। इस तूफान से वार्बलर को भी भारी नुकसान हुआ, पूरे 24 घंटे तक 183 मील प्रति घंटा की रफ्तार से चली हवाओं की वजह से बहामा को इतिहास का सबसे बुरा प्राकृतिक विनाश झेलना पड़ा। बहामा नटहैच कोऑपरेटिव ब्रीडर हैं जो बच्चे पालने के लिए पारिवारिक समूह पर निर्भर करती हैं, अगर परिवार नहीं होगा तो बच्चे कैसे पलेंगे। वहीं, समूह छोटा होगा तो अन्तःप्रजनन की संभावना बढ़ जाएगी, जिससे जैनेटिक डिस्ऑर्डर व रोगों का खतरा बढ़ सकता है। गार्डनर ने कहा, लम्बे अर्से से इनके नज़र आने की एक भी खबर नहीं सुनी है। यह स्वीकार करना बड़ा दर्दनाक है कि, बहामा नटहैच लुप्त हो गई हैं।*

# गहलोत ने सारे घोड़े खोल दिये पायलट को निकलवाने के लिये

## उनके इस प्रयास में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, रंधावा तथा सहयोगी रोल हैं जयराम रमेश व पवन खेड़ा का

-रणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 अप्रेल। हताश और बेचैन अशोक गहलोत सचिन पायलट को पार्टी से निष्कासित करवाने के भरसक प्रयत्न कर रहे हैं और इसके लिए रात-दिन एक कर रहे हैं।

समूचे मीडिया और सोशल मीडिया में पिछले दो दिन से ऐसी खबरों की भरमार है कि पायलट को कांग्रेस पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। इन खबरों ने उनके समर्थकों को भयभीत कर दिया था।

अशोक गहलोत की शह पर अग्रिम पंक्ति के जो लोग सक्रिय हैं उनमें से एक है राजस्थान के ए.आई.सी.सी. प्रभारी महासचिव रंधावा।

रंधावा ने आज कहा कि सचिन पायलट के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी, लेकिन वह यह उत्तर देने में असमर्थ है कि यह कार्यवाही क्यों और किस लिए की जाएगी।

क्या वसुन्धरा जैसी एक भाजपा नेता को निशाना बनाने उन पर कार्रवाई किए जाने की मांग करने के कारण सचिन पायलट के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी?

जैसा कि एक सीनियर नेता ने इस पर चुटकी ली कि ''वसुन्धरा के लिए

- जयराम रमेश ने ही रंधावा के, पायलट के अनशन के बारे में जारी व्यक्तव्य में ''पार्टी विरोधी गतिविधि'' शब्द जुड़वाये थे।
- आज रंधावा ने फिर कहा कि, पायलट के खिलाफ कार्यवाही होगी। पर, इसका जवाब उनके पास नहीं था कि, क्यों और किस लिये कार्यवाही होगी।
- क्या वसुंधरा राजे के ''भ्रष्टाचार'' के खिलाफ एक्शन की मांग उठाने के कारण पायलट के खिलाफ कार्यवाही होगी।
- इस अजीबोगरीब स्थिति पर, एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने टिप्पणी की कि, कांग्रेस में वसुंधरा राजे के लिये ज्यादा सहानुभूति है, बनिस्पत भाजपा के।
- ऐसा भी कहा जा रहा है कि, पहले तो जयराम रमेश ने स्वयं ही एक पत्र तैयार कर लिया था, जिसमें कहा गया था कि, पायलट की छुट्टी कर दी गयी है, पर, फिर शायद राहुल के कोप से भयभीत होने के कारण, यह पत्र ''डिस्पैच'' नहीं हुआ। बल्कि जयराम को शाम को कहना पड़ा कि, गहलोत व पायलट दोनों पार्टी के लिये ''एसैट'' हैं।
- इस सारे साजिश के वातावरण में खड़गे एक मूक दृष्टा हैं, तथा गांधी परिवार चुप है, और कोई कदम नहीं उठाया है इस प्रकरण में।
- इस ''साजिश'' के दौरान पायलट अविचलित हैं, तथा शुक्रवार को जयपुर आकर, जनसम्पर्क कार्यक्रम आगे बढ़ायेंगे, झुँझुनूँ से 17 तारीख को।

भाजपा की तुलना में कांग्रेस में अधिक सिम्पैथी है।'' रंधावा कहते हैं कि उन्होंने पायलट के बारे में खड़गे को ब्रीफ कर दिया है तथा कल सुबह एक अन्य मीटिंग की जाएगी।

इस शृंखला की एक अन्य कड़ी है, ए.आई.सी.सी. के मीडिया चेयरमैन जयराम रमेश। बताया जाता है कि रंधावा को यह बताने में जयराम ने प्रमुख भूमिका निभाई कि पायलट के अनशन को लेकर उन्होंने जो बयान जारी किया, उसमें ''पार्टी विरोधी गतिविधियां'' वाक्य भी जोड़ा जाए।

बताया जाता है कि जयराम रमेश ने ही उस पत्र का मसौदा तैयार किया, जिसमें कहा गया था कि सचिन पायलट को कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# इंगलैण्ड के प्र.मंत्री पर भारी दबाव है भारतीय मूल की होम सैक्रेटरी को बर्खास्त करने के लिये

## होम सैक्रेटरी सुएला ब्रेवरमैन ने एक रिपोर्ट के आधार पर कहा था कि, बच्चों का यौन शोषण ब्रिटिश पाकिस्तानियों में सबसे ज्यादा होता है

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 अप्रैल। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सुनक पर पाकिस्तानी मूल के

- इस टिप्पणी के विरोध में प्र.मंत्री सुनक को 28,000 हस्ताक्षर वाली याचिका भेजी गयी है।

ब्रिटिश लोगों के खिलाफ गईं नस्लीय एवं विभाजनकारी टिप्पणियों को लेकर अपनी गृह मंत्री को पद से हटाने का दबाव है। ब्रिटिश पाकिस्तानियों के आक्रोशित आंदोलन के कारण गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमन की संसद सदस्यता समाप्त किए जाने का खतरा उत्पन्न हो गया है क्योंकि उन्हें हटाए जाने के तीखे स्वरों की गूंज पूरी दुनिया में सुनाई दे रही है।

जैसा कि मीडिया को बताया गया, ब्रेवरमन की टिप्पणियों से सामुदायिक एकता के समाप्त होने और नस्लीय तनाव बढ़ने का खतरा है।

प्रधानमंत्री आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट को लिखे गए एक पत्र में कहा गया है कि सरकार की मंत्री होने के नाते उन पर सभी समुदायों के लिए धैर्य व आदरभाव बढ़ाने की जिम्मेवारी थी, लेकिन उनकी टिप्पणियां स्तरहीन हैं। किसी जन नेता की ऐसी अपमानजनक टिप्पणियां अस्वीकार्य हैं, जिनसे किसी पूरे समुदाय पर तोहमत लगती हो।

प्रधानमंत्री ऋषि सुनक पर यू.के. की बलात्कारी गैंग्स और पाकिस्तानियों के विरूद्ध की गई टिप्पणियों को लेकर अपनी गृह मंत्री ब्रेवरमन को तुरन्त प्रभाव से बर्खास्त करने का दबाव है। ब्रेवरमन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




# पायलट-गहलोत विवाद पर आनंद शर्मा भी बोले

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 अप्रेल। राजस्थान के मुख्य मंत्री अशोक गहलोत व पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच विवाद के मुद्दे पर वरिष्ठ पार्टी नेता आनंद शर्मा भी बोले उन्होंने कहा कि इस पर कांग्रेस का रुख एकदम साफ है।

- वरिष्ठ कांग्रेस नेता आनंद शर्मा ने कहा कि, राजस्थान पर कांग्रेस का ''व्यू'' एकदम साफ है। हमारे लिए वृहद् राष्ट्रीय लक्ष्य ज्यादा महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा, हमारी लोकप्रिय सरकार है और एक मुख्यमंत्री है जो काम कर रहा है। अगर आप नीतियों को देखे तो हालिया योजनाएं और फैसले और बजट में घोषित योजनाओं का राजस्थान की जनता पर अच्छा प्रभाव पड़ा है।''

शर्मा ने कहा कि, हमारा पूरा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भाजपा ने एन्टी इन्कम्बैन्सी से निपटने के लिये वही पुरानी, स्थापित रणनीति अपनायी

## भाजपा ने कर्नाटक की लिस्ट में 52 नये चेहरों को टिकट दिया और आशा कर रही है कि, नये चेहरों पर एन्टी इन्कम्बैन्सी की मार नहीं पड़ेगी

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 अप्रैल। सत्तारूढ़ भाजपा कर्नाटक में 10 मई के विधानसभा चुनावों में सत्ता-विरोधी प्रवृत्ति को नकारने के लिये अपनी मानक कार्य-प्रणाली के साथ आगे आई है तथा चुनाव में उतारे गये 189 उम्मीदवारों की प्रथम सूची में 52 नये चेहरे शामिल कर दिये हैं।

जहाँ पार्टी हाई कमान तथा इसके कर्नाटक नेता यह मानकर चल रहे हैं कि यह एक ऐसी चुनावी रणनीति सिद्ध होगी, जो बासवराज बोम्मई सरकार का पुनरागमन सुनिश्चित करेगी, जिस पर कथित भ्रष्टाचार तथा अकुशल शासन को लेकर प्रहार होते रहे हैं, वहीं पार्टी

- पर, जिन पुराने विधायकों और नेताओं के टिकट काटे गये हैं वे काफी नाराज हैं, और सिरदर्द का कारण बन सकते हैं, भाजपा के लिये।

के ''विद्रोही'' हाई कमान की इस सोच को गलत सिद्ध करने के लिये खुलकर आगे आ गये हैं। जब पूर्व मुख्यमंत्री लक्ष्मण सवाड़ी को टिकट नहीं दिया गया तो उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद, बड़ा कठोर और जबरदस्त बयान देते हुये, उन्होंने घोषणा कर दी कि वे अगले चन्द घंटों में ही कोई सख्त निर्णय लेंगे। उनकी इस घोषणा के बाद, मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई ने उनसे आग्रह किया कि वे कोई त्वरित निर्णय न लें।

बुधवार को एक प्रैस कॉन्फ्रैंस को संबोधित करते हुये, सवाड़ी ने कहा, ''मैं निर्णय ले चुका हूँ, मैंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने का निर्णय ले लिया है।'' अठानी से तीन बार विधायक रह चुके सवाड़ी ने कहा कि वे अपने निर्णय पर अगले शुक्रवार से काम करना शुरु करेंगे। उन्हीं की तरह, पार्टी के अन्य बहुत से विधायकों के टिकट भी पार्टी के एक अंदरूनी सर्वे के आधार पर काट दिये गये हैं। यह सर्वे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# प्रियंका गांधी हैंडल करेंगी राजस्थान विवाद

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 अप्रेल। कांग्रेस नेतृत्व राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के एक दिन के अनशन पर अनिर्णय की स्थिति में है। पायलट ने राज्य की पूर्व वसुंधरा राजे (भाजपा)

- समझा जाता है कि, राहुल गांधी ने खुद इस बारे में प्रियंका गांधी से आग्रह किया है। प्रियंका, जो ए.आई.सी.सी. महासचिव भी हैं, पूर्व में भी ऐसा कर चुकी हैं।

सरकार के भ्रष्टाचार पर कार्यवाही करने की मांग करते हुए यह अनशन किया।

राजस्थान के कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा की पायलट से कोई मीटिंग नहीं हुई। पायलट बुधवार को नई दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिले और उनसे राय मशविरा किया।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# नीतीश बनेंगे विपक्षी मोर्चा के संयोजक?

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 अप्रैल। बिहार के महागठबंधन सहयोगियों की एक मीटिंग आज कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर हुई। इसमें तर्क वितर्क कर यह सुझाया गया कि किसी गैर कांग्रेसी नेता

- विपक्षी नेताओं की बैठक में प्रस्तुत इस प्रस्ताव से अन्य विपक्षी दलों का यह डर मिट जाएगा कि, कांग्रेस ''बिगब्रदर'' की भूमिका निभाएगी, साथ ही बिहार में तेजस्वी का रास्ता साफ हो जाएगा।

(यानि कि नीतीश कुमार) को एक प्रस्तावित गठबंधन का संयोजक नियुक्त किया जाना चाहिए ताकि विपक्ष के खेमे का यह भय दूर किया जा सके। कांग्रेस इसमें

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# नीतीश कुमार व तेजस्वी यादव कांग्रेसाध्यक्ष खड़गे और राहुल गांधी से मिले दिल्ली में

## मुलाकात के दौरान, जे.डी. (यू) के अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह, आर.जे.डी. की ओर से राज्यसभा सदस्य मनोज कुमार झा व कांग्रेस के नेता सलमान खुर्शीद भी मौजूद थे

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 अप्रैल। वर्ष 2024 के आम चुनावों से पहले विपक्षी एकता कायम करने के सम्मिलित प्रयास के अन्तर्गत, आज दिल्ली में कांग्रेस, जनता दल-यूनाइटेड (जे.डी.यू.) तथा राष्ट्रीय जनता दल (आर.जे.डी.) के शीर्ष नेताओं की मीटिंग हुई, जिसमें सत्तारूढ़ भाजपा के विरूद्ध मिलकर लड़ने की संभावना तलाश की गई।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल पर आयोजित इस मीटिंग में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, जे.डी. (यू.) नेता नीतीश कुमार तथा बिहार के उपमुख्यमंत्री तथा आर.जे.डी. प्रमुख तेजस्वी यादव उपस्थित थे। इनके अलावा जे.डी.यू. अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह, आर.जे.डी. के राज्यसभा सांसद मनोज कुमार झा तथा कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद भी इस मीटिंग में मौजूद थे।

मीटिंग के बाद मीडिया को संबोधित करते हुये, खड़गे ने कहा कि यह एक ''ऐतिहासिक मीटिंग'' थी तथा सभी नेताओं का उद्देश्य आगामी आम चुनावों के लिये सभी विपक्षी दलों को संगठित करना है।

- मीटिंग से पहले नीतीश, लालू यादव से मिलने गये, लालू की पुत्री मीसा के घर, जहाँ लालू यादव स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं दिल्ली में।
- खड़गे व राहुल गांधी ने विपक्ष की एकता स्थापित करने के लिये आयोजित इस बैठक को -''ऐतिहासिक'' बताया।
- राहुल की सदस्यता रद्द होने के बाद, ममता बनर्जी का रूख भी नरम हुआ और उन्होंने विपक्ष के नेताओं का भाजपा के खिलाफ संगठित होने का आह्वान किया।
- केजरीवाल अभी असमंजस में हैं, उन्होंने पहेलीनुमा जवाब दिया कि, किसी व्यक्ति/पार्टी को हराने के लिये संगठित होने को जनता शुभ दृष्टि से नहीं देखती। तेलंगाना के मु.मंत्री चन्द्रशेखर राव अभी भी, विपक्ष का फ्रंट तो चाहते हैं, पर, उस फ्रंट में कांग्रेस को हिस्सा नहीं देना चाहते।

राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी दलों को एकजुट करने के लिये एक ''ऐतिहासिक कदम'' उठाया गया है। उन्होंने कहा कि ''यह एक प्रक्रिया है, इससे देश की खातिर विपक्ष की सोच और नजरिया विकसित होगा।'' उन्होंने आगे कहा कि देश और इसके संस्थाओं के खिलाफ चल रहे प्रयासों के खिलाफ, हम संगठित रूप से खड़े होंगे।

दिल्ली यात्रा पर आये बिहार के मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी कोशिश अधिक से अधिक दलों को एकजुट करने तथा मिलकर काम करने की है। कुमार ने कहा कि कुछ पार्टियों से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कर्नाटक के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता की बेटी भी भाजपा में

-लक्ष्मण वेंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 अप्रेल। पूर्व रक्षा मंत्री एवं गांधी परिवार के निष्ठावान ए.के. एंटनी के पुत्र अनिल एंटनी की तरह, जो कांग्रेस को धोखा देकर भाजपा में शामिल

- वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और विधानसभा के पूर्व स्पीकर कोडागु थिमप्पा की पुत्री डॉ. राजनंदिनी विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने से नाराज़ होकर भाजपा में चली गईं हैं।

हो गए थे, कांग्रेस के एक अन्य सीनियर नेता एवं कर्नाटक विधानसभा के पूर्व स्पीकर कोडागू थिमप्पा की पुत्री डॉ. राजनन्दिनी भी भाजपा में शामिल हो गई हैं। राजनन्दिनी को जब कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

सच्चे वीर को युद्ध में मृत्यु से जितना कष्ट नहीं होता उससे कहीं अधिक कष्ट कायर को युद्ध के भय से होता है।

**–भतृहरि**

# स्वास्थ्य का अधिकार एक भद्दा मज़ाक

'स्वास्थ्य का अधिकार' के लिये बड़े-बड़े विज्ञापन छप रहे हैं, होर्डिंग बन रहे हैं। ढोल बजा कर प्रचार-प्रसार हो रहा है, पीठ थपथपाई जा रही है। एक उक्ति याद आती है। दो मित्र मिले, एक गधा और एक कौआ। कौए को देखकर गधे ने कहा–'अहो रूपं, याने वाह कितना सुंदर स्वरूप है।' कौए ने गधे को कहा, 'अहो ध्वनि', याने कितनी सुंदर ध्वनि है। यही स्थिति राजनीतिक दलों की हो रही है। उनके सदस्य अपने ही दल के कार्यों की प्रशंसा करते है और वह भी झूठी। यही हाल राजस्थान की सरकार का है। एक विवादास्पद बिल लाकर 17 दिन तक हठधर्मिता दिखाई, हड़ताल रही, निजी चिकित्सालयों की और उनके समर्थन में सरकारी डॉक्टरों की भी, और जनता को घोर कष्ट देकर और कई को मौत के मुँह में धकेल कर अंततोगत्वा हार मानकर वह करना पड़ा जो 17 दिन पहले भी किया जा सकता था।

जनता का भी समर्थन चूँकि इस आंदोलन को मिलने लगा था अतः सरकार को झुकना पड़ा। छोटे क्लिनिकों के साथ अपने स्वयं के साधनों से चलने वाले हॉस्पिटल इस बिल से बाहर किये गये। 'एमरजेन्सी' को परिभाषित करने का आश्वासन दिया गया जो निश्चय ही सही माँग थी।

एक बात जनता को अब तक समझ में आ जानी चाहिये कि इस दुनिया में मुफ्त कुछ नहीं मिलता। हर चीज़ की कीमत चुकानी पड़ती है। ईश्वर ने पाँच तत्व मुफ्त दिये थे वे भी अब सरकारों की गलत रीति-नीति से खरीदना पड़ता है। कुएँ, बावड़ी, तालाब, झील, नदी का जल शुद्ध था। सभी इनसे मुफ्त पानी ले आते थे, अब नलों का व पानी की बोतल का पैसा चुकाना पड़ता है। ईंधन सुलभ था, जंगल था। गरीब लोग लकड़ी बीन लाते थे, कंडे जलाते और कुछ भी खर्चा न होता। वायु चारों ओर शुद्ध थी। आक्सीजन ही आक्सीजन थी, अब सरकारों के कारनामों से आक्सीजन सिलिंडर खरीदना पड़ती है। चारों ओर मिट्टी शुद्ध थी, शुद्ध अनाज देती थी और स्वच्छंद आकाश बिना ग्लोबल वार्मिंग के और सरकारों की उद्योग नीति के कारण असामयिक प्रकृति के कोप बहुत कम होते थे।

सरकार के कारनामों से पंचतत्व भी दुर्लभ हुए और अन्य समस्त वस्तुएँ भी मूल्यवान और फिर महँगी होती चली गई। सरकारों के वोट से चुने जाने पर सरकारों ने एक खतरनाक खेल शुरू किया। कुछ लोगों से खूब वसूली करो और कुछ को मुफ्त की रेवड़ी बाँटो। इस रीति-नीति से देशों का दिवाला निकलने लगा, श्रीलंका व कई अन्य देश इसके उदाहरण हैं।

स्वास्थ्य का अधिकार तो ईश्वर ने हमें दिया था। सरकारो ने तो यह अधिकार हमसे छीना है। ज़रा सोचिये यह अधिकार का ढोंग कितना अधिक है। स्वास्थ्य के अधिकार के पहले वे चीज़े शुद्ध होनी चाहिये जो अच्छा स्वास्थ्य देती हैं। इन चीज़ों के बिना स्वास्थ्य अच्छा रह ही नहीं सकता, वह बिगड़ेगा ही, फिर 'स्वास्थ्य का अधिकार' एक मज़ाक ही रहेगा ना। अच्छे स्वास्थ्य के लिये सबसे पहले पीने का पानी शुद्ध होना चाहिये। क्या हमारी सरकारें स्वतंत्रता के 75 वर्षों में पीने का शुद्ध पानी सारे देश को उपलब्ध करा पाई है? आज अधिकांश बीमारियाँ अशुद्ध पानी के कारण हो रही हैं और हमें बीमार पड़ना ही है। आपको याद होगा कहीं चोट लगती तो राख व मिट्टी लगा देते थे क्योंकि ये वस्तुए शुद्ध थीं। आज मिट्टी व उसका उत्पादित खाद्य पदार्थ जहरीला है। वह खाद्य व गुण अब रहे ही नहीं। यही नहीं सरकार की सबसे बड़ी विफलता मिलावटखोरी को न रोक पाने की है। सब्जी, फल, दूध, अन्न, दालें, मसाले, घी, तेल कौन सी वस्तु ऐसी है जो मिलावट के ज़हर से दूर है? ज़हरीले खाद्य पदार्थों से अनेक गंभीर बीमारियाँ केन्सर और हृदय रोग आदि होते हैं। बताइये स्वास्थ्य का अधिकार एक भद्दा मज़ाक है कि नहीं?

**केवल कागज़ी आदेशों व कार्रवाई से हालात नहीं बदलते। जब सरकार अपनी नीतियों में नीयत साफ नहीं रखती तो अव्यवस्था बढ़ती है, घटती नहीं। राजस्थान के आगामी चुनावों के मद्देनज़र 'स्वास्थ्य का अधिकार' भी मात्र एक भद्दे मज़ाक से अधिक कुछ भी नहीं है और यह कटु सत्य आने वाला समय स्वतः ही जनता पर उजागर होगा।**

देहली का समाचार तो हम सुनते ही रहते हैं। हमारे देश की राजधानी है वह। वहाँ साँस लेना भी मुश्किल हो गया है। यही हाल उदयपुर व अनेक नगरों व गाँवों का है। क्या साँस की, फेफड़ों की, हृदय की बीमारियाँ रुक सकती हैं? दरअसल सरकारों ने हमें बीमार होने का अधिकार दिया है। बीमार हो, इलाज कराइये यदि मिले तो, अन्यथा मरिये। क्या ज़हरीली शराब को सरकार रोक पाई है जिससे हजारों जानें प्रतिवर्ष जाती हैं।

सरकार का हाल तो यह है कि उलटे बाँस बरेली को यूँ कहें कि गाड़ी आगे और घोड़ा पीछे है। जो काम पहले होने चाहिये वे तो वे कर नहीं पा रहे और केवल कागज़ पर आदेश निकाल कर ढिंढोरा पीटते हैं। हमारी जान को हज़ारों जोखिम हैं। घर से बाहर निकलिये तो आवारा कुत्ते आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं। काटे तो इन्जेक्शन लगवाइये, पीछे दौड़े और दुर्घटना हो जाये तो इलाज कराइये, मर भी जाइये। कुत्तों से बचिये तो आवारा और पालतू सभी प्रकार के पशु सड़क पर आपकी दुर्घटना का कारण हो सकते हैं। अजी क्या पूछिये सड़क के गहरे खड्डे और खुले मेन होल मुँह बाये आपको लीलने को खड़े हैं। घर के बाहर और भीतर बलात्कार आक्रमण आप में से किसी को भी बीमार कर सकते हैं। और हाँ याद आया बिजली के तार भी आप पर टूट कर गिर सकते हैं उनको 75 साल में ज़मीन में नहीं गाड़ा जा सका है। अच्छा सरकार चाहती है कि बीमार पड़ो तो बीमार भी पड़ जायेंगे और अब इलाज़ कराने जायेंगे पर भाई गाँव में डॉक्टर व अस्पताल ही नहीं हैं तो इलाज कैसे हो? जैसे-तैसे पहुँच भी गये सरकारी या निजी अस्पताल तो बीमारों को लम्बी कतार का, भटकने का और फिर मुफ्त इलाज़ का रहस्य भी समझने की आवश्यकता है। सरकारों के कई प्रोजेक्ट्स होते हैं। एक सड़क का उदाहरण लीजिये। सरकार अथवा कोई भी अन्य अभिकरण इस हेतु निविदा आमंत्रित करते हैं। सबसे सस्ती निविदा देने वाले को कार्य मिलता है। गुणात्मकता पूर्ण काम करने वाली कम्पनी पहले ही पीछे हट जाती है। सबसे सस्ती निविदा वाला ठेकेदार सस्ती व कम गुणात्मकता वाली वस्तुएँ काम में लेता है। कुछ राशि वह कर्मचारियों व अधिकारियों को प्रसन्न करने में व्यय करता है। परिणाम स्वरूप सड़कों का जो हाल होता है वह हम सब भोगते हैं। सरकार व मुफ्त इलाज़ करने वाले सस्ती व अप्रामाणिक दवाई व उपकरण खरीदेंगे ही और मरीज़ों पर वाँछित प्रभाव कम होगा अथवा नहीं होगा। स्वास्थ्य का नहीं इलाज़ का अधिकार दिया है और स्वास्थ्य के बजाय मोक्ष प्राप्ति हो सकती है। सरकारी अमला कितना ही नाराज़ हो, यह सत्य है कि वहाँ जो अव्यवस्था है वही सर्वत्र मुफ्त इलाज़ में होगी।

सरकार ने तो शिक्षा का अधिकार भी दिया परंतु क्या शिक्षा का स्तर उन्नत हुआ। कारण स्पष्ट है भवन, उपकरण, शिक्षक व उनके शिक्षण के स्तर का अभाव और उसके साथ सर्वत्र भ्रष्टाचार के चलते अधिकार देना एक महज औपचारिकता है। सरकारों की नौटंकी और मजाक मात्र है। जनता का उपहास है। क्या हमे जीने का अधिकार ईश्वर प्रदत्त नहीं है। उसे देना क्या? हमारे जन्म सिद्ध अधिकार तो कई हैं परंतु क्या सरकार वह सब कुछ कर पाई है? ऐसा कौनसा जीवन क्षेत्र है जिसमें नागरिक सुख-सुविधा से रह पा रहा है? चारों ओर अनुशासनहीनता कानून व्यवस्था की धज़्जियाँ उड़ती दिखाई देती हैं। क्या राज्य सरकारों का महँगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, मिलावट आदि रोकने में कोई योगदान नहीं होना चाहिये? ट्राफिक की अव्यवस्था, चोरी, डकेती, बलात्कार, जमाखोरी, काला बाजारी, घोर पर्यावरण प्रदूषण, अतिक्रमण, सांप्रदायिक दंगे, प्रत्येक स्तर पर विधायिका, कार्यपालिका, न्याय पालिका व मीडिया की व्यवस्था सुधारने आदि में राज्य सरकारों का कोई कर्त्तव्य नहीं है। केवल कागज़ी आदेशों व कार्रवाई से हालात नहीं बदलते। जब सरकार अपनी नीतियों में नीयत साफ नहीं रखती तो अव्यवस्था बढ़ती है, घटती नहीं। राजस्थान के आगामी चुनावों के मद्देनज़र 'स्वास्थ्य का अधिकार' भी मात्र एक भद्दे मज़ाक से अधिक कुछ भी नहीं है और यह कटु सत्य आने वाला समय स्वतः ही जनता पर उजागर होगा। जो सरकारें 75 वर्ष में नागरिकों को रोटी, कपड़ा, मकान की मूल सुविधाएँ नहीं दे पाई वे 'स्वास्थ्य व शिक्षा के अधिकार' जैसे 'लोली पोप' पकड़ा कर जनता को मूर्ख बनाने का काम करती है। जनता को सरकारों के इस दुष्प्रचार को समझना होगा और यह दबाव बनाना होगा कि सरकार अपने पूरे तंत्र को पूरे 'सिस्टम' को सुधारने का प्रयास करे।

**–अतिथि सम्पादक,**
**कैलाश विहारी वाजपेयी,**
**( स्वतंत्र चिंतक व लेखक )**

# बच्चों की सोच में झलकता वैज्ञानिक नज़रिया



राजेन्द्र मोहन शर्मा

**बच्चों** की अभिरुचि और उनकी समझ के अनुसार उन्हें क्या पढ़ना चाहिए इसको लेकर अभिभावकों सहित शिक्षक अपने अपने तरीके से उन की जरुरतों का समाधान करने की कोशिश करते हैं। मनोवैज्ञानिक भी इस दिशा में अनेक सुझाव देते हैं। लेकिन बाजार के दबाव और साहित्य के नाम पर संस्कार परोसने वालों ने बच्चों पर अपनी भावनाओं और कभी-कभी तो कुंठा को भी बच्चों के आगे परोसने में गुरेज नहीं किया है। क्या सचमुच बच्चे तोता-मैना की कहानी, राजा-रानी, चोर-सिपाही जैसे खेल और उनकी कहानियां और कविताएं सुनना पढ़ना पसंद करते हैं ? दरसल में बच्चों के साथ बैठकर बात करना उन्हें समझना और उनके मनोभावों को गहराई तक परखना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है।

राजस्थान में पंडित जवाहरलाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी का अभी छः माह पहले गठन हुआ और इस दिशा में अकादमी ने जब काम करना शुरू किया तो सबसे पहली चुनौती सामने यही थी कि क्या वही सब सामग्री संजोए और जुटाएं जो प्रचलित है, उपलब्ध या फिर कुछ नए सिरे से विमर्श करें। अनेक विद्वान साथियों के साथ विमर्श के बाद अकादमी ने निश्चय किया कि बच्चे क्या पढ़ना चाहते हैं इसका निर्णय सबसे पहले बच्चों के स्तर पर ही होना चाहिए। यहीं से रास्ता खुला सर्वे करने वाली अनेक एजेंसियों और विशेषज्ञों से बातचीत की इसी दौरान अकादमी के लोगों को विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान विभाग के विद्यार्थियों से भी मिलने का मौका मिला। इसी समूह में युवा विद्यार्थी यश झा और उनका समूह जो 'रुचि' नाम से अपनी एक संस्था चलाते हैं ने बात समझने के बाद अकादमी के सामने एक प्रजन्टेशन दिया और बताया कि हम किशोर किशोरियों के बीच जाकर एक सर्वेक्षण करके फाइन्डिग्स तलाश सकते हैं। अकादमी को यह प्रस्ताव पसन्द आया यद्यपि उन्हे संस्था की क्षमताओं के प्रति संशय था।

आशंका थी कि क्या यह युवा वर्ग अपेक्षाओं के अनुसार सर्वेक्षण में गंभीरतापूर्वक काम कर पाएगा। तथा यह युवा समूह उतनी समझ के साथ अपना काम कर पाएंगे। लेकिन जब यश झा ने अपनी रिपोर्ट पेश की तो वे हैरान रह गए 20-22 साल के शोधकर्ताओं ने लगभग 3 महीने के अथक परिश्रम के बाद राजस्थान के तकरीबन 27 जिलों में 5000 से अधिक स्कूल जाने वाले 11 से 15 साल के बालक बालिकाओं के साथ न केवल संपर्क किया बल्कि उन्हे सर्वेक्षण से जोड़ने का भी विशेष ढंग से काम किया।

उन्होंने अपनी रणनीति के तहत सबसे पहले उच्च क्षमता युक्त योग्य शिक्षकों से परामर्श किया और उनकी सहायता से उत्सुकता एवं उत्तेजक वातावरण ने उन बच्चे के आत्मविश्वास को बढ़ाने और उनके भाषा कौशल पर मदद प्राप्त की। सर्वे कर्ताओं ने पाया कि उनके सहायक शिक्षक यह सुनिश्चित करते रहे कि बच्चों को जो चुनौती दी जाए और वे अच्छी तरह समझें और जानने के बाद सहभागी बनें। सर्वेक्षण कर्ताओं ने पाया कि अधिकांश बच्चे सामाजिक और भावनात्मक विकास के प्रति सचेत थे । पहले बच्चों के साथ विभिन्न प्रकार की गतिविधियों और सीखने की सामग्री और प्रौद्योगिकियों की एक विस्तृत श्रृंखला को शामिल किया फिर छात्रों की सहभागिता को सुनिश्चित किया गया । इस प्रकार लगभग 300 विद्यार्थियों पर आफलाइन काम करने के बाद आगे का सम्पूर्ण सर्वेक्षण आनलाइन मोड में किया गया।

सर्वेक्षण कर्ताओं ने 11 से 15 के बच्चों के लिए जो प्रश्न तैयार किए हैं वे बहुत सीधे और सरल थे साथ ही उनकी संख्या भी सीमित रखी गई। सर्वेक्षण का पहला राहत भरा नतीजा यह है कि लगभग 89 प्रतिशत बच्चे किताबें पढ़ना पसंद करते हैं और वे यह जानते हैं कि उन्हें अपनी अभिरुचि की कौन सी किताब पढ़ना पसंद है। इस नतीजे से बाल साहित्य लेखकों का हौसला बढ़ेगा और युवा होते पाठकों के नजरिए को भी समझने का काम भी आसान होगा। इसी प्रश्न के अगले भाग में बच्चों ने उत्तर दिया है कि वे अपनी पसंद की पुस्तक लाइब्रेरी से जाकर चुन सकते हैं। यहीं पर एक बुनियादी सवाल खड़ा होता है हमारे शिक्षण संस्थान विद्यार्थियों के लिए अपने पुस्तकालय कितने खोलते हैं, कितने पुस्तकालयों में स्तरीय पुस्तके हैं, कितनी किताबें बाल मन को लुभाने में सक्षम हैं। खास तौर पर स्कूल स्तर पर यह समस्या काफी गंभीर है और राजकीय विद्यालयों की तो इस पर बात करना ही बेकार है । मुझे अपने शैक्षिक प्रशासक के रूप में तीन दशक पहले की एक घटना का स्मरण हो रहा है मैं एक विद्यालय में निरीक्षण के लिए पहुंचा और आदत के मुताबिक संस्था प्रधान से जाते ही पूछा आपके यहां पुस्तकालय कहां है? संस्था प्रधान ने बड़े गर्व से कहा कि एक बड़े लोहे के बख्शे में सारी किताबें बंद हैं और ताला लगा है। मैंने उन्हे साथ लिया और कमरे को खुलवाया और बक्से पर जुड़े लोहे के ताले को हटवाया। किताबें बिल्कुल नई थी और संभवत खरीदने के बाद कभी भी पढ़ने के लिए नहीं दी गई थी। मैंने पूछा कि आप इन्हें खुले में क्यों नहीं रखते हैं ताकि बच्चे पसंद करके पढ़ने के लिए ले जा सकें। उन्होंने जवाब दिया कि पुस्तकों के चोरी होने का डर है। शैक्षिक प्रशासनिक अधिकारी होने के नाते मैंने संस्था प्रधान से कहा कि मैं आपको लिखित में यह आदेश देकर जा रहा हूं कि आप इन पुस्तकों को टेबल पर खुले में रखिए और बच्चों को पढ़ने के लिए मुक्त भाव से ले जाने दीजिए। यदि आपके यहां से पुस्तकें चोरी हो जाएं तो आप मुझे रिपोर्ट भेजेंगे। मैं आपका नाम पुरस्कार के लिए संप्रेषित करूंगा। वे हतप्रभ रह गए, मैंने कहा जिस स्कूल में बच्चे किताबें पढ़ने के लिए लालायित हों और उन्हें पढ़ने के लिए न मिले तो यकीनन वे पुस्तकें चोरी करके ले जाना पसंद करेंगे। आप विद्यालय का वातावरण ऐसा बनाइए जहां बच्चे स्वेच्छा से किताबें ले जाएं और समय पर लाकर जमा कर दें कुछ समय बाद वहां सुखद परिवर्तन देखने को मिला।

विज्ञान दृष्टि से सर्वेक्षण का एक नतीजा बहुत चौंकाने वाला निकला 81 प्रतिशत से अधिक बच्चे इंटरनेट, अंतरिक्ष और स्पेस जैसे विषयों के बारे में खोज और उनके संबंध में पढ़ ने के लिए रुचि रखते हैं । इससे निष्कर्ष में हमें यह सोचने के लिए विवश कर दिया कि हमारे पास इन विषयों पर कितने समर्थ और सक्षम लेखक हैं तथा वे बाल मनोविज्ञान की भाषा के अनुरूप खोज परक लेकिन रुचिपूर्ण तरीके से बच्चों को पढ़ ने के लिए सामग्री दे सकें ।

इसी प्रश्न के दूसरे भाग में 70 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों को विज्ञान संबंधी शोध और प्रयोग करना पसंद है। 56 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी विज्ञान संबंधी वीडियो देखते हैं और 37 प्रतिशत विद्यार्थी वास्तविक जीवन की चीजों को देखकर मॉडल बनाते हैं । 18 प्रतिशत विद्यार्थियों ने बताया कि वह विज्ञान संबंधी आलेख भी पढ़ते हैं। अब आप ही बताइए देश की होनहार पीढ़ी मजबूती से विज्ञान की सीढी पर खड़ी होना चाहती है लेकिन हम उन्हें क्या कुछ दे पा रहे हैं। अधिकांश पुस्तकालयों में आज भी जिन किताबों की सप्लाई हो रही है वे पौराणिक रूढ़ि वादी और तथाकथित ऐतिहासिक तथ्यों की ऐसी मनगढ़ंत कहानियां हैं जिनका कोई सिर पैर नहीं है।

ऐसा नहीं है कि विज्ञान की दिलचस्पी के कारण छात्रों में कथा और कथेतर साहित्य संबंधी पुस्तकों को पढ़ ने की दिलचस्पी समाप्त हो गई है। 48 प्रतिशत से अधिक इस आयु वर्ग के बच्चों ने कथा साहित्य में अपनी रुचि प्रस्तुत की है 14 प्रतिशत से अधिक बच्चे कथेतर और 26 दोनों तरह के साहित्य को पढ़ ना चाहते हैं ।

लेकिन एक मजेदार बात अधिकांश विद्यार्थियों ने आधुनिक हास्य प्रधान कार्यक्रमों से जुड़ाव के तौर पर व्यक्त की है वह है कि वह कॉमेडी शैली में पढ़ना। साइंस फिक्शन शैली में पढ़ने वालों की मांग भी कम नहीं है 63 प्रतिशत विद्यार्थी इस रूप में विज्ञान पढ़ना चाहते हैं। इसके साथ ही वे आध्यात्मिक, रहस्य, हॉरर थ्रिलर, एनिमेशन आदि चीजों को भी पढ़ने में रुचि रखते हैं।

81 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों को खेल के मैदान में खेलना पसंद है जो इस तथ्य को झुठलाता है कि इस उम्र के बच्चे अपना अधिकांश समय खेल मैदान के स्थान पर लैपटॉप या मोबाइल में गुजारना चाहते हैं। वास्तविकता यह है कि शहरों में खेल के मैदान नदारद हो गए हैं और जो कुछ बचे हैं वे अतिक्रमण के शिकार हो चुके हैं। सड़क पर खेलना बच्चों की मजबूरी है यह अच्छी तरह समझ आ रहा है। 63 प्रतिशत विद्यार्थियों ने पर्यावरण में हो रहे नकारात्मक परिवर्तन की गतिविधियों को न केवल पहचाना है बल्कि कहा है कि यह मानव जनित दुष्परिणाम है । आप सोच सकते हैं कि इतनी छोटी उम्र के बच्चे भी इतनी बड़े बड़े बड़ी-बड़ी समस्याओं पर कितनी गंभीरता से अपनी पैनी निगाह टिकाए हुए हैं। लगभग 60 प्रतिशत बच्चों को लगता है कि मनुष्य पानी का दुरुपयोग कर रहा है। एक मजेदार बात बच्चों ने अभिव्यक्त कि वह है ऑफलाइन क्लासेज के प्रति रुचि। कोरोना काल में जो बच्चे घरों में कैद होकर रह गए थे और उनका 2 वर्ष से अधिक का समय जिस तरह गुजरा था यह सर्वेक्षण का नतीजा उनके मन के पीड़ा को व्यक्त करता है। लगभग 80 प्रतिशत बच्चों ने कहा कि वे केवल और केवल ऑफलाइन क्लास में ही पढ़ना चाहते हैं। सर्वेक्षण में संस्कृति और पर्यटन स्थल आदि के विषय में भी बच्चों के सकारात्मक विचार सामने आए है। सर्वेक्षण के दौरान अनेक बच्चों ने सर्वेक्षण कर्ताओं को सुंदर रचनात्मक चित्र बनाकर दिए जो उनकी सुंदर अभिव्यक्ति को प्रस्तुत करते हैं ।


**–राजेन्द्र मोहन शर्मा,**
**साहित्यकार, शिक्षाविद् व चिन्तक**

# बूंदी में अंबेडकर सर्किल पर गंदगी के ढेर और अतिक्रमण, प्रशासन मौन

**बूंदी,** (निसं)। 14 अप्रैल पूरे भारत में संविधान के निर्माता बाबा साहब अंबेडकर के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन पूरे देश में जगह-जगह पर बाबा साहेब की स्मृतियों में प्रशासनिक अधिकारियों, राजनेताओं और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और अनुयायियों द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित कर बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने के संदेश दिए जाते हैं। लेकिन उन संदेशों और शिक्षाओं पर अमल करने की बात औपचारिकता मात्र होती है। बाबा साहेब की जन्म जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम मात्र औपचारिकता नहीं होती तो लंका गेट के बाहर स्थित अंबेडकर सर्किल अपनी बदहाली पर आंसू नहीं बहा रहा होता। एक तरफ चौराहे के मध्य सर्किल में बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा मौजूद है, वहीं चौराहे के चारों तरफ स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण सहित गंदगी के ढेर लगे हुए है।

प्रतिमा पर बने सर्किल की टूटी हुई रैंलिंग और रैलिंग पर सूखें हुए कपड़े इसकी दुर्दशा को बयान करते है। सर्किल से लंकागेट की तरफ वाले रोड़ के दोनों तरफ 30 फीट से भी ज्यादा अतिक्रमण कर दुकानदारों ने अपना सामान फैला कर रखा है।

वहीं पुरानी धानमंडी की ओर स्थित नालें की स्थिती नगर परिषद् के सफाई दस्तें की बेरूखी को बयान करती है। वहीं क्षेत्रवासी दुकानदारों का कहना हैं कि चौराहे पर हो रहे अतिक्रमणों के चलते पक्की दुकाने दबी हुई नजर आती हैं। सिलोर रोड़ की तरफ कहीं बार जाम जैसे हालात बन जाते हैं। यहां यातायातकर्मियों की कमी भी और अतिक्रमण हादसों का कारण बने रहते है।




बुंदी के लंका गेट के बाहर स्थित अंबेडकर सर्किल के आसपास अतिक्रमणों की भरमार है।

- **प्रशासनिक बेरूखी के चलते अंबेडकर सर्किल की हालत बदतर हो रही है**
- **देखरेख के अभाव में रैंलिंग टूटी हुई हैं, प्रतिमा का कलर उड़ चुका है**
- **लंका गेट के बाहर स्थित अंबेडकर सर्किल अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है**

कायाकल्प के नाम पर मिले कोरे आश्वासन : इस सर्किल पर वर्ष में तीन बार अंबेडकर जयंति, परिनिर्वाण दिवस और संविधान दिवस पर प्रशासनिक और सामाजिकसंस्थाओं द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन कर बाबा साहब को श्रद्धांजलि दी जाती हैं, और कायाकल्प के बड़े बडे आश्वासन दिए जाते हैं, लेकिन वे सब समय निकलने के हवाई हो जाते हैं।

डॉ.भीमराव अंबेडकर कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष बाबू लाल वर्मा का कहना है कि चौराहे के सौंदर्यीकरण और अतिक्रमणों को हटाने के लिए कई बार नगर परिषद सभापति आयुक्त और जिला प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करवाया गया हैं, लेकिन कार्यवाही और कायाकल्प के नाम पर कोरे आश्वासन के अलावा अब तक कुछ नहीं हुआ है।

जिलाध्यक्ष बाबू लाल वर्मा ने कहा कि अंबेडकर सर्किल की दुर्दशा को देख कर इसके कायाकल्प के लिए समिति इस चौराहे को गोद लेने को तैयार हैं। इसके लिए कई मर्तबा नगर परिषद् के लिखित दे चुके हैं, लेकिन गोद देने में नगर परिषद न कोई रूचि दिखा रहा हैं और नहीं इसके सौंदर्यीकरण में। कार्याकल्प के स्थान पर लगातार बढ़ते अतिक्रमण और गंदगी के ढेर चौराहे की बदहाली को बढ़ा रहे है। 2022 में आयोजित अंबेडकर जयन्ति के कार्यक्रम में मौजूद सभापति मधु नुवाल और पूर्व मंत्री हरिमोहन शर्मा ने 1 वर्ष में अंबेडकर सर्किल के कार्याकल्प की बात कहा थी, लेकिन वर्षपर्यन्त कोई कार्य यहां नहीं हुआ है।


एडवोकेट उमेश आर्य ने बताया कि डॉ. अंबेडकर शैक्षिक जागृति एवं अधिकार समिति और डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी द्वारा पिछले दिनों 20 मार्च को जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंप कर सर्किल की दुर्दशा को सुधारने सहित स्टील की रैंलिंग लगवाने और सीढ़ियों के निर्माण की मांग की है। ऐसा ही ज्ञापन 2022 में भी जिला कलक्टर को सौंपा गया था, लेकिन प्रशासनिक बेरूखी के चलते अंबेडकर सर्किल की हालत बदतर हो रही हैं। उमेश आर्य कहते हैं कि यह सर्किल शहर का दूसरा बडा सर्किल हैं, जिसका योजनाबद्ध रूप से सौंदर्यीकरण करवा कर दशा सुधारी जा सकती है। लेकिन किसी का कोई ध्यान इस ओर नहीं है।

उक्त मामले में नगर परिषद सभापति मधु नुवाल और आयुक्त महावीर सिसोदिया से पक्ष जाने के लिए कई बार संपर्क करने की कोशिश की गई। लेकिन हर बार प्रयास विफल रहा। इन दोनों जिम्मेदार पदाधिकारियों के कॉल नहीं उठाने से इनका पक्ष नही मिल पाया।

बाबू लाल वर्मा, जिला अध्यक्ष, अंबेडकर कल्याण समिति ने बताया कि अंबेडकर सर्किल पर लगे गंदगी के ढ़ेर और अतिक्रमण के चलते प्रतिमा की छवि धुमिल हो रही है। देखरेख के अभव में रैंलिंग टूटी हुई हैं, प्रतिमा का कलर उड़ चुका है। कायाकल्प के नाम पर केवल कोरे आश्वासन ही मिल रहे है।

उमेश आर्य, महासचिव, डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी ने बताया कि अंबेडकर सर्किल पर सौंदर्यीकरण होना चाहिए। कायाकल्प के नाम पर जयंति के एक दिन पूर्व साफ सफाई करवा कर मात्र खानापूर्ति करता है। प्रतिमा पर माल्यार्पण के लिए भी जुगाड़ करना होता हैं, ऐसे में यहां स्थाई तौर पर सीढी का निर्माण भी होना चाहिए और सर्किल की बदहाली के कारण अतिक्रमणों पर नकेल कसनी चाहिए।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**गुरूवार 13 अप्रैल, 2023**

वैशाख मास, कृष्ण पक्ष, अष्टमी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2080, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र दिन 10:43 तक, शिव योग दिन 12:32 तक, बालव करण दिन 2:41 तक, चन्द्रमा सांय 4:22 से मकर राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मीन, चन्द्रमा-धनु, मंगल-मिथुन, बुध-मेष, गुरू-मीन, शुक्र-वृष, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।


आज कालाष्टमी है। स्थिर योग 10:43 से सूर्योदय तक है। आज बूढ़ा बास्योढ़ा (शीतलाष्टमी), शहादते-ए-हजरत अली है।


**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:44 तक, चर 10:53 से 12:28 तक, लाभ-अमृत 12:28 से 3:38 तक, शुभ 5:13 से सूर्यास्त तक।


**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:09, सूर्यास्त 6:46


### मेष


परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### वृष

अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। मित्रों/रिश्तेदारों से अनबन हो सकती है।

### मिथुन

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कर्क

व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

### सिंह

परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। आपसी ईर्ष्या-वैमनस्यता के कारण परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।


### कन्या

घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

### तुला

व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।


### वृश्चिक


आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

### धनु

पिछले कुछ समय से चल रहा मानसिक तनाव दूर होगा। मन:स्थिति ठीक रहेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

### मकर

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। मित्रों/रिश्तेदारों से संबंध खराब हो सकते हैं।


### कुंभ

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मीन

व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा।

# प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को वीसी के जरिये वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को रवाना किया। जयपुर जंक्शन पर आयोजित समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हरी झण्डी दिखाई।



प्रदेश को पहली वंदे भारत ट्रेन की सौगात देने पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का गले लगाकर भाजपा के उप नेता प्रतिपक्ष डॉ.सतीश पूनिया ने अभिनंदन किया। इस मौके पर राजसमंद सांसद दीया कुमारी भी मौजूद थीं।

**जयपुर (का.सं.))** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का आज उद्घाटन किया। मोदी ने नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हरी झंडी दिखाकर इसे जयपुर रेलवे स्टेशन से रवाना किया। प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करने के अवसर पर जयपुर जंक्शन पर आयोजित समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी सम्मिलित हुए। इस मौके जयपुर जंक्शन से वंदे भारत एक्सप्रेस को मिश्र, गहलोत और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हरी झण्डी दिखाई।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुटकी लेते हुए कहा कि अशोक गहलोत सियासी संकट से गुजर रहे हैं, इसके बावजूद समय निकालकर वे यहां विकास के काम में पहुंचे हैं, इसलिए उनका विशेष रूप से आभारी हूं, उनका स्वागत करता हूं। मोदी ने यहीं नहीं थमे, उन्होंने गहलोत के दोनों हाथों में लड्डू होने की बात कही। फिर कहा कि आपके रेलमंत्री और रेलवे बोर्ड के चेयरमैन दोनो राजस्थान के हैं। गहलोत को मुझ पर बहुत भरोसा है इसलिए 70 साल के कामों को मेरे भरोसे छोड़ दिया।

उन्होंने कहा "बीते दो महीनों में ये छठी वंदेभारत ट्रेन एक्सप्रेस है जिसे हरी झंडी दिखाने का मुझे सौभाग्य मिला है। तेज रफ्तार वंदे भारत की सबसे बड़ी विशेषता है, कि यह लोगों का समय बचा रही है। और एक स्टडी है कि एक वंदे भारत की यात्रा करने पर लोगों के कुल मिलाकर, हर ट्रिप में करीब-करीब ढाई हजार घंटे बचते हैं।

कार्यक्रम के बाद मिश्र ने राजस्थान को पहली वंदे भारत ट्रेन मिलने को सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण की दिशा में किए जा रहे दूरगामी कार्यों के अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं।

कार्यक्रम में संबोधित करते हुये विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने राजस्थान में रेलवे की मजबूती को लेकर तेजी के साथ किये जा रहे विकास कार्यों के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव का राजस्थान प्रदेश की जनता की तरफ से आभार-अभिनंदन व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ.पूनियां और अश्विनी वैष्णव ने गले लगकर वंदे भारत ट्रेन की राजस्थान में शुरूआत के लिये एक-दूसरे को बधाई दी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार-अभिनंदन व्यक्त किया। डॉ. पूनियां ने कहा कि, अश्विनी वैष्णव ने रेलवे में क्रांति का सूत्रपात किया है, इन्हें धन्यवाद देता हूं कि अपनी ससुराल जयपुर को वंदे भारत की सौगात दी है।

इस अवसर पर जयपुर रेलवे स्टेशन कर आयोजित कार्यक्रम को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने संबोधित किया। इस अवसर पर राज्यपाल कलराज मिश्र, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, उपनेता प्रतिपक्ष डा सतीश पूनियां, सांसद रामचरण बोहरा, सांसद दीया कुमारी एवं विधायक अशोक लाहौटी आदि मौजूद थे।

# दुष्कर्म के अभियुक्त को बीस साल की सजा

**■ जांच अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करें डी.जी.पी. : अदालत**

**जयपुर, (का.सं.)।** जिले की पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त रंगलाल उर्फ मुकेश को बीस साल की सजा सुनाई है। अदालत ने अभियुक्त पर दो लाख बीस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। वहीं अदालत ने प्रकरण में सह आरोपियों के खिलाफ जांच पूरी नहीं करने पर डीजीपी को जांच अधिकारी पर कार्रवाई करने को कहा है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि प्रकरण में अन्य आरोपियों के खिलाफ जांच लंबित है, लेकिन जांच रिपोर्ट अब तक अदालत में पेश नहीं की गई। जबकि अभियुक्त के खिलाफ प्रकरण का निस्तारण किया जा रहा है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक विजया पारीक ने अदालत को बताया कि 17 सितंबर 2021 को पीड़िता के पिता ने जमवारामगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि अभियुक्त रंगलाल व उसके साथी दिनेश, रिंकू, हंसराज, सागर वर्धन और शंकर माली उसकी नाबालिग बेटी को परेशान करते हैं। आज उसकी बेटी के स्कूल जाने के दौरान आरोपियों ने उसे पकड़ लिया और छेडछाड़ करते हुए मोटर साइकिल पर जबरन ले जाने लगे। इस दौरान उसके चिल्लाने पर राहगीरों ने आरोपियों को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। सुनवाई के दौरान पीडिता ने अदालत को बताया कि घटना से पहले अगस्त माह में रात के समय रंगलाल ने उसे फोन कर बाहर बुलाया और सुनसान इलाके में ले जाकर दुष्कर्म किया था। इसके बाद घटना के दिन तक रंगलाल ने उसके साथ दो बार और बलात्कार किया व घटना की जानकारी देने पर भाई और पिता को जान से मारने की धमकी दी। वहीं बचाव पक्ष की ओर से कहा गया कि वह दिव्यांग है और लकड़ी के सहारे चलता है। पीड़ित पक्ष ने अन्य आरोपियों से राजीनामा कर उसे फंसा दिया। इसके अलावा एफएसएल व डीएनए रिपोर्ट में उसके खिलाफ नहीं है। ऐसे में उसे बरी किया जाए। इस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने अभियुक्त को सजा सुनाते हुए जांच अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है।

# डॉ. पूनियां ने कक्षा कक्ष व शौचालय का उद्घाटन किया

**जयपुर।** विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने आमेर विधानसभा क्षेत्र के आमेर शहर में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय (कुंडा) में नवनिर्मित 6 कक्षा कक्ष एवं शौचालय सुविधाओं का उद्घाटन किया।

यह नवनिर्मित 6 कक्षा कक्ष एवं शौचालय सुविधाओं का विकास कार्य राउण्ड टेबल संस्था के सहयोग से संपन्न हुआ है। डॉ. पूनियां ने संबोधित करते हुये कहा कि, आमेर विधानसभा क्षेत्र हर सेक्टर में तरक्की कर रहा है और मेरा लक्ष्य है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, रोजगार, पर्यटन इत्यादि सभी सेक्टर्स में आमेर विकास का आधुनिक मॉडल बनकर पूरे प्रदेश के लिये प्रेरणा बने, इसी प्रतिबद्धता के साथ विकास कार्य किये जा रहे हैं।

विशेषकर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की मजबूती हमारी प्राथमिकता है, जिसके लिये विधायक कोष, भामाशाहों व सीएसआर के सहयोग से आमेर विधानसभा क्षेत्र के तमाम राजकीय विद्यालयों में सुसज्जित भवन, क्लासरूम, डिजिटल क्लासरूम, खेल मैदान, खेल सामग्री, ई-लाइब्रेरी, शौचालय सुविधा इत्यादि विकास कार्य करवाये गये हैं।

वहीं स्वास्थ्य सुविधाओं की मजबूती के लिये आमेर सेटेलाइट अस्पताल को आधुनिक एम्बुलेंस, जालसू आदर्श सीएचसी को आधुनिक एम्बुलेंस एवं जरूरी स्वास्थ्य उपकरण इत्यादि सुविधाओं का विस्तार करने के साथ ही विभिन्न पीएसची में भी स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूती प्रदान की गई है, जिससे आमजन को काफी राहत मिल रही है। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, कुंडा में आयोजित उदघाटन कार्यक्रम में सतीश पूनियां, राउण्ड टेबल इंडिया के नेशनल प्रेसिंडेंट मनीष लाखोटिया, चेयरपर्सन मनोज भंसाली, सेक्रेटरी निहार गुप्ता, प्रिंसिपल डॉ. ओमश्री राठौड़, प्रधानाध्यापक दिनेश चंद मीणा, निवर्तमान प्रधानाध्यापक नारायणलाल सैनी सहित विद्यार्थी, स्कूल स्टाफ एवं स्थानीय आमजन उपस्थित रहे।

# हाई कोर्ट ने पृथ्वीराज नगर में बिजली कनैक्शन पॉलिसी पर सरकार से जवाब तलब किया

## राजस्थान हाई कोर्ट ने पृथ्वीराज नगर सोसायटी पट्टों पर बिजली कनैक्शन नहीं देने के मामले पर सरकार से पूछा

**■ राजस्थान हाई कोर्ट ने कहा कि, क्या पृथ्वीराज नगर योजना और कच्ची बस्ती में बिजली कनैक्शन देने की सरकार की नीति व जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की नीति अलग-अलग है।**

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने शहर की पृथ्वीराज नगर योजना में सोसायटी पट्टों पर बिजली कनैक्शन नहीं देने से जुड़े मामले में राज्य सरकार से पूछा है कि, क्या पी.आर.एन. व कच्ची बस्ती में बिजली कनैक्शन देने के लिए उनकी व जे.वी.वी.एन.एल. की पॉलिसी अलग है। इसके साथ ही अदालत ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित कमेटी की उस मीटिंग के मिनट्स भी पेश करने को कहा है, जिसमें पी.आर.एन. में सोसायटी पट्टों पर बिजली कनैक्शन देने से मना किया गया था। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश कैलाश चन्द्र शर्मा व अन्य की याचिका पर दिए।

सुनवाई के दौरान अदालती आदेश के पालना में जे.वी.वी.एन.एल. के एम.डी. वीसी के जरिए पेश हुए। अदालत ने उनसे पूछा कि क्या वे पी.आर.एन. में बिजली कनैक्शन देने के लिए अधिकृत हैं या नहीं। जिस पर एम.डी. ने कहा कि कच्ची बस्ती वाले भी हमसे बिजली कनैक्शन मांगते हैं तो जनसंख्या को देखते हुए उन्हें कनैक्शन दिए जाते हैं, लेकिन पी.आर.एन. में कनैक्शन के लिए सरकार ने मना कर रखा है। इस पर अदालत ने उनसे पूछा कि, किस आदेश से मना किया गया है। इस पर एम.डी. ने कहा कि पूर्व में सीएस की अध्यक्षता में मीटिंग हुई थी और उसमें ही पी.आर.एन. में सोसायटी पट्टों पर कनैक्शन नहीं देने का निर्णय हुआ था। इस दौरान जे.डी.ए. के अधिवक्ता पुनीत सिंघवी ने कहा कि यदि सोसायटी पट्टों पर बिजली कनैक्शन दिए गए तो पी.आर.एन. में विकास नहीं हो पाएगा। दूसरी ओर जे.वी.वी.एन.एल. के अधिवक्ता ने कहा कि यदि निर्माण अवैध है तो उसे तोड़ा क्यों नहीं गया। वहीं राज्य सरकार के ए.ए.जी. आर.पी. सिंह ने कहा कि, सोसायटी पट्टों पर बिजली कनैक्शन दे दिए तो कोई जे.डी.ए. से पट्टे नहीं लेगा और इससे राजस्व का नुकसान होगा। अदालत ने सभी पक्षों को सुनकर मामले की सुनवाई 15 मई तय करते हुए राज्य सरकार को बिजली कनैक्शन देने की पॉलिसी व पी.आर.एन. में कनैक्शन नहीं देने के मिनट्स पेश करने के आदेश दिए। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता प्रहलाद शर्मा ने बताया कि, पिछली सुनवाई पर अदालत ने राज्य सरकार से पूछा था कि पी.आर.एन. में सोसायटी पट्टों पर बिजली कनैक्शन देने या नहीं देने के संबंध में उनकी क्या मंशा है, लेकिन इस सवाल का जवाब नहीं देने पर अदालत ने जे.वी.वी.एन.एल. के एम.डी. को हाजिर होने के लिए कहा था। याचिकाओं में कहा गया है कि राजस्थान बिजली एक्ट की धारा 43 के तहत याचिकाकर्ताओं को बिजली कनैक्शन दिया जाए और यह उनका अधिकार है व इसे रोका नहीं जा सकता। पी.आर.एन. में पूर्व में सोसायटी पट्टों पर बिजली कनैक्शन दिए हैं, इसलिए उन्हें भी कनैक्शन दिए जाए।

# म्यूजिकल कंसर्ट में थिरकेंगे लोग

**जयपुर (कासं)।** आगामी रविवार की शाम एनआरआई क्लब-21 के आवेदकों के लिए सुरमई होने वाली है। 16 अप्रेल को शाम 7 बजे बॉलीवुड के मशहूर मीत ब्रदर्स की जोड़ी और सिंगर खुशबू ग्रेवाल जयपुर के प्रतापनगर स्थित एनआरआई कॉलोनी में म्यूजिकल कंसर्ट में दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर देंगे।

आवासन आयुक्त और एनआरआई क्लब-21 के अध्यक्ष पवन अरोड़ा ने बताया कि इस म्यूजिकल कंसर्ट का लुत्फ क्लब की सदस्यता के लिए आवेदन कर चुके और आवेदन करने वाले आवेदक ही उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि आवेदक क्लब परिसर से 12 से 15 मार्च तक प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे के बीच निशुल्क पास प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि क्लब के आवेदकों के लिए कंसर्ट के साथ गाला डिनर की व्यवस्था भी की गई है। अरोड़ा ने बताया कि कंसर्ट की थीम टाइ योर लेसेस, टू टैप योर स्टेप्स ऑन डांस फ्लोर रखी गई है। उन्होंने बताया कि अन्तरराष्ट्रीय मापदंडों के आधार पर विकसित होने वाले क्लब हाउस में 25 कमरे बनाए जाएंगे, जहां स्पॉर्टस सुविधाओं के साथ, बार, ऑल वेदर स्विमिंग पूल और अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि निजी सहभागिता के आधार पर ही यहां साजसज्जा, फर्नीचर्स सहित जरूरी सुविधाएं विकसित कर क्लब-21 को विकसित किया जाएगा।

# जयपुर बम ब्लास्ट में सरकार की ओर से कमजोर पैरवी का विरोध

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जयपुर में 2008 में हुए बम ब्लास्ट में मारे गए बेगुनाह लोगों के अपराधियों को मुख्य रूप से कांग्रेस सरकार की कमजोर पैरवी के चलते वीभत्स कृत्य करने वाले अपराधियों को छोड़ने पर भाजपा द्वारा जयपुर शहर के रामलीला मैदान में बम ब्लास्ट में मारे गए बेगुनाहों के परिजन और भाजपा के हजारों कार्यकर्ताओं के साथ धरना दिया।

साथ ही सांगानेरी गेट से हनुमान मंदिर तक मशाल जुलूस व कैंडल मार्च निकाला गया। मंच के माध्यम से पीड़ित परिवार की महिला ने कहा कि ऐसे बड़े अपराध करने वालों को भी बेगुनाह मान छोड़ दिया जाए तो इससे ज्यादा दुख का विषय नहीं हो सकता।


रामलीला मैदान में हुए इस सामूहिक पीड़ितों द्वारा अपनी वेदना में साधु संत भी मौजूद रहे। एक संत ने कहा कि इस पीड़ा को पैरवी करने वाली कांग्रेस सरकार को महसूस करना चाहिए साथ ही संपूर्ण साधु-संत परिवार पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है।

प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कार्यक्रम में पहुंचे पीड़ितों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपने उद्बोधन में संत समाज को प्रणाम करते हुए पीड़ितों के दुख में संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि दुर्भाग्य है कि जिस प्रकार की चित्कार गुलाबी नगरी में उठी थी गुलाबी नगरी लाल हो गई थी, जहां 71 लोगों की जान चली गई। साथ ही 185 लोग घायल हुए थे, खून का तांडव जयपुर की जनता देख रही थी बेगुनाहों के मांस के लोथड़े पड़े हुए थे, जहां एक और सेशन कोर्ट में अपराधियों के खिलाफ 28 लोगों के बयान होते हैं और इन अपराधियों को फांसी की सजा होती है लेकिन आज यह 28 बयान देने वाले लोग कहां चले गए और साथ ही कांग्रेस के कुशासन में कमजोर पैरवी के चलते आज इन बेगुनाहों के हत्यारों को छोड़ दिया गया।

प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा एक ओर जहां कांग्रेस सरकार आतंकवादियों के लिए बड़े-बड़े वकील खड़े कर सकती है तो जयपुर के भी बम ब्लास्ट के अपराधियों के लिए अच्छे वकील क्यों नहीं खड़े कर सकी। इस फैसले से समझ आता है की कांग्रेस सरकार निश्चित रूप से हिंदू विरोधी सरकार है कभी रामनवमी पर रोक लगाती है, तो कभी कन्हैया जैसे व्यक्तियों को बचा पाने में असफल। जनता के साथ भाजपा का परिवार हमेशा इन बेगुनाह लोगों के साथ खडा है।

नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा यह मंच कोई राजनीतिक मंच नहीं इतने सारे लोगों की वेदना प्रकट करने वाला मंच है जिसमें पीडितों के माध्यम से बहरी कांग्रेस सरकार को सुनाना ही पड़ेगा, उस बहन की पीड़ा मां की कृंदन, उस पिता की पीड़ा को यदि कांग्रेस सरकार समझती तो आज कमजोर पैरवी के चलते इन गुनाहगारो को बाइज्जत बरी नहीं कर बल्कि निश्चित रूप से फांसी के तख्ते पर ही पहुंचाती।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने कहा उस रात को बम ब्लास्ट हुआ था एसएमएस अस्पताल के बाहर लोगों की खून देने के लिए कतार लग गई थी, लेकिन आज उसी के विपरीत उन्हें गुनहगारों को जिन्होंने उन बेगुनाहों का खून लिया था उनको छोड़ना बहुत ही दुख का विषय है।



सरकार की कमजोर पैरवी के विरोध में भाजपा ने पीड़ित परिवारों के साथ रामलीला मैदान से सांगानेरी गेट हनुमान मंदिर तक कैंडल मार्च निकाला।

# अधिवक्ता संरक्षण विधेयक राष्ट्रपति को भेजा

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने बुधवार को राज्य विधानसभा द्वारा पंद्रहवी राजस्थान विधानसभा के अष्टम सत्र में 21 मार्च को पारित "राजस्थान अधिवक्ता संरक्षण विधेयक 2023" को केंद्रीय अधिनियम के प्रावधानों के संशोधन से संबंधित होने के कारण राष्ट्रपति को विचारार्थ भेजा है। राज्यपाल मिश्र ने बताया कि चूंकि विधानसभा द्वारा पारित इस विधेयक पर भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 के उपबंध लागू होते हैं, इसलिए इसे राष्ट्रपति को विचारार्थ प्रेषित किया गया है।


नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।



**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ब्रजमोहन मोदी की डोलोमाइट एवं मेसेनरी स्टोन खनन परियोजना एम.एल.नं. 37/1981(10/01 पुराना) नि. ग्रा. अजीतपुरा, तह. कोटपूतली, जिला जयपुर, एरिया 24.80 हेक्टेयर, क्षमता 810890 टीपीए (ROM) की पर्यावरणीय स्वीकृती SEIAA, Rajasthan द्वारा पत्र क्रमांक F1(4)/ SEIAA/ SEAC-Raj/ Sectt/ Project/ Cat.B1(22275)/2021-22 Jaipur दिनांक 10.04.2023, EC Identification no. EC23B001RJ168092, FILE NO.-17903 को जारी हुई है। स्वीकृती की प्रतिलिपि राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के कार्यालय व वेबसाईट व https://www.environment.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम अभिमन्यु सिंह से बदलकर अभिमन्यु सिंह जाखड़ पुत्र राजेन्द्र सिंह जाखड़ रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे निवासी- 175, AWHO कॉलोनी, खण्डेलवाल टावर्स के पास, अम्बाबाडी, जयपुर

मैं सरोज कंवरपति श्री JC No. 469076Y ओनी कैप्टन कैलाश सिंह शेखावत, मु.पो. टसकोला, तह. पावटा, जिला- जयपुर राजस्थान की रहने वाली हूँ। मेरा नाम मेरे पति कैलाश सिंह शेखावत के ऑफिसियल दस्तावेजात में कुमारी सरोज कंवर दर्ज है। जबकि मेरा वास्तविक नाम सरोज कंवर है। मेरी जन्म तारीख 05 नवम्बर 1965 है। ये दोनों नाम मेरे ही है। आगे से मुझे सरोज कंवर नाम से जाना जाए।

मेरे आर्मी रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम सुशील देवी (Sushil Devi) गलत दर्ज है। मेरे पत्नी का सही नाम सुशील चौहान (Sushil Chauhan) है। JC no. 343369X Sub प्रदीप कुमार, गांव-वसुन्डा, पोस्ट-खण्डेवला, जिला-गुडगांवा, स्टेट- हरियाणा-122504

I Ruvee Pal W/o Army No 15692680M Hav Rakesh Kumar Pal R/o Vill. Chandel Cold store Dist Mainpuri UP 205001 have changed my name from Rubee Pal to Ruvee Pal (DOB 15-07-1988) for all future purpose.

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अभिभाष्य मेहराज कुरैशी पुत्र मांग्या कुरैशी, निवासी-प्लॉट नम्बर- 97, कुरैशी कॉलोनी, चांदपोल बाजार, जयपुर का रहने वाला है, जिनका पुत्र शोएब कुरैशी व पुत्रवधु श्रीमती अफसाना, हाल किरायेदार-बंधा बस्ती, नाहरी का नाका, शास्त्री नगर, जयपुर मेरे अभिभाष्य के कहे में नहीं है और परिवार के खिलाफ अनुचित गतिविधियों में लिप्त है। इस कारण मेरा अभिभाष्य अपने पुत्र व पुत्रवधु को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है, आज के पश्चात मेरे अभिभाष्य के पुत्र व पुत्रवधु से मेरे अभिभाष्य व उसके परिवार का कोई संबंध नहीं है एवं सम्पत्ति में उनका कोई हक व अधिकार नहीं होगा और जो कोई इस दम्पत्ति से किसी प्रकार का संव्यवहार व लेन-देन करेगा वो अपनी स्वयं की जिम्मेदारी पर करेगा।
जयपुर (फारूक अली) एडवोकेट
दिनांक-04.04.2023 मो.9950570608

**खोया पाया**

मेरा प्लाट नम्बर 71, खण्डेलवाल नगर-सी, आगरा रोड, जयपुर के सोसायटी का आवंटन पत्र, रसीद, साईड प्लान व जेडीए में नाम दर्ज पत्र इत्यादि कागजात गुम हो गये है। कागजात मिलने पर सूचित करें। श्रीमती कान्ता देवी शाह मो.9829050791

**आम सूचना** मेरे अभिभाष्यगण (1) अर्चना मुंदडा (2) श्री मनोज कुमार निवासीगण-सुमेरपुर, पाली व (3) मयंक सारडा, निवासी गंगा शहर जिला बीकानेर की ओर से उनके निर्देशानुसार जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि मकान नम्बर 51-ए, भगत वाटिका द्वितीय, सिविल लाईन, जयपुर को क्रय करने का इकरारनामा मेरे अभिभाष्यगण द्वारा श्री रमाकान्त शर्मा, विष्णुकान्त शर्मा व मनोज कुमार शर्मा से दिनांक 18.06.2022 ईस्वी को किया हुआ है। उक्त इकरारनामा वर्तमान में अस्तित्व में है इसलिए उक्त मकान नम्बर 51-ए, के सम्बन्ध में कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था कोई संव्यवहार अथवा करार नहीं करें।
(अब्दुल समद) एडवोकेट, मो. 9829785786

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय **राजस्थान आवासन मण्डल**
अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id : dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in, Phone No. 0141-2782772
क्रमांक : DHC-II/55 दिनांक : 12-04-2023

**जाहिर आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या- 94/212, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 252.00 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्री धर्मवीर चौपड़ा पुत्र श्री सेवाराम चौपड़ा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र कमांक 4793 दिनांक 26.03.1991 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 01.08.1991 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र कमांक 720 दिनांक 20.05.2005 के द्वारा श्री धर्मवीर चौपड़ा पुत्र श्री सेवाराम चौपड़ा के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। तत्पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र कमांक 882 दिनांक 02.06.2008 के द्वारा श्री धर्मवीर चौपड़ा एवं श्री अनिल चौपड़ा का संयुक्त नाम दर्ज कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 19.09.2013 को करवाया गया। इसके पश्चात श्री धर्मवीर चौपड़ा की मृत्यु दिनांक 31.08.2017 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री अनिल चौपड़ा पुत्र स्व. श्री धर्मवीर चौपड़ा ने 1/2 अविभाजित हिस्से का मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक- श्री अनिल चौपड़ा पुत्र स्व. श्री धर्मवीर चौपड़ा के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है। सम्पदा प्रबंधक- वृत द्वितीय, जयपुर

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/1201 दिनांक-14.08.19

**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 81/ए-402, मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 41.060 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्री हरिशंकर शर्मा पुत्र श्री जानकी लाल शर्मा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 3487 दिनांक 21.08.2018 को जारी किया गया। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 897 दिनांक 10.07.2019 के द्वारा श्री हरीशंकर शर्मा की मृत्यु दिनांक 09.02.2017 को हो जाने कारण इनके पुत्र श्री सुरेश कुमार शर्मा पुत्र स्व. श्री हरिशंकर शर्मा ने रिफण्ड एवं मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। श्री सुरेश कुमार शर्मा पुत्र स्व. श्री हरिशंकर शर्मा के द्वारा मण्डल अभिलेख में उक्त आवास का मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण एवं रिफण्ड अपने पक्ष में करने का निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री सुरेश कुमार शर्मा पुत्र स्व. हरिशंकर शर्मा के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/61 दिनांक-12.04.23

**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा निरस्त वाणिज्यिक भूखण्ड संख्या एफ-11 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 21.06 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्री घासी लाल शर्मा पुत्र स्व. सूरज मल शर्मा निवासी 3-छ-16 जवाहर नगर, जयपुर को को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 3890 दिनांक 23.09.2000 को जारी किया गया। तत्पश्चात इस भूखण्ड का आवंटन निरस्त कर रिफण्ड की कार्यवाही मण्डल द्वारा करी गई थी इसके पश्चात श्री घासी लाल शर्मा की मृत्यु दिनांक 18.10.2014 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री आलोक शर्मा पुत्र स्व. श्री घासी लाल शर्मा हाल निवासी हाल निवासी बी-21 सेठी कॉलोनी जयपुर ने मृत्यु पश्चात रिफण्ड राशि से संबंधित प्रपत्र एवं वसीयतनामा प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त निरस्त भूखण्ड की राशि को अपने नाम से प्राप्त करने हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त भूखण्ड की जमा राशि को अपने स्वयं के नाम से मण्डल द्वारा प्राप्त करने हेतु किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री आलोक शर्मा पुत्र स्व. श्री घासी लाल शर्मा के पक्ष में उक्त निरस्त भूखण्ड बकाया राशि की रिफण्ड की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/67 दिनांक-12.04.203

**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 91/59 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 162.00 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्री श्रीचन्द पुत्र श्री चेतन दास को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 3984 दिनांक 10.12.1989 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 25.06.1990 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 541 दिनांक 11.07.2003 के द्वारा श्री श्रीचन्द पुत्र श्री चेतन दास के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 5.08.2003 को करवाया गया। श्री श्रीचन्द द्वारा आवास का बेचान जरिये विक्रय पत्र के श्रीमती पुष्पा गुप्ता पत्नी श्री शिव कुमार गोयल को कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के विक्रय प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयन जयपुर में दिनांक 01.09.2003 को करवाया गया। इसके पश्चात श्रीमती पुष्पा गुप्ता की मृत्यु दिनांक 30.06.2020 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री गौरव गोयल पुत्र स्व. श्री शिव कुमार गोयल ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री गौरव गोयल पुत्र स्व. श्री शिव कुमार गोयल के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक-DHC-II/59 दिनांक-12.04.2023

**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 62/239 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 30.75 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्री मोती लाल पुत्र श्री मेघूमल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 7660 दिनांक 04.01.1989 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 01.03.1989 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 1550 दिनांक 11.07.2007 के द्वारा श्रीमती शान्ति देवी पत्नी श्री वासुदेव लखवानी के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 29.07.2013 को करवाया गया। इसके पश्चात श्रीमती शान्ति देवी की मृत्यु दिनांक 30.01.2023 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री राकेश कुमार लखवानी पुत्र श्री वासुदेव लखवानी ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री राकेश कुमार लखवानी पुत्र श्री वासुदेव लखवानी के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**कार्यालय नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर ( राज. )**
No.:F-2(01)Acct/Contract/2023-24/10-12 Date: 10-04-2023

**ई-निविदा सूचना संख्या : 03/2023-24**

नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा कार्यो की कुल लागत | : | रूपये 100.79 लाख (06 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि | : | 13-04-2023 को प्रातः 10.00 बजे से 24-04-2023 को सांय : 6.00 बजे तक |
| Online EMD Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी | : | 13-04-2023 को प्रातः 10.00 बजे से 24-04-2023 को सांय : 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी | : | 25-04-2023 को प्रातः 11.00 बजे |

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN: ITU2324WSOB00027, ITU2324WSOB00028, ITU2324WSOB00029, ITU2324WSOB00030, ITU2324WSOB00031, ITU2324WSOB00032

अधिशाषी अभियंता- विद्युत नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर

# मालपुरा को जिला बनाने की मांग, सिंधी समाज ने पैदल मार्च निकाला

## सिंधी समाज के महिला-पुरूषों ने शहर में पैदल मार्च निकाल तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा



पूर्व विधायक रणवीर पहलवान व प्रतिनिधि मंडल ने जिला बनाओ कमेटी के अध्यक्ष रामलुभाया से मुकालात की।

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा को जिला बनाने की मांग को लेकर जिला बनाओ कोर कमेटी के नेतृत्व में शुरू हुआ जनआंदोलन बुधवार को 25वें दिन भी जारी रहा। सिंधी समाज के सैंकडों महिला-पुरूषों ने शहर में पैदल मार्च निकाल मुख्यमंत्री व रामलुभाया कमेटी के नाम तहसीलदार सहदेव मंडा को ज्ञापन सौंपा। सिंधी समाज के महिला-पुरूषों ने एसडीएम आवास के सामने सांकेतिक धरना भी दिया। जिला बनाने की मांग को लेकर धरना स्थल पर सर्व समाज व सर्व राजनैतिक दलों से जुड़े नेता व जनप्रतिनिधि हम सब एक है का संदेश देते हुए एक मंच पर एक साथ संघर्ष कर रहे हैं।

16 अप्रेल को मालपुरा में होने वाली महापंचायत के सफल आयोजन व ज्यादा से ज्यादा भीड़ जुटाने को लेकर कमेटी का प्रतिनिधि मंडल गांव-ढाणी में पीले चावल बांट मालपुरा चलों का निमंत्रण दे रहा है। महापंचायत को लेकर पुलिस व प्रशासन शांति व कानून व्यवस्था को लेकर रात्रि गश्त बढाने के साथ-साथ माकुल सुरक्षा इंतेजामात में जुटा हुआ है।

आठ दिन तक अनशन पर रहे पूर्व विधायक रणवीर पहलवान ने प्रतिनिधि मंडल के साथ जयपुर पहुंच कर जिला बनाओ कमेटी के अध्यक्ष रामलुभाया से मिल मालपुरा को नवीन जिला बनाने व उसमें मिलाने वाली शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के एरिया सहित भौगोलिक, व्यापारिक व आर्थिक दृष्टि एवं व्यवसायिक व जनसंख्या के आंकडों की तथ्यात्मक रिपोर्ट रखते हुए जिले की मांग की।

सकारात्मक वार्ता के बाद रामलुभाया ने आश्वस्त करते हुए कहा कि 25 दिनों से चल रहे मालपुरा के जनआंदोलन सहित अतिसंवेदनशील क्षेत्र के रिकॉर्ड व बीते दिन कोर कमेटी द्वारा सौंपे गये दस्तावेजों के अध्ययन व रिपोर्ट को तैयार कर मुख्यमंत्री को अवगत करवाये जाने का सकारात्मक आश्वासन दिया।

# विराटनगर क्षेत्र को जयपुर जिले में यथावत रखने की मांग




पावटा में बुधवार को प्रेरकों ने रामधुनी कार्यक्रम रखा।

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर, मेड, कुंडला क्षेत्र को जयपुर जिले में यथावत रखने की मांग को लेकर संघर्ष समिति के तत्वाधान में तीसरे दिन भी क्षेत्र के लोगों ने उपखंड मुयालय के सामने धरना देते हुए बुधवार को प्रेरकों ने रामधुनी कार्यक्रम रखा।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। वही संघर्ष समिति के वरिष्ठ सदस्य जगदीश यादव, पवन शर्मा जवानपुरा, पूर्व

- **धरने पर सरकार को सद्बुद्धि के लिए प्रेरकों ने की रामधुनी**

सरपंच राजेश यादव, सेवानिवृत्त अधिकारी बाबूलाल रुडंला, जयराम पलसानिया, भोमराज चेची, संतोष मोदी, शिवदान फागणा, सीताराम सैनी, बाबूलाल शर्मा, महेश कुमार सोनी, रमेश शर्मा, अशोक यादव, बलवीर यादव, लीलाराम सैनी, अजय कुमार जैन, सुभाष सैनी, पूरणमल शर्मा, कपिल शर्मा, बोदी लाल प्रजापत, लोकेश शर्मा, नमन शर्मा, विकास शर्मा, किशन सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

पवन शर्मा ने कहा सरकार विराटनगर क्षेत्र के धैर्य की परीक्षा ना ले संपूर्ण क्षेत्र एकजुट है और यह एक लाख तीस हजार मतदाताओं के भविष्य का फैसला है। सरकार को विराटनगर क्षेत्र की जनभावनाओं का समान करना चाहिए।

# भाजपा की आक्रोश रैली में पुलिस सख्त, विधायक पर बरसाई लाठियां, कई नेताओं के कपड़े फटे

## कलेक्ट्रेट गेट पर बीजेपी के कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए दो-तीन बेरिकेटिंग व वज्रवाहन खड़ा देखा तो कार्यकर्ता बेरिकेटिंग के ऊपर से जाने की कोशिश करने लगे थे

**अलवर, (निसं)।** बीजेपी के जनाक्रोश प्रदर्शन के दौरान बुधवार दोपहर बाद कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट के बाहर पुलिस ने बीजेपी विधायक संजय शर्मा सहित कार्यकर्ताओं पर लट्ठ बरसाए। जब कलेक्ट्रेट गेट बीजेपी के कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए दो-तीन बेरिकेटिंग व वज्रवाहन खड़ा देखा तो कार्यकर्ता बेरिकेटिंग के ऊपर से जाने की कोशिश करने लगे। देखते ही देखते पुलिस से आमना-सामना हो गया। विधायक संजय शर्मा भी पुलिस से भिड़ गए। तभी पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया।

- **विधायक संजय शर्मा के साथ सांसद बालकनाथ योगी सहित अन्य नेता वहीं धरने पर बैठे**
- **विधायक शर्मा ने कहा कि पुलिस फोर्स ने उन पर लाठी चलाई है, माफी मांगने पर ही उठेंगे**
- **सभा में नेताओं ने पालयट व गहलोत की लड़ाई में प्रदेश की जनता का नुकसान की बात कही**

एसटीएफ फोर्स ने कार्यकर्ताओं व मीडियाकर्मियों पर लाठी चला दी। बीच-बचाव करने के मकसद से आए शहर विधायक संजय शर्मा पर भी लट्ठ बरसा दिए। वहीं कई नेताओं के कपड़े फट गये। तब कार्यकर्ताओं ने कहा कि ये शहर के विधायक हैं। इन्हें तो छोड़ दो। इतनी देर में तो कई लट्ठ मार दिए। विधायक नीचे भी गिर गए। एक-दो कार्यकर्ताओं ने



अलवर में भाजपा की जन आक्रोश रैली में कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया।

विधायक के आगे खुद को खड़ा कर लिया। पुलिस की लाठी भी हाथ से रोक ली। जब विधायक पर लट्ठ मारने का पता चला तो कार्यकर्ता और आक्रोशित हो गए। विधायक संजय शर्मा के साथ सांसद बालकनाथ योगी सहित अन्य नेता वहीं धरने पर बैठ गए। संजय शर्मा ने कहा कि पुलिस फोर्स ने उन पर लाठी चलाई। माफी मांगने पर ही उठेंगे।

बीजेपी का पहले से जनाक्रोश कार्यक्रम तय था। पहले कंपनी बाग में सभा की। जिसमें कई हजार कार्यकर्ता व नेता आए। केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, प्रदेश संगठन मंत्री भजनलाल शर्मा, सांसद बालकनाथ योगी, पूर्व मंत्री हेम सिंह, विधायक मंजीत चौधरी सहित काफी संख्या में नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। इन सब नेताओंने कांग्रेस सरकार को प्रदेश में फेल बताया। सचिन पालयट व गहलोत की लड़ाई में प्रदेश की जनता का नुकसान होने की बात कही। वहीं प्रदेश में अपराध व भ्रष्टाचार पर सरकार को घेरा।

कलेक्ट्रेट के बाहर ही विधायक संजय शर्मा, सांसद बालकनाथ, विधायक मंजीत चौधरी, पूर्व मंत्री हेम सिंह भडाना, पूर्व अध्यक्ष युवा मोर्चा पं जले सिंह सहित कई नेता धरने पर बैठ गए। धरने के बाद पुलिस के आला अधिकारी वहां पहुंच गए। पूर्व मंत्री डॉ. जसवंत यादव, मंगल राम, पूर्व विधायक ज्ञानदेव, रामहेत, बनवारीलाल, जयराम जाटव, मामनसिंह, भाजपा जिला प्रभारी लक्ष्मीकांत भारद्वाज, रोशन, जिलाध्यक्ष अशोक, उम्मेद, संदीप, पं. धर्मवीर, मोहित, सुनीता, सुखवंत सिंह, इंद्रजीत पाटा निर्मल प्रकाश सुरा, मूल चंद डीगवाल समेत अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## दुष्कर्म के आरोपी की जमानत खारिज

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** सवाई माधोपुर पोक्सो न्यायालय ने एक नाबालिग का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोपी दिनेश उर्फ डमचा मीणा का मामले की गंभीरता को देखते हुए जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया। पीड़िता व राज्य सरकार की ओर से पैरवी करते हुए विशिष्ट लोक अभियोजक अनिल कुमार जैन ने न्यायालय को अवगत कराया कि नाबालिग पीड़िता की मां ने जिले के एक थाने में उपस्थित होकर 1 मार्च 23 को मामला दर्ज कराते हुए जानकारी दी थी।

## विवाहिता की मौत का खुलासा

**नारायणपुर, (निसं)।** पुलिस ने बुधवार को 4 माह पहले ग्राम पंचायत कोलाहेडा के गांव जोधपुरा निवासी विवाहिता पूजा कंवर की मौत का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी शिवशंकर चतुर्वेदी ने बताया कि 5 दिसम्बर को नारायणपुर पुलिस थाने में मृतक विवाहिता के पिता ने ससुराल वालों के खिलाफ हत्या की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले की जांच की तो सामने आया कि जोधपुरा निवासी पवन सिंह और मृतक विवाहिता पूजा कँवर में आपस में प्रेम संबंध थे। जिसके चलते विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। वही पति कृष्ण सिंह ने अपने ससुराल पक्ष को बिना बताए सबूत नष्ट करने पर दाह संस्कार करवा दिया था। जिस पर पुलिस ने आरोपी पवन सिंह, कृष्ण सिंह को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

# डिप्टी चीफ इंजीनियर 35 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**बाड़मेर, (निसं)।** ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर स्पेशल यूनिट, जोधपुर ,उदयपुर इकाई द्वारा मंगलवार को बाडमेर में कार्यवाही करते हुये उप मुख्य अभियंता गिरल लिग्नाईट पॉवर (जी.एल.पी.एल.) बाडमेर अशोक पारख को परिवादी से 35 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के

- **श्रमिकों के बिलों का भुगतान करने, बिल बनाने एवं अमानत राशि लौटाने की एवज में रिश्वत मांगी**

अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी (अतिरिक्त चार्ज महानिदेशक) ने बताया कि ए.सी.बी. की स्पेशल यूनिट, जोधपुर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि श्रमिकों के बिलों का भुगतान करने, बिल बनाने एवं अमानत राशि लौटाने की एवज में अशोक पारख, उप मुख्य अभियंता गिरल लिग्नाईट पॉवर (जी.एल.पी.एल.) बाडमेर द्वारा कमीशन के रूप में 36 हजार रुपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर एसीबी जोधपुर के महानिरीक्षक पुलिस सवाई सिंह गोदारा के सुपरवीजन में एसीबी स्पेशल यूनिट, जोधपुर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्ग सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर मंगलवार को पुलिस निरीक्षक राजेन्द्र सिंह एवं उनकी टीम द्वारा बाडमेर में ट्रेप कार्यवाही करते हुये उप मुख्य अभियंता अशोक पारख को परिवादी से 35 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी के महानिरीक्षक पुलिस सवाई सिंह गोदारा के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

## ए.एस.आई. रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**जोधपुर, (कासं)।** बिलाड़ा थाने के एएसआई को एसीबी जोधपुर की स्पेशल टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। ए.एस.आई. ने भैंस चोरी मामले में आरोपी नहीं बनाने के एवज में 15 हजार रुपए रिश्वत के रुप में मांगे थे। इसमें से 7 हजार रुपए लेते हुए एएसआई रंगे हाथों पकडा गया।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी ने बताया कि परिवादी ने शिकायत दर्ज करवाई कि बिलाड़ा एएसआई रामाकिशन विश्नोई ने भैंस चोरी मामले में आरोपी नहीं बनाने के एवज में 15 हजार रुपए की मांग की है और वह परेशान भी कर रहा है। इस पर शिकायत को वैरिफाइ किया। शिकायत सही पाए जाने पर ट्रेप की कार्रवाई की गई। पुलिस निरीक्षक मनीष वैष्णव और ट्रेप टीम ने कार्यवाही करते हुये आरोपी सेखाला निवासी रामाकिशन विश्नोई पुत्र गुरूराम विश्नोई को परिवादी से 7 हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

## 55 लाख का डोडा-पोस्त छिलका जप्त

**चूरू, (कासं)।** सालासर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक ट्रक टेलर में भरी नशे की खेप सहित 2 तस्करों को गिरफ्तार किया है। यहां जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना आई.पी.एस ने बताया कि महानिरीक्षक पुलिस बीकानेर रेंज बीकानेर द्वारा अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम, धरपकड़ व संदिग्ध व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के दौरान रामप्रताप आर पी एस उप पुलिस अधीक्षक सुजानगढ़ के सुपरविजन में सुजानगढ़ रोड़ सालासर बाईपास तहसील तिराहे पर नाकाबंदी कर संदीप कुमार उ.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना साालासर मय भंवरलाल हैड कानि, नीर कुमार हैड कानि, ओमप्रकाश कानि, सुनील कुमार कानि, सुरेन्द्र कुमार कानि पुलिस थाना सालासर द्वारा सीकर की तरफ आ रहे ट्रक टेलर को रोक कर चैक किया गया तो उक्त वाहन में पिछे अवैध डोडा पोस्त छिलकों से भरे 37 जूट व प्लास्टिक के कट्टे थे।

वाहन के चालक का नाम मगसिंह पुत्र चेनसिंह निवासी चारणवाला पुलिस थाना रणजीतपुरा जिला बीकानेर तथा ट्रक के अन्दर बैठे व्यक्ति का नाम रामनिवास पुत्र हेतराम निवास गोडू पुलिस थाना बज्जू जिला बीकानेर है। इन तस्करों द्वारा डोडा पोस्त का छिलका रांची झारखण्ड से लेकर करीबन 1500 किलोमीटर दूर से तीन राज्यों की सीमा पार कर बेखौफ राजस्थान में लाया जा रहा था। जब्तशुदा 15 क्विंटल 22 किलोग्राम डोडा पोस्त की अनुमानित कीमत करीबन 55 लाख रुपये है।

# कृषि मण्डी में लगी सरसों तेल टेस्टिंग लेब हुई खराब

**निवाई, (निसं)।** कृषि उपज मंडी में संचालित सरसों तेल टेस्टिंग लेब मशीन खराब हो जाने से कृषि मण्डी में करीब 3 घण्टे व्यापार बंद रहा। इसके बाद आक्रोशित किसानों ने मंडी के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया और प्रदर्शन किया।

इससे सड़क मार्ग पर दोनों तरफ जाम लग गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जानकारी के अनुसार कृषि मण्डी में दो सरसों तेल टेस्टिंग लेब मशीन लगी हुई हैं। जिनमें से एक टेस्टिंग मशीन मंगलवार की रात 11 बजे खराब हो जाने से मंगलवार को मंडी में बिकने आई सरसों के सेम्पल की बुधवार तक भी रिपोर्ट नहीं आई। बुधवार को मण्डी में करीब 25 हजार सरसों के कट्टों की आवक हुई। एक ऑयल टेस्टिंग लेब खराब जाने से व्यापारियों ने मंडी परिसर में स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर में आवश्यक मिटिंग बुलाई। मिटिंग में कृषि मण्डी सचिव व व्यापारियों के बीच वार्ता हुई। इस दौरान व्यापारियों ने मण्डी सचिव को बताया कि व्यापार मंडल की ओर से लगातार चार ऑयल टेस्टिंग लेब की लगाने की मांग करने के बावजूद ऑयल टेस्टिंग लेब क्यों नहीं लगाई गई है। इस पर मंडी सचिव संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाए।

इस दौरान मंडी व्यापारियों ने कृषि मण्डी सचिव क्रांतिचन्द मीणा को जमकर खरी-खोटी सुनाई। इसके बाद व्यापारियों ने मंडी में व्यापार बंद रखने का निर्णय लिया। इससे किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया। दोपहर 1 बजे सैकडों किसान कृषि उपज मंडी के गेट को बंद कर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों का कहना है कि लेब खराब हो जाने से फसल का भाव सही नहीं मिलता है। मशीन खराब होने के कारण किसानों को नुकसान का सामना करना पड़ेगा।

इसके चलते किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया। वहीं किसानों ने कहा कि मशीन बंद होने से किसानों को रिपोर्ट के लिए काफी घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। इसके बाद व्यापारियों ने किसानों की परेशानी को देखते हुए बुधवार को व्यापार शुरू करने का निर्णय लिया। व्यापारियों ने बताया कि जब तक मंडी में चार लेब मशीनें नहीं लगाई जाएगी तब तक गुरूवार से व्यापार बंद रखा जाएगा।

**झिलाइ रोड पर लगा लंबा जाम:-** आक्रोशित किसानों द्वारा कृषि मंडी परिसर के मुख्य गेट को बंद करने से झिलाय रोड पर लंबा जाम लग गया जिससे आने-जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर थाना अधिकारी छोटेलाल पुलिस जाप्ता के साथ मौका स्थल पर पहुंचे।

कृषि मंडी सचिव क्रांतिचंद मीणा ने जानकारी देते बताया कि टेक्निकल समस्या के चलते मशीन बंद हो गई थी। कृषि मंडी परिसर में फसल की भारी मात्रा में आवक को देखते हुए दो अन्य मशीनें भी मंगवाई जा रही हैं।

# नागौर से अपहृत युवक को जयपुर से मुक्त कराया, चार गिरफ्तार

## जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी फर्जी सी.बी.आई. के अधिकारी बन घर में घुसे थे

**नागौर/जयपुर, (निसं)।** जिले के शेरानीआबाद रहने वाले एक प्रवासी युवक का दिनदहाड़े अपरहण करने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया। युवक को दस्तयाब करते हुए चार किडनैपर को गिरफ्तार कर लिया गया। जिला पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी ने बताया कि अपहरण के सनसनीखेज मामले में नागौर पुलिस ने जयपुर पुलिस के साथ संयुक्त रुप से संयुक्त ऑपरेशन चलाकर 14 घंटे के भीतर अपहृत व्यक्ति को सकुशल मुक्त करवा कर अपहरण में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया।

मामले के अनुसार 11 अप्रेल को शब्बीर अहमद पुत्र हाजी कमरूदीन खां ने खुनखुना थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें बताया कि दोपहर 1 बजकर 35 मिनट पर उनका भाई युसुफ जो घर में सो रहा था, तभी 4-5 लोग सफेद कलर की इरटीगा गाड़ी लेकर आए और भाई की पत्नी को बोला युसुफ खां कहां है। जिस पर उसने बोला क्या काम है। इतने में सभी लोग एकराय होकर घर मे घुस गए और युसुफ को पकड़कर गाड़ी में डाल लिया और खाटू की ओर निकल गए। जब इस बात का पता चला तो युसुफ के मोबाइल पर कॉल किया तो वो बन्द आने लगा। खाटू की तरफ काफी पीछा



नागौर पुलिस ने जयपुर की कानौता थाना पुलिस की सहयोग से अपहृत प्रवासी युवक को मुक्त कराया।

किया लेकिन कोई पता नहीं चला।

जिला पुलिस अधीक्षक जोशी ने बताया कि किडनैप के मामले को लेकर एक विशेष टीम का तत्काल गठन किया गया। जिलेभर में सख्त नाकाबंदी करवाई गई। संभावित ठिकानों पर दबिशें दी गई। सीसीटीवी फुटेज खंगाले। लगातार 14 घंटे फिल्ड इंटेलीजेन्स से प्राप्त इनपुट और साइबर तकनीकी सहायता से पीछा किया। परबतसर के पहाड़ी और जंगलों में रात भर सर्च अभियान चलाया गया। जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी फर्जी सीबीआई के अधिकारी बन घर में घुसे थे। जिनके पास फर्जी पहचान पत्र भी था। सीबीआई का भय दिखाकर गाड़ी में डालकर परबतसर पहाड़ी क्षेत्र की ओर भाग गए थे। गाड़ी में अपहृत व्यक्ति से फिरौती के लिए मारपीट की गई और फिरौती के लिए दबाव डाला। रात को जयपुर में कानोता नदी क्षेत्र में सूनसान जगह पर अपहृत व्यक्ति को बंधक बनाकर भी रखा था।

पुलिस ने बताया कि बुधवार सुबह 4.15 पर अपहृत व्यक्ति के परिजनों से फोन पर आरोपी किडनैपर्स का फिरौती के लिये कॉल आया।

- **गाड़ी में अपहृत व्यक्ति से फिरौती के लिए मारपीट की गई और फिरौती के लिए दबाव डाला**

किडनैपर्स ने फिरौती के लिये कॉमनमैन और चाय थडी पर काम करने वाले लोगों से फोन लेकर फिरौती मांगने के लिये कॉल किया। ताकि पुलिस की पकड़ से दूर रहें। आगरा रोड जयपुर पर जयपुर पुलिस और नागौर पुलिस को जोईन्ट ऑपरेशन अल सुबह से लेकर दोपहर तक चला। तब कानोता क्षेत्र की नदी क्षेत्र में तलाशी अभियान में 50 से अधिक जवानों की टीम थी।

अपहरण के किडनैपर्स की 52 फुट हनुमान जी की प्रतिमा के पास होने की सूचना पर घेराबंदी कर आरोपियों को दस्तयाब कर प्रवासी व्यक्ति को सकुशल छुड़ाया गया। करौली के शेरपुर रहने वाले विश्वेन्द्र पुत्र कुम्हेर जाट, करौली के ही चांदीला रहने वाले विक्रम पुत्र श्यामशील जाट, शेरपुर रहने वाले जोगेन्द्र पुत्र जगदीश जाट और सवाईमाधोपुर रहने वाले अनिल जाट को गिरफ्तार कर अनुसंधान प्रारंभ किया है।

# डॉ. शिव गौत्तम की पत्नी ने विधायक राजकुमार शर्मा समेत चार लोगों पर मकान हड़पने का आरोप लगाया

## कांग्रेस विधायक व मुख्यमंत्री के सलाहकार राजकुमार शर्मा ने खुद पर लगे सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया है, उनका कहना है कि आचार्य द्विजेश शर्मा ने मरने से पहले मेरे बेटे को उत्तराधिकारी बनाया था

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। जयपुर के गांधी नगर थाने में सिविल लाइंस निवासी डॉ. शिव गौतम की पत्नी राजश्री गौतम ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सलाहकार और नवलगढ़ विधायक डॉ. राजकुमार शर्मा समेत चार लोगों के खिलाफ लालकोठी महात्मा गांधी मार्ग स्थित मकान एसबी-164 पर कब्जा करने का मामला दर्ज करवाया है। मामले की जांच सीआईडी सीबी करेगी। उधर लालकोठी महात्मा गांधी मार्ग स्थित विद्या निवास में पत्रकारों से बात करते हुए विधायक राजकुमार शर्मा ने इन तमाम आरोपों को बेबुनियाद बताया है।

- **राजकुमार शर्मा का कहना है कि, ''लालकोठी महात्मा गांधी मार्ग स्थित मकान एसबी-164 की रजिस्ट्री भले ही शिव गौतम और राज्यश्री गौतम के नाम से हैं, लेकिन सिविल लाइन्स में मकान तथा कालवाड़ रोड पर जमीन द्विजेश शर्मा के नाम से है। पिछले 60 साल में जमीन पर जो निर्माण हुआ हैं, वह द्विजेश शर्मा ने खुद करवाया है। पिछले तीन साल में मैने ऊपर का निर्माण करवाया हैं। बिजली का बिल उनके नाम से लेकिन बिल हम दे रहे हैं, जिसकी पर्ची हमारे पास हैं।''**
- **वहीं दूसरी ओर डॉक्टर शिव गौतम का कहना है कि, ''जमीन हमारे नाम पर है, लिहाजा पुलिस राजकुमार शर्मा से प्रोपर्टी खाली करवाएं। जिस प्रोपर्टी में द्विजेश शर्मा रह रहे थे, उसे दो-तीन साल में षड्यंत्रपूर्वक अपने कब्जे में लेने के लिए विधायक राजकुमार शर्मा, उनके भाई राजपाल शर्मा, कमल कांत शर्मा और उमेश शर्मा ने प्लानिंग बनाई है।''**

राजकुमार शर्मा ने कहा कि इस प्रोपर्टी की रजिस्ट्री शिव गौतम और राज्यश्री गौतम के नाम से ही हैं। सिविल लाइन्स और कालवाड़ वाली जमीन द्विजेश शर्मा के नाम से हैं। पिछले 60 साल में जमीन पर जो निर्माण हुआ हैं, वह द्विजेश शर्मा ने खुद करवाया हैं। पिछले तीन साल से मैने ऊपर का निर्माण करवाया हैं। बिजली का बिल उनके नाम से लेकिन बिल हम दे रहे हैं, जिसकी पर्ची हमारे पास हैं। यह विद्या निवास हैं, यह विद्या निवास ही रहेगा, यह कभी गौतम निवास नहीं बन सकता। विधायक शर्मा ने बताया कि आचार्य द्विजेश शर्मा ने मरने से पहले उनके बेटे युवराज को उत्तराधिकारी बनाया। चूंकि अभी युवराज की उम्र कम हैं, इस लिए वह इस ट्रस्ट को संभाल रहे है। जब युवराज बालिग और जिम्मेदार होंगे, तब वह इस ट्रस्ट को आगे लेकर जाएगा। द्विजेश शर्मा ने मुझे दो जिम्मेदारी दी थी, पहली जिम्मेदारी की मरने के बाद मैं उनका दाह संस्कार करुं और दूसरी जिम्मेदारी की इस ट्रस्ट को आगे बढाऊं। युवराज ने एक बेटे की तरह उनके शांत होने के बाद उनके सभी संस्कार किए हैं।

उधर डॉक्टर शिव गौतम का कहना है कि जमीन उनके नाम है लिहाजा राजकुमार शर्मा से पुलिस उनकी प्रोपर्टी दिलाए। राजकुमार शर्मा और अन्य किसी को इस प्रोपर्टी में रहने का कोई अधिकार नहीं हैं। यह जमीन हमारे नाम से थी है और रहेगी। जिस प्रोपर्टी में द्विजेश शर्मा रह रहे थे, उसे दो-तीन साल में षड्यंत्रपूर्वक अपने कब्जे में लेने के लिए विधायक राजकुमार शर्मा, उनके भाई राजपाल शर्मा, कमल कांत शर्मा और उमेश शर्मा ने प्लानिंग बनाई। इस संपत्ति में राजकुमार का कोई अधिकार नहीं है। हम पुलिस से चाहते हैं कि इस मामले को अच्छी तरह से जांच करे, ताकि सच्चाई सबके सामने आ सके।

नवलगढ़ विधायक राजकुमार शर्मा ने बताया कि आचार्य द्विजेश शर्मा के बनाए ट्रस्ट का संचालन इस मकान से किया जा रहा है। सिविल लाइन निवासी शिव गौतम और उनकी पत्नी राजश्री गौतम ने 1982 में यह मकान मांगीलाल से खरीदा था। मकान की रजिस्ट्री दोनों के नाम से है। रजिस्ट्री के पहले से ही मकान एसबी-164 में आचार्य द्विविज शर्मा, उनके बड़े भाई व माता-पिता रहते आते रहे हैं। शर्मा ने बताया कि आचार्य ने उनके बेटे युवराज को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है। वह नाबालिग है। युवराज के बालिग होने तक वे ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में कार्य करते रहेंगे। जमवारामगढ स्थित जमीन की भी देखभाल ट्रस्ट के द्वारा की जा रही है। शर्मा ने आरोप लगाया कि सिविल लाइन में मकान व कालवाड़ रोड पर जमीन आचार्य द्विविज शर्मा के नाम पर थी, जिसे 2006 में डॉ. शिव गौतम ने खुद के व परिवार के नाम करवाई है। जिसके दस्तावेज निकलवाए जा रहे हैं।

# सौरभ दीक्षित का फुलेरा जंक्शन पर स्वागत किया



**उत्तर पश्चिम रेल्वे मजदूर संघ मंडल के अध्यक्ष सौरभ दीक्षित का फुलेरा जंक्शन पर कर्मचारियों ने स्वागत किया।**

**जयपुर** (कासं)। उत्तर पश्चिम रेल्वे मजदूर संघ मंडल के अध्यक्ष सौरभ दीक्षित का फुलेरा जंक्शन आगमन पर स्वागत किया गया। दीक्षित काफी दिनों बाद फुलेरा जंक्शन पर आए, इसलिए कर्मचारियों ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। इस मौके पर उत्तर पश्चिम रेलवे के फुलेरा जंक्शन पर सैकड़ों की संख्या में रेलकर्मी पहुंचे और मंडल अध्यक्ष का स्वागत किया। सौरभ दीक्षित ने रेलकर्मियों को विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन रेल कर्मचारी का हक है और हम पुरानी पेंशन को बहाल करके रहेंगे। साथ ही हमें सबकों एक साथ मिलकर एकजुट रहना होगा। इस अवसर पर प्रेमचंद वर्मा, मनीष शर्मा, सुनील यादव, दिनेश सरोलिया, चेतन सैनी, राघवेन्द्र, भागचंद गुर्जर, हीरालाल यादव, राम प्रकाश सैनी, यातक अली, श्रवण यादव, गुलाबचंद, महेश शर्मा (ख्वारानीजी) उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### तीन पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई

**जयपुर** (कासं)। शहर में तीन ट्रैफिक पुलिसकर्मियों पर यातायात नियमों की पालना नहीं करने पर सख्त कार्रवाई की गई है। डीसीपी (ट्रैफिक) प्रहलाद सिंह कृष्णियां ने बताया एक विडियो मिला था, जिसमें इंटरसेप्टर वाहन में बावर्दी कांस्टेबल चालक गाडाराम एवं पास बैठे सहायक पुलिस उपनिरीक्षक बाबूलाल, पीछे बैठे कांस्टेबल दुर्गालाल ने सीट बैल्ट नहीं लगा रखा था एवं चालक मोबाइल पर बात करता हुआ नजर आ रहा था। इस विडियो पर संज्ञान लेते हुए तीनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ एमवी एक्ट के तहत नियमानुसार कार्यवाही करते हुए विभागीय कार्यवाही की जा रही है।

### बाइक राइडर से मारपीट कर लूट

**जयपुर**। मानसरोवर पुलिस ने रैपिडो बाइक राइड करने वाले युवक के साथ मारपीट और लूटपाट का मामला दर्ज किया है। पीड़ित मुकेश की शिकायत पर पुलिस ने पूजा नाम की एक लड़की और तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित मुकेश ने शिकायत दी है कि वह सी-स्कीम से एक लड़की पूजा को लेकर मानसरोवर कावेरी पथ पहुंचा। जहां पहले से खड़े तीन युवकों ने पहले उसके साथ मारपीट की। फिर उसका मोबाइल और दो अंगूठियां लेकर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर मानसरोवर थाना पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### चार विधेयकों पर गर्वनर की अनुमति

**जयपुर**। राज्यपाल कलराज मिश्र ने बुधवार को विधानसभा द्वारा पंद्रहवी राजस्थान विधानसभा के अष्टम सत्र में 21 मार्च को पारित ''राजस्थान स्वास्थ्य का अधिकार विधेयक 2022'' विधेयक को अनुमति प्रदान कर दी है। राज्यपाल मिश्र ने इसी प्रकार इसी सत्र में विधानसभा के इसी सत्र में 20 मार्च को पारित ''राजस्थान नगर पालिका संशोधन विधेयक 2023'', ''बाबा आमटे दिव्यांग विश्वविद्यालय, जयपुर विधेयक 2023'' तथा ''राजस्थान सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (स्थापन और प्रवर्तन का सुकरीकरण) (संशोधन) विधेयक 2023'' को भी अनुमति दी है।


### दुष्कर्म-ब्लैकमेलिंग का आरोपी दबोचा

**जयपुर** (कासं)। सांगानेर थाना पुलिस ने युवती से दुष्कर्म के बाद ब्लैकमेलिंग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। डीसीपी (ईस्ट) ज्ञानचन्द यादव ने बताया गिरफ्तार आरोपी रवि गुप्ता (24) सपोटरा जिला करौली का रहने वाला है, जोकि मुकदमा दर्ज होने के बाद कई राज्यों में फरारी काट चुका है। पीडिता की रिश्तेदारी में होने के कारण रवि गुप्ता से जान पहचान हुई थी, जिसने नशीला पदार्थ पिला दुष्कर्म किया और बाद में शादी का झांसा देकर देहशोषण करता रहा। इस दौरान आरोपित अश्लील वीडियो के मार्फ़त पीडिता को ब्लैकमेल कर 10 लाख रूपए की डिमांड कर रहा था। इस पर मुकदमा दर्ज कर जांच के बाद आरोपित को गिरफ्तार किया है।

# सी-स्कीम से लापता युवक का सुराग नहीं

**जयपुर** (कासं)। राजधानी के सी-स्कीम इलाके से दो दिन पहले लापता युवक का अभी तक सुराग नहीं लगा है। अशोक नगर थाना पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

थानाधिकारी ने बताया कि माणक चौक थाने में 10 अप्रैल को चांदी की टकसाल निवासी जगदीश नारायण सैन ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी कि उनका बेटा प्रियांशु सैन 9 अप्रैल को रात साढ़े 8 बजे सी-स्कीम में बगड़िया भवन स्थित दुकान से घर के लिए रवाना हुआ था, लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। युवक देर रात तक जब घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। आखिरकार 10 अप्रैल को परिजन



थाने पहुंचे और गुमशुदगी दर्ज करवाई। शिकायत पर हैडकांस्टेबल रतिराम ने जांच शुरू कर युवक की तलाश शुरू की। अब अशोक नगर थाना पुलिस उसे तलाशने में जुटी है।

# प्रॉपर्टी कारोबारी से 10 लाख रु. लूटे

**जयपुर** (कासं)। राजधानी के शास्त्री नगर इलाके में ऑफिस से घर लौट रहे प्रॉपर्टी कारोबारी से 10 लाख रूपए की लूट हो गई। पुलिस घटनास्थल के आस-पास लगे कैमरों से फुटेज खंगालकर बदमाशों की तलाश में जुटी है। थानाधिकारी (शास्त्रीनगर) दिलीप सिंह ने बताया साइंस पार्क निवासी अशोक अग्रवाल (50) प्रॉपर्टी कारोबारी है, जिसका वाटिका में ऑफिस है। घटनाक्रम के मुताबिक बुधवार रात करीब साढ़े आठ बजे अशोक अग्रवाल अपने घर आ गया था। इस दौरान घर के बाहर बाइक सवार तीन बदमाश आए और झपट्टा मार बैग लूट ले गए। बैग में 10 लाख रूपए रखे हुए थे। पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी है।

# सी.सी.टी.वी. फुटेज की मदद से वाहन चोर पकड़ा

**जयपुर** (कासं)। झोटवाड़ा पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी के कब्जे से चुराई हुई बाइक बरामद करने का प्रयास कर रही है। आरोपी वारदात करने के बाद सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

डीसीपी (पश्चिम) वंदिता राणा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मुकेश कुमार (24) पुत्र महेश कुमार कोटपुतली का रहने वाला है। डीसीपी ने बताया कि 28 मार्च को परिवादी डी के नगर खातीपुरा झोटवाड़ा रोड निवासी प्रदीप कुमार यादव ने थाने में मामला दर्ज करवाया था। जिसमें बताया कि उसने बाइक 27 मार्च को दुकान के बाहर खड़ी की थी। बाइक चोरी होने के बाद मुकेश ने थाने में मामला दर्ज करवाया था। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद एडिशनल डीसीपी रामसिंह शेखावत, एसीपी प्रमोद स्वामी और थानधिकारी घनश्याम सिंह राठौड़ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम ने घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों और पूर्व के चालानशुदा बदमाशों से पूछताछ की। 10 अप्रेल को पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिलने के बाद सीसीटीवी फुटेज से लिए गए हुलिए से मिलान कर आरोपी मुकेश कुमार को दस्तयाब कर पूछताछ की तो उसने बाइक चुराना कबूल कर लिया।

# महिला-20 समूह की बैठक आज से

**जयपुर** (कासं)। जी-20 के महिला समूह की दो दिन की अंतर्राष्ट्रीय बैठक 13 और 14 अप्रेल को जयपुर के ललित होटल में शुरू हो रही है। बैठक में समावेशी और टिकाऊ भविष्य को गति देने के लिए महिलाओं की अभी तक अप्रयुक्त क्षमता का लाभ उठाने पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

बैठक में जी20 के देशों में से 18 देशों की 120 अग्रिणी महिलाएं शिरकत करेंगी और लैंगिक समानता, विश्वस्तर पर महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने पर चर्चा करेंगी। महिला20 की अध्यक्ष डॉ. संध्या पुरेचा ने जयपुर में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि महिला 20 (वीमेन-20) जी 20 का आधिकारिक समूह है जिसकी स्थापना 2015 में तुर्क की अध्यक्षता में लैंगिक समानता के लिए की थी।

इसका प्राथमिक उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, महिला अधिकारों की वकालत और उनके लिए एक मंच का निर्माण करना है। महिला-20 यह भी सुनिश्चित करने की कल्पना करता है कि जी-20 के नेताओं की घोषणाएं उनकी प्रतिबद्धता और उपायों में शामिल है, जो लैंगिक समानता और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में सहायता और बढ़ावा देने वाली हैं। मुख्य समन्वयक धरित्री पटनायक ने बताया कि बैठक की शुरुआत 12 अप्रैल को महिला यात्रा विषय के साथ होगी।

# 'सांगानेर की 100 कॉलोनियों में सी.सी.टी.वी. कैमरे लगेंगे'

## अशोक लाहोटी ने विधायक कोष से ढाई करोड़ रुपये दिए



**सांगानेर विधायक अशोक लाहोटी ने बुधवार को मानसरोवर सेक्टर-10 में सीसीटीवी कैमरे लगाने के कार्य का शुभारंभ किया। इस मौके पर चेयरमैन भारती लख्यानी, अभय पुरोहित व पूर्व चेयरमैन मुकेश लख्यानी समेत कई लोग मौजूद थे।**

**जयपुर** (कासं)। सांगानेर की 100 से ज्यादा कॉलोनियों के मुख्य बाजारों में विधायक अशोक लाहोटी सीसीटीवी कैमरे लगवाएंगे। बुधवार को इसकी शुरूआत वार्ड 75 के सेक्टर-10 में चेयरमैन भारती लख्यानी के साथ विधायक लाहोटी ने किया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन मुकेश लख्यानी, चेयरमैन अभय पुरोहित, पार्षद मनोज तेजवानी, शक्ति प्रकाश यादव, आशीष शर्मा समेत कई लोग मौजूद थे।

विधायक अशोक लाहोटी ने बताया कि सांगानेर में विधायक कोष से लगभग 2.50 करोड़ रुपए की लागत से 800 कैमरे तथा 100 कॉलोनियों में मॉनिटरिंग स्क्रीन लगाकर विकास समितियों की देखरेख सौंपा जायेगा। इससे कॉलोनियों में महिलाओं की सुरक्षा बढेगी, महिलाएं निर्भीक होकर अपना काम कर सकेंगी। साथ ही आमजन में भय व चोरियां रुकेगी, सुरक्षा को बढावा मिलेगा।

# भीमराव से बाबा साहब बनने का सफर होगा जीवंत



**जयपुर** (कासं)। जवाहर कला केन्द्र स्थित सुदर्शन आर्ट गैलरी में अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में 14 अप्रैल से दो दिवसीय प्रदर्शनी की शुरुआत होगी

कार्यक्रम के मुख्य संयोजक विधायक प्रशांत बैरवा ने बताया कि भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के जीवन चरित्र व संघर्ष पर जयपुर के जाने माने चित्रकार चंद्रप्रकाश गुप्ता ने एक चित्र श्रृंखला तैयार की है। जिसकी यह जयपुर में दूसरी प्रदर्शनी है भीमराव से बाबा साहेब ''एक संघर्ष भरी दास्तां'' थीम पर आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्घाटन शुक्रवार प्रातः 11:30 बजे राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा व कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली करेंगे।

# 'सड़क खुदाई में पेयजल लाइन तोड़ने पर दर्ज होगा मुकदमा'

**जयपुर**। अतिरिक्त मुख्य सचिव जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी डॉ.सुबोध अग्रवाल ने पेयजल प्रबंधन की समीक्षा बैठक में कहा कि पेयजल आपूर्ति लाइन के आसपास खुदाई के दौरान लाइन टूटने एवं सडक पर पानी बहने के मामले में संबंधित ठेकेदार और कार्य कराने वाली कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए। उन्होंने पेयजल आपूर्ति लाइन से पानी चोरी करने वालों के खिलाफ भी सख्ती के निर्देश दिए।

डॉ. अग्रवाल बुधवार को जल भवन में गर्मी के दौरान पेयजल प्रबंधन की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सड़कों की जेसीबी से खुदाई के दौरान लापरवाही बरतने से पेयजल आपूर्ति लाइन टूट जाती है और हजारों लीटर पेयजल सड़क पर बह जाता है। ऐसे मामलों में सख्ती बरतते हुए लापरवाही करने वाले ठेकेदार के साथ ही कार्य करवाने वाली कंपनी के खिलाफ भी एफआईआर करवाई जाए ताकि खुदाई के दौरान कोई लापरवाही नहीं बरते।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने जलदाय विभाग के अभियंताओं एवं कर्मचारियों के साथ मारपीट और उन्हें बंधक बनाने से जुडे मामलों में जीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए पुलिस और प्रशासन के सहयोग से सख्त कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि अवैध कनेक्शन एवं बूस्टर्स के खिलाफ अभियान के दौरान जरूरत पड़ने पर संबंधित जिले के कलेक्टर एवं एसपी से समन्वय स्थापित किया जाए एवं कानून व्यवस्था बिगड़ने का भय होने पर फील्ड अभियंता पुलिस बल को साथ लेकर पेयजल लाइन से अवैध कनेक्शन हटाने एवं बूस्टर जब्त करने की कार्यवाही करें।

डॉ. अग्रवाल ने गर्मियों में अंतिम छोर तक पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अवैध कनेक्शन एवं बूस्टर्स के खिलाफ प्रभावी अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि 1 अप्रेल 2022 से 31 मार्च 2023 तक 16 हजार 15 अवैध जल संबंधों के मामलों में कार्रवाई की गई। इनमें 14 हजार 290 हटाए गए एवं 1725 नियमित किए गए।

# आई.पी.एल.पर सट्टा लगवाते तीन बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर**। मानसरोवर थाना पुलिस ने क्रिकेट मैच पर सट्टा लगवाने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने इन बदमाशों के पास से दो लेपटॉप, तीन टेबलेट, 15 मोबाईल फोन, डायरी एक रजिस्टर और नगदी बरामद की हैं। पुलिस को पिछले एक सप्ताह से इन बदमाशों की तलाश थी। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह जगह बदल-बदल कर सट्टा खिलाने का काम कर रहे थे। डीसीपी साउथ योगेश गोयल ने बताया कि मुखबिर से जानकारी मिली थी की बालाजी रेजीडेंसी विनायक विहार गणपतपुरा मानसरोवर में कुछ लोग सट्टे खिला रहे हैं। इस पर सादा वर्दी में पुलिसकर्मियों को मौके पर भेज कर जांच कराई गई। पुष्टि होने पर पुलिस ने दबिश दी इस दौरान पुलिस ने सुनिल कुमार, प्रकाश चंदड ,मुकेश कुमार को मुम्बई बनाम दिल्ली के आईपीएल मैच मे ऑन लाईन सटटा लगाते गिरफतार किया। बदमाशों को आज कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें 15 अप्रैल तक रिमांड पर भेजा हैं।

# 402 सरकारी विद्यालयों का पी.एम.श्री. योजना में चयन

- **सभी चयनित स्कूलों को मिलेगी दो-दो करोड़ रु.की सौगात**

**जयपुर** (कासं)। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों की स्थापना, नामांकन में उत्तरोत्तर प्रगति, विद्यालयों के ढांचागत विकास एवं शैक्षिक नवचारों की सतत पहल एक बार फिर रंग लाई है। देश में शैक्षिणक विकास के कई पैरामीटर्स में अनवरत अव्वल प्रदर्शन के गौरव के बाद अब राजस्थान ने पीएम श्री योजना में भी सर्वाधिक सरकारी स्कूलों को चयन कराते हुए देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इन सभी चयनित स्कूलों को दो-दो करोड़ रुपये की सौगात मिलेगी। इस योजना में प्रदेश के 21 हजार 356 सरकारी स्कूलों को बैंचमार्क विद्यालय माना गया है।

शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी कल्ला, शिक्षा राज्य मंत्री जाहिदा खान, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा अपर्णा अरोड़ा, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के आयुक्त एवं राज्य परियोजना निदेशक डॉ. मोहन लाल यादव एवं शिक्षा निदेशक गौरव अग्रवाल ने प्रदेश की इस विशिष्ट उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विभाग की पूरी टीम को बधाई दी है। शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों में नवाचारों से नामांकन में बढोतरी एवं समग्र शैक्षिणक विकास के लिए लगतार प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा में यह उपलब्धि मील का पत्थर है,जो टीम एजूकेशन-राजस्थान के समर्पित एवं सतत प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने बताया कि पीएम श्री योजना के प्रथम चरण में राजस्थान के सबसे ज्यादा 402 सरकारी विद्यालयों का चयन किया गया है, इनमें माध्यमिक शिक्षा के 346 और प्राथमिक शिक्षा के 56 सरकारी स्कूल शामिल है। प्रदेश के कुल 718 स्कूलों को इस योजना में शामिल किया जाएगा, इसमें से राजस्थान ने पहले चरण में ही 56 प्रतिशत विद्यालयों का चयन कराते हुए विशेष सफलता प्राप्त की है।

## सार-समाचार

### श्री श्याम भजन संध्या का पोस्टर जारी



**जयपुर**। श्री श्याम शिव मित्र मंडल के तत्वावधान में जगन्नाथ पुरी काली का खाना छापोलो की ढाणी सांगानेर में प्रथम श्याम भजन महोत्सव ''एक शाम हारे के सहारे के नाम'' का विशाल आयोजन शनिवार को सांय 7 से श्याम इच्छा तक किया जाएगा। जिसमें जयपुर के जाने माने कलाकार अपनी रसमई वाणी से बाबा को रिझायेंगे। मंडल कार्यकर्ताओं ने बताया की भजन संध्या में बाबा का भव्य दरबार सजेगा साथ ही पुष्प वर्षा और इत्र वर्षा की जाएगी। सांगानेर विधायक अशोक लाहोटी, जनसेवक पुष्पेंद्र भारद्वाज, पार्षद कुसुम यादव, पूर्व पार्षद एवं चेयरमैन अजय यादव एवं पार्षद विजेंद्र सैनी ने पोस्टर का विमोचन किया। इस दौरान अक्षय यादव विष्णु यादव रामावतार शर्मा नकुल छीपा गणेश कुमावत उपस्थित रहे।

### मंत्री बी.डी. कल्ला ने पुस्तक लॉन्च की

**जयपुर**। कला, साहित्य एवं संस्कृति मंत्री डॉ. बी. डी कल्ला ने बुधवार को शासन सचिवालय स्थित अपने कक्ष में राजस्थान धरोहर प्राधिकरण द्वारा प्रदेशभर में रणबांकुरों, महापुरूषों, सन्त महात्माओं, लोक देवी-देवताओं और साहित्य सेवी विद्वानों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर बनाये जा रहे पेनोरमाओं पर केन्द्रित पुस्तक ''आपणी धरोहर-आपणो गौरव'' का लोकार्पण किया गया। डॉ. कल्ला ने पन्नाधाय पेनोरमा, बप्पारावल पेनोरमा एवं महाराणा राजसिंह पेनोरमाओं पर बने तीन वृत चित्रों का भी लोकार्पण किया। इसके साथ ही कला, साहित्य एवं संस्कृति मंत्री डॉ. कल्ला ने राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के विशेष लोगों का भी विमोचन किया। इस लोगो में भक्ति, शक्ति, विरासत और साहित्य के प्रतीकों का समावेश किया गया है। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में डॉ. कल्ला ने पुस्तक की सामग्री एवं वृत चित्रों की गुणवत्ता की तारीफ करते हुए कहा कि इनके अधिक से अधिक प्रचार किया जाए, जिससे प्रदेश के नागरिक इन महान शख्सियतों के आदर्शों से प्रेरणा ग्रहण कर सके।

### आग में फंसे मजदूर की जान बचाई

**जयपुर** (कासं)। मानसरोवर इलाके में मंगलवार-बुधवार की मध्यरात्रि एक लकड़ी के गोदाम में लगी आग के बीच जिंदगी के लिए गुहार लगा रहे मजदूर को चेतक पर तैनात हैडकांस्टेबल कमलेश शर्मा और कांस्टेबल हरिओम ने मौत के मुंह से निकाल लिया। दरअसल, मंगलवार-बुधवार की मध्यरात्रि 2 बजकर 45 मिनिट पर नारायण विहार स्थित एक लकडी गोदाम में अचानक आग लग गई थी। यह गोदाम लोहे की चादरों से चारों तरफ से कवर था। गोदाम में आग की लपटे निकलती देख स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इस पर मानसरोवर थाने की चेतक मौके पर पहुंची। गोदाम में अंदर भीषण आग लगी हुई थी। चेतक आईसी कमलेश शर्मा ने तुरंत दमकल विभाग को सूचित कर कांस्टेबल हरिओम के साथ गोदाम के आस-पास मजदूरों की स्थिति जानी तो पता चला एक मजदूर अंदर फंसा हुआ है। इस पर हैडकांस्टेबल कमलेश शर्मा ने तुरंत आग की लपटों के बीच गेट को लात मार कर तोडा और अंदर बदहवास मजदूर को बाहर निकाला। मजदूर को निकलने में थोड़ी देर और हो जाती तो उसकी जान भी जा सकती थी।

### कोटा का कुख्यात नकबजन पकड़ा

**जयपुर** (कासं)। झोटवाड़ा पुलिस ने कोटा ग्रामीण के कुख्यात नकबजन को पकड़ लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक नकाब और नकबजनी का माल बरामद कर लिया। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी दो दर्जन मामले दर्ज चल रहे है। आरोपी वारदात करने में इतना माहिर है कि वह रुप बदल बदल कर वारदातों को अंजाम देता है। आरोपी नशे का सेवन करने में भी माहिर है। डीसीपी (पश्चिम) वंदिता राणा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सादिक हुसैन (34) पुत्र मोहम्मद सुबराती तलहेटी मौहल्ला कैथून कोटा का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि 11 अप्रेल 2023 को परिवादी सत्य नगर झोटवाड़ा निवासी प्रद्युमन सिंह शेखावत ने थाने में मामला दर्ज करवाया था। जिसमें बताया कि 10 अप्रेल को वह परिवार के साथ सत्य नगर झोटवाड़ा वाले प्लाट पर रुका हुआ था। इसी दौरान उसके पास मौसा का फोन आया जिसमें बताया कि घर में कोई चोर घुसा हुआ है। जब वह मकान पर पहुंचा तो एक लड़का दीवार कूदकर भाग गया। जब वह कमरे में पहुंचा तो अंदर सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर घर में रखे सोने चांदी के आभूषण और रुपए चुराकर ले गया था। आरोपी को पकड़ने के लिए एसीपी प्रमोद स्वामी, थानाधिकारी घनश्याम सिंह राठौड़ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम ने घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे और पूर्व के चालानशुदा अपराधियों से पूछताछ कर मुखबिर नियुक्त किए। 11 अप्रेल को मुखबिर से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से मिलान कर आरोपी सादिक हुसैन को गिरफ्तार कर लिया।

### रामगंज पुलिस ने स्थाई वारंटी दबोचा

**जयपुर** (कासं)। रामगंज थाना पुलिस ने 9 साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। डीसीपी (नॉर्थ) राशि डोगरा डूडी ने बताया पीएचक्यू की तरफ से चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के अभियान के तहत रामगंज थाना पुलिस ने 9 साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी नासिर उर्फ बाबू (30) निवासी मच्छी बाजार, घाटगेट को गिरफ्तार किया है।

### चोरी की बाइक के साथ बदमाश पकड़ा

**जयपुर** (कासं)। सांगानेर थाना पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की बाइक जब्त की है। डीसीपी (ईस्ट) ज्ञान चंद यादव ने बताया कि शातिर वाहन चोर अमित योगी (23) निवासी वाटिका सांगानेर को गिरफ्तार किया गया है और उसके पास से एक चोरी की बाइक भी बरामद की गई है।



## International FND Awareness Day


When it comes to disorders and diseases, one of the most common misconceptions is that people are in control of their symptoms. With disorders like FND, that's not the case. FND, or Functional Neurological Disorder, is a disorder that breaks down the communications between the brain and the body, even when both the brain and the body are functioning correctly. FND can mimic other conditions because varying patients can have symptoms ranging from chronic pain to immobility.This day is all about spreading awareness and finding out what you can do to help this cause.



#BLISS-OF-NATURE

# Most Amazing Sunset Destinations in India

Observing the west direction will never be more inspiring than coming across these incredible sunset points.



Sunset is one of the gorgeous phenomena of nature and watching the sunset is a true treat for its visitors. People have an incredible experience when they see the sun melting into the horizon from a panoramic location. These locations can be a mountain-top, an ocean, a glacier or the top of a skyscraper.

There are several amazing sunset destinations in India that allow you coming across the most beautiful picture of nature. Observing the west direction will never be more inspiring than coming across these incredible sunset points. Explore top places in India to enjoy sunset.

### Haji Ali Dargah

Haji Ali is a popular religious place in Mumbai. It is also an amazing place to enjoy sunset. The setting of sun, against the serene background of Haji Ali Dargah, long stretches of ocean and sea-birds are just perfect way for enjoying a picturesque sunset. It is one of the best sunset points in India offering the most relaxing experiences to the visitors.

### Kanyakumari Beach

With long stretches of multi-coloured sand, Kanyakumari Beach offers spectacular sights of sunset over the confluence of the three seas, including Arabian Sea, Bay of Bengal and Indian Ocean. The beach is well-known for offering distinct reddish sunsets. On full moon evenings, enjoy the perfect combination of rising moon and setting sun. This occasion makes it the most beautiful sunset destination of India.

### DiskitNubra Valley

The untouched beauty of Nubra Valley is magically pure making it one of the best places to enjoy sunset. Sunset at Diskit village in Ladakh is a magical experience as the mountain ranges radiate the delightful hues of yellow and orange making the atmosphere glow. During the sunset, the angular rays of sun bring life to the desert and make it a gorgeous place to visit. Each framework creates a piece of magic making sunsets in the valley must experience.

### Rann of Kutch

Rann of Kutch is another gorgeous sunset destination of India. Sunset at the Rann of Kutch makes the visitors feel like enjoying a beautiful natural wonder in the desert. At the White Rann of Kutch, the phenomenon offers spectacular views to the visitors. There is nothing more beautiful than seeing the setting of sun on a clear day at Rann of Kutch.

### Taj Mahal

With soothing shades of yellow, orange and pinkish red, Taj Mahal glows amazingly during sunset. It is one of the most popular sunset destinations in India to witness the sun while sinking into the horizon. The marvellous structure of white marble with its delicate carvings and location near River Yamuna creates striking sunset full of romance and splendour.

### Sunset Point, Mount Abu

Sunset at the Sunset Point in Mount Abu is an awesome experience as view of the sun setting into the horizon leaves the visitors in awe. With a cool weather, pleasant backdrop, a hot cup of tea and corn cobs ensure a bewitching sunset. Sunset Point of Mount Abu is one of the best destinations to enjoy beautiful sunsets.

### Monsoon Palace, Udaipur

Also known as SajjanGarh Palace, Monsoon Palace is known for offering incredible sunsets to the visitors. Along with being a significant heritage structure, it is also a popular sunset point of India. From a height at Monsoon Palace, you can see the sun sinking into the horizon leaving its colours all over the place.

### Alleppey Beach, Kerala

Alleppey Beach is one of the most magical sunset destinations of India. The sun on the horizon bids farewell to this side of the earth and a wide open compilation of thin wrinkles is collected. It is magical to watch sunset over a broken bridge stretching into the Arabian Sea. The evenings in Alleppey Beach is something that you always look for.

### Palolem Beach, Goa

Palolem Beach is known for its spherical shape and incredible natural beauty featuring palm trees around. It is also known for being one of the most beautiful sunset destinations in India. With wooden huts, palm trees and gorgeous & flawless stretch of water, sunset at Palolem Beach of Goa is a wonderful experience.

### Radhanagar Beach, Havelock Island

Sunset at Radhanagar Beach is purely overwhelming making it one of the best places to enjoy sunset in India. The untouched beauty of beaches; coral reefs and natural backdrop create a perfect aura for enjoying memorable sunsets.



Rann of Kutch.

# Love Like & Friendship Between Iran & India

According to one anecdote, the Shah told Nehru, "My dear friend, when the people of Iran elected me as their ruler, they gave me a great responsibility. They did not elect me to be a tyrant, but to serve them. You too have been elected to serve your people, and they need you now more than ever. Stay strong, my friend, and do not let this crisis defeat you." Nehru was deeply moved by the Shah's words and later remarked that they gave him the strength and courage to face the challenges ahead. The two leaders continued to maintain a close friendship throughout their lives, despite the many political and cultural differences between their countries.




Mariam Abuhaideri

*Animal rights activist and a wonderlust*


#RISHTE



Prime Minister Jawharlal Nehru with H.M. Queen Soraya and H.I.M. Emperor Shah Mohammad Reza Pahlavi of Iran.

Growing up in Iran, my family didn't have access to Bollywood movies. However, my mother was determined to introduce us to the vibrant and colourful world of Indian cinema. She would often go to the video library in Tehran to source Bollywood films.

I still remember the day she brought home the first Bollywood movie we ever watched - "Qayamat Se Qayamat Tak." As we settled down to watch the movie, I had no idea that it would mark the beginning of my love for Bollywood and India.

From that day on, I was hooked. I would eagerly await my mother's next visit to the video library, hoping that she would bring back another Bollywood classic. I would immerse myself in the music, the dance, and the drama of each movie, mesmerized by the beauty and magic of India.

Years later, I would look back on those childhood memories with fondness and gratitude for my mother's efforts to expose us to a culture that was so different from our own. And I knew that my love for Bollywood and India would always be a part of me. So, as I grew up with Bollywood films and the vibrant culture of India, I knew that my connection to this beautiful country was not unique to me. It was a connection shared by generations of Iranians, including the Shah, a connection that would continue to thrive for generations to come.

Although I did not personally experience Iran's glorious period of monarchy, I have been exposed to these narratives through my father.

Mohammad Reza Shah Pahlavi, the last Shah of Iran, was a leader who left a lasting impact on Iranian history. His rule was characterised by impressive modernization efforts and remarkable economic growth. However, his authoritarian tendencies were cause for concern and eventually led to his downfall in 1979. Despite this, the Shah's relationship with India stands out as a shining example of the deep cultural ties between these two nations. The Shah's love for India served as a testament to the enduring bonds that unite countries across vast distances and political divides.

### The Shah's connection to India

The Shah's connection to India dates back to his childhood. He was educated at Le Rosey, a boarding school in Switzerland, where he was classmates with Indian princes. This exposure to Indian culture and traditions sparked his interest in the country and its people.

As Shah, Mohammad Reza Pahlavi visited India several times and developed close friendships with Indian leaders, including Prime Minister Indira Gandhi. Their relationship was based on mutual respect and a shared commitment to modernization and progress.

One anecdote that highlights the Shah's love for India occurred during his first visit to the country in 1956. The Shah was scheduled to attend a reception at the Rashtrapati Bhavan, the presidential palace in New Delhi, but he arrived early and decided to take a walk around the city. As he was walking, he saw a group of Indian children playing cricket and stopped to watch. The children invited him to join in, and the Shah happily played cricket with them for over an hour.



Pahlavis meet Indira Gandhi in India, 1970.

The Shah's connection to India was also reflected in his interest in Indian art and culture. He was an avid collector of Indian art and artefacts, and his collection included pieces from a wide range of regions and time periods. He also supported the study of Indian culture and history in Iran, funding research and educational programs on Indian topics.


Our King's love for India was reciprocated by many Iranians, who also admire Indian culture and traditions. Indian films and music are popular in Iran, and many Iranians are familiar with Indian art and literature. Tehran has a street named after Mahatma Gandhi, a tribute to the friendship between his father and Mahatma Gandhi.

However, the Shah's close ties with the West and his alignment with the United States during the Cold War strained his relationship with India and other Non-Aligned Movement countries. Iran's support for Israel during the Arab-Israeli conflict also put it at odds with many of its fellow Muslim nations.

Despite these tensions, the Shah remained committed to his vision of a more modern and prosperous Iran and continued to seek out opportunities for cooperation with India and other Asian nations. He recognized the potential for a stronger relationship between Iran and India, based on shared cultural and economic ties, and worked to foster greater cooperation between the two nations.

One example of this cooperation occurred in the 1970s, when India and Iran signed a bilateral trade agreement that helped to boost economic ties between the two countries. The Shah was a strong supporter of this agreement and saw it as an opportunity to expand trade and investment between Iran and India.

The Shah's connection to India serves as a reminder of the strong cultural and historical ties between these two nations. Despite their differences in politics and geography, Iran and India share a deep admiration for one another's culture and traditions, and a mutual desire for greater cooperation and understanding. The Shah's love for India and his commitment to fostering closer ties between the two nations will always be remembered as a testament to the power of cultural exchange and diplomacy.



Prime Minister Morarji Desai with His Imperial Majesty, Shahenshah of Iran at Niavaran Palace in Tehran on June 5, 1978.



The Shah of Iran, Mohammad Shah Pahlavi, poses with his son, Prince Reza, and wife, Farah, following his coronation in 1967.

### Gesture of Solidarity


A remarkable bond that the Shah of Iran forged in India was with Jawaharlal Nehru, India's first Prime Minister. The two leaders had a shared vision for the progress and development of their countries, and collaborated closely on a range of pressing issues.

One of the most memorable moments of their friendship occurred during the Shah's visit to India in 1956. At the time, Nehru was in the midst of a major political crisis, with several of his ministers resigning from his cabinet. The Shah, recognizing the importance of Nehru's leadership for both India and the wider world, offered his support and encouragement.

According to one anecdote, the Shah told Nehru, "My dear friend, when the people of Iran elected me as their ruler, they gave me a great responsibility. They did not elect me to be a tyrant, but to serve them. You too have been elected to serve your people, and they need you now more than ever. Stay strong, my friend, and do not let this crisis defeat you."

Nehru was deeply moved by the Shah's words and later remarked that they gave him the strength and courage to face the challenges ahead. The two leaders continued to maintain a close friendship throughout their lives, despite the many political and cultural differences between their countries.

Another significant moment in the relationship between Iran and India occurred in the aftermath of the Islamic Revolution. In 1980, the Indian government granted asylum to the former Iranian Prime Minister, Mehdi Bazargan, who had been imprisoned by the new regime. This gesture of solidarity was widely praised in Iran and helped to cement the close relationship between the two nations.



Iranian royal family.

### Enduring Friendship

Today, Indian films, music, and literature remain popular in Iran, and many Iranians study Indian culture and history. The Indian government has also been supportive of Iranian cultural events and initiatives, such as the annual Persian Film Festival held in New Delhi. Persian filmmakers are obsessed with Indian cinema.

Majid Majidi's cinematic masterpiece, "Beyond the Clouds," is a testament to the deep and abiding love that Iranians hold for the art, culture, and stories of India.

Set against the backdrop of the bustling streets of Mumbai, the film captures the essence of India's vibrant and diverse culture. Majidi's artful direction and masterful storytelling breathe life into the characters and the city they inhabit, transporting audiences to a world of colour, music, and magic.

> In 1980, the Indian government granted asylum to the former Iranian Prime Minister, Mehdi Bazargan. This gesture of solidarity was widely praised in Iran and helped to cement the close relationship between the two nations.

But the film is more than just a celebration of Indian culture. It is also a tribute to the enduring friendship between our two nations, a friendship that has been forged over centuries of shared history and cultural exchange.

The Shah's commitment to fostering closer ties with India and his love for Indian culture and traditions serve as a reminder of the power of diplomacy and cultural exchange to build bridges between different nations and people.

Many Iranians continue to revere the Shah and his legacy. They credit him with laying the foundation for a more modern and prosperous Iran and see him as a symbol of the country's potential for progress and development.

And today as Iran and India continue to navigate the complexities of the modern world, it is important to remember the deep cultural and historical ties that unite these two great nations. Whether through cultural exchange, diplomatic cooperation, or personal friendships, the legacy of the Shah and his connection to India will always serve as a reminder of the potential for greater understanding and cooperation between my ancestral land and my adopted homeland.


*rajeshsharma1049@gmail.com*


#WORKPLACE-EVOLUTION

# Lessons Every Leader Must Embrace

Organizations of all types have shredded hundreds of millions of dollars on poorly planned and executed swipes at transformation.



Organizational transformation with a significant digital presence is like navigating a major city's subway system. You get on one train, only to get off at the next stop and board another. And so it continues. But, unlike a hapless visitor clinging to the hope that the next leg will be the final one, you understand that your trip is never really going to end. Organizational transformation is a journey that never stops. It's up to you to keep steering in the correct direction. Accordingly, staying on the right course with your organizational transformation mandates your continued evolution as a leader as well.

A successful transformation is certainly a testimony to your leadership skills. Not everyone can help devise, implement, and motivate to the level required by sweeping change-the steep failure rate attests to that. And, as an accomplished leader, you're well aware that meaningful change can't possibly take place without equal conviction and energy from everyone on your team. Acknowledged inclusion is everything.



But the challenge is by no means over. As you and your organization move forward, so too must you continue to hone, sharpen, and, if need be, change elements of your leadership. Your organization isn't what it was yesterday-and neither should you stay the same.

Organizations of all types have shredded hundreds of millions of dollars on poorly planned and executed swipes at transformation. Although the reasons for those pervasive missteps can vary, one undeniable mistake has to do with finances.

Below are eight lessons every leader must embrace if they want to avoid the same misfortunes:

### Follow The Money

They must focus on the business and understand how it creates value. Leaders must understand the business strategy: Regarding each product market, is the firm in an exploratory or exploitative posture? This assumes that the organization has a strategy that is well articulated and supported by appropriate structures, processes, and information.

### Managing Technology

The next generation of leaders will understand-or should if they want to succeed-that they must invest in managing technology as well as in the technology itself. If there is any remaining doubt today, there will not be in the future; technology, per se, is an equalizer. Only in the management of it can firms eke out an advantage.

### Understand What Technology Does

Unless they appreciate that technology often plays a critical role in establishing or maintaining a strategic position, future leaders may well spend inappropriately. But that appreciation must evolve to an understanding of how the various types of technology-those that enable transactions, decisions, or relationships, for example-contribute to an organization's strategic actions. More often than not, in the first half century of technology, it was thought about only tactically.

### See Through Walls

Tomorrow's leaders will be far more comfortable with deriving value through partnerships and other types of engagements. They must understand the role technology plays in enabling these partnerships and learn to manage the technology that stretches across internal organizational boundaries.

### Manage Business And Technology As One

The moments of dissension and the finger-pointing at failures will disappear as executives come to see that technology failure is often due to weak or nonexistent business strategy or failure to create a business-driven technology strategy. Alignment will increasingly be seen as only the first step; it will occur to all that the design and management of business cannot be done apart from the design and management of technology.



Debjani Ghosh.

### Scrap The Org Chart

We are already seeing the blending of corporate roles. It will be commonplace in the future. Leaders will have to be comfortable in both the business and technology realms. This re-identity is already underway.

### Get Underneath The Hood


Leaders of the next generation must be able to discern business processes below the overarching posture of an organization that advance strategy. Moreover, they must see technology as part and parcel of these processes; the two are inseparable. This is going to require untying the functional straitjackets in which many organizations have existed.

### Get Comfortable With Speed

Is it too much of a cliché to say that everything will move faster and faster, that interconnectivity makes the whole world our playing field, and that we must give up command and control so that our people on the edges of the organization can react to events in real time? And that this is an entirely new way of thinking about management and leadership? And that even if we pay lip service to it today, it will be very hard to accomplish?

Above all, what really matters moving forward is your understanding and recognition of the scope of change, in which you are a valuable player. Armed with that powerful mindset, you've positioned yourself to be just as aware of how different your organization will look in the future-and how you can adapt to help that journey continue toward growth and further success.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott





## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# वन विभाग व पुलिस ने 316 बीघा वन भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाया

## वन भूमि पर कुल 14 अतिक्रमियों द्वारा खेत बनाकर कच्चे और पक्के मकान, अमरुदों के बगीचे लगाकर अतिक्रमण कर रखा था

**बामनवास,** (कासं)। चौथ का बरवाड़ा उपखंड क्षेत्र में वन विभाग एवं स्थानीय थाना पुलिस द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए वन विभाग की करीब 316 बीघा जमीन पर अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया। वन भूमि पर कुल 14 अतिक्रमियों द्वारा अवैध रूप से खेत बनाकर कच्चे व पक्के मकान अमरुदों के बगीचे लगाकर अतिक्रमण कर रखा था। जिसको मंगलवार को वन विभाग व पुलिस विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए मशीनों आदि की सहायता से भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया व मौके पर उक्त कार्यवाही पर जेसीबी मशीन द्वारा खाई खुदवा कर भूमि को सरकारी कब्जे में लिया गया।

अतिक्रमण हटाओ अभियान एवं वन भूमि की बेशकीमती जमीन पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त करने का कार्य श्रवण कुमार रेड्डी उपवन संरक्षक सवाईमाधोपुर व हर्षवर्धन अग्रवाला, पुलिस अधीक्षक सवाईमाधोपुर के निर्देशन मे एवं दीपक शर्मा रेजर सवाईमाधोपुर व चौथ का बरवाड़ा थाना अधिकारी टीनू सोगरवाल के नेतृत्व में किया गया।



चौथ का बरवाड़ा उपखंड में वन विभाग व स्थानीय पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त किया।

इस बड़े पैमाने पर वन भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान मौके पर गुलाब चन्द्र शर्मा रेन्जर शकुन्तला सैनी वनपाल ताराचन्द यादव वनपाल थानेदार मीना वनपा शिवराज गुर्जर अधक वनपाल,

- अतिक्रमण हटाने के बाद वन विभाग ने प्लांटेशन का कार्य किया शुरू
- मौके पर उक्त कार्यवाही पर मशीन द्वारा खाई खुदवा कर भूमि को कब्जे में लिया

पूरणम्को का सहयक वनपाल, पंकज शर्मा, प्रधक वनपाल, पुनील चौधरी, करकड, राजेन्द्र चौधरी, वनरक्षक एवं रोज सवाईमजोडर, बोली, गंगापुर के कुल पचास वनरक्षक मौजूद रहे।

वन विभाग में विगत 7याह में ग्राम सिरोही, भगवागढ, भरवाहा, गिरधरपुरा, बनोटा का टापरा, चौथ का बरवाड़ा भेडोली, बिमतारी, सारसोप, ईशरदा में कुल 316 बीघा बेशकीमारी वन भूमि से अतीक्रमण हटाकर, प्लान्टेशन कार्य किया जा रहा है। दीपक शर्मा ने बताया कि अतिक्रमण हटाने की लगातार कार्यवाही जा रही रहेंगी।

# बुजूर्ग दम्पति ने चूरू एस.पी. से न्याय की गुहार लगाई

## बेटे ने पत्नी के साथ मिलकर माता-पिता को जान से मारने का प्रयास किया

**चूरू,** (कासं)। तारानगर थाना क्षेत्र के गांव आशा की ढाणी निवासी एक बुजुर्ग दंपत्ति के साथ उसी के पुत्र और पुत्रवधू ने मारपीट करके जान से मारने की कोशिश की। बुधवार को यहां आशा की ढाणी निवासी भगवानाराम नायक (70) और उनकी धर्मपत्नी बनारसी नायक (65) ने पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना के नाम ज्ञापन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

- पिछले दिनों राजू और उसकी पत्नी ने माता-पिता से मारपीट करके दोनों को जान से मारने की भी कोशिश की

एसपी ऑफिस में भगवानाराम नायक ने बताया कि उसका छोटा लड़का राजू नायक अपनी पत्नी और बेटे के साथ मिलकर मारपीट करता रहता है। पिछले दिनों राजू और उसकी पत्नी ने उसके व बनारसी के साथ मारपीट करके दोनों को जान से मारने की कोशिश की। भगवानाराम नायक ने बताया कि राजू शराब पीने का आदी है। राजू अवैध रूप से शराब बेचने का काम करता है। उसे ऐसा करने से मना किया तो वह मारपीट करने लगा। राजू उन्हें जान से मारना चाहता है। बनारसी ने बताया कि उनके तीन बेटे हैं। उन्होंने खेत, घर आदि सब कुछ उनको दे दिया है। राजू और उसकी पत्नी उनके साथ मारपीट करते रहते हैं।


बुजुर्ग दंपत्ति ने एस.पी. से न्याय की गुहार लगाई।

बनारसी ने बताया कि जब वह खाना खाने बैठती है तो राजू की पत्नी खाने की थाली में खंखार डाल देती है। कपड़ों में गंदा पानी डाल देती है। पांच अप्रैल को उसके पुत्र राजू और पुत्र वधू ने उसे व उसके पति को जान से मारने की कोशिश की। दोनों बड़े बेटों का परिवार भी उन्हें छुड़ाने के लिए नहीं आया। गांव का ही जाटों का लड़का उनको तारानगर के अस्पताल में लेकर गया। अस्पताल में भी उनके परिवार और रिश्तेदारों में से कोई मिलने तक नहीं आया। राजू और उसकी पत्नी ने कहलवाया है कि घर में वापस आ गए तो दोनों को काटकर खा जायेंगे। तारानगर पुलिस थाने में भी राजू और उसकी पत्नी के खिलाफ कई बार रिपोर्ट दे दी है। पुलिस उनको बुलाती है और वापस छोड़ देती है। वह आकर फिर मारपीट करता है। किसी के समझाने से भी नहीं समझता है। अबे कहां जाएं, कुछ भी समझ में नहीं आ रहा है। वे अस्पताल से सीधे पुलिस अधीक्षक के पास न्याय की गुहार लगाने पहुंचे हैं।

# आपसी रंजिश में युवक की हत्या

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के निकटवर्ती हलेड़ गांव में आपसी रंजिश के चलते एक होटल पर दो युवकों ने एक अन्य युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। इस वारदात से गांव में दहशत फैल गई।

सीओ सदर रामचंद्र चौधरी के अनुसार, हलेड़ निवासी शंकर (35) पुत्र अंबालाल जाट गांव के बाहर होटल पर बैठा था। इसी दौरान दो युवक आये और शंकर पर चाकू से हमला कर दिया। इससे शंकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल एमजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने शंकर को मृत घोषित कर दिया। उधर चाकूबाजी में शंकर की मौत की खबर से गांव में सनसनी फैल गई। युवक की हत्या की सूचना पर एएसपी सहाड़ा गोवर्धन लाल, डीएसपी सदर, कोतवाली, सुभाषनगर, भीमगंज व सदर थाने से पुलिस जाब्ता जिला अस्पताल पहुंच गया। परिजनों ने हमलावरों के नाम राहुल और राजू बताये हैं। इन नामों की पुलिस पुष्टि कर रही है। डीएसपी रामचंद्र चौधरी ने बताया कि यह वारदात दो परिवारों के बीच विवाद के चलते होने की बात सामने आई है।


घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया।

# खेत में पानी देने गए युवक का शव मिला

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले के बिछीवाडा थाना क्षेत्र के कनबा गांव में अज्ञात व्यक्तियों ने एक युवक की हत्या कर दी। मिली जानकारी के अनुसार कनबा गाव में सुबह एक खेत में युवक का खून से सना शव पडा मिला।

सूचना पर बिछीवाडा एसडीएम नोकमसिंह,एसपी कुंदन कंवरिया, डिप्टी राकेश शर्मा सहित बिछीवाडा पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। शव की पहचान कनबा निवासी छगन पुत्र नगजी पटेल के रूप में हुई। मृतक रात को घर से खेतों में पानी देने के लिए निकला था, जिसके बाद वापस घर नहीं लौटा ओर उसका शव खेतों में पडा मिला।

परिजनों ने हत्या बताते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शव को घण्टों तक नही उठाया। घटना की जांच के लिए बांसवाडा से डॉग स्क्वायड और एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची।

पुलिस समझाईश के बाद परिजनों व समाज के लोगों ने दोपहर में शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी रखवाया और गहनता से जांच शुरू कर दी। इधर घटना के बाद बारां पटेल व गाव के लोगो ने जिला कलेक्टर एल.एन.मंत्री व एस.पी. कुंदन कंवरिया को ज्ञापन सौंपकर अपराधी को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है। साथ ही पीडित परिवार को आर्थिक सहायता व परिजन को सरकारी नौकरी दिलाने की भी मांग की है।

## गर्भवती महिला ने की आत्महत्या

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के हिरणमगरी थाना क्षेत्र में गर्भवती महिला ने पेड़ पर फांसी लगा आत्महत्या कर ली।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार सवेरे मटून थाना हिरणमगरी निवासी रेखा उर्फ दुर्गा गमेती (25) पत्नी नारायणलाल गमेती मटून के जंगल में पेड पर लटकी हुई मिली। इसकी सूचना मिलने पर थानाधिकारी रामसुमेर मीणा ने मौके पर पहुंच कर मृतका को नीचे उतार पीहर वलिचा से परिजनों को बुलवा कर उनकी मौजूदगी में मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। रेखा करीब चार माह से गर्भवती थी जिसकी दिमागी हालत भी ठीक नहीं थी। एक वर्ष पूर्व नारायण के पास नाते आई थी। मंगलवार रात में वह बिना बताए घर से निकली थी।

# हेरोइन की सप्लाई लेने आए दो युवकों को पकड़ा

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। रायसिंहनगर इलाके में भारत-पाक इंटरनेशनल बॉर्डर की खाटां पोस्ट के पास बीएसएफ ने हेरोइन की सप्लाई लेने आए दो युवकों को पकड़ लिया। वहीं 3 युवक भाग गए। मौके से श्रीगंगानगर नंबर की एक कार भी मिली है।

दोनों से सुरक्षा एजेंसियां पूछताछ कर रही है। पंजाब भागे तीनों युवकों की भी तलाश की जा रही है। पकड़े गए दोनों आरोपी श्रीगंगानगर के रावला और अनूपगढ़ इलाके के रहने वाले हैं। बीएसएफ के अधिकृत सूत्रों ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि रायसिंहनगर इलाके की खाटां पोस्ट से त्रिलोक सिंह पुत्र मच्छी सिंह रावला निवासी गांव बारह केएनडी और गुरदीप सिंह पुत्र कुलवंत सिंह निवासी अनूपगढ़ इलाके के गांव दस को गिरफ्तार किया हैं। बीएसएफ को इस इलाके में तस्करी होने और तस्करों के हेरोइन लेकर पंजाब की तरफ जाने की जानकारी मिली थी।

बीएसएफ ने देर रात मौके पर तस्करों की तलाश शुरू की तो युवक त्रिलोक सिंह और गुरदीप सिंह पकड़ में आए। तीन युवक हेरोइन लेकर पंजाब की तरफ जाने में कामयाब हो गए। बीएसएफ से मिली जानकारी अनुसार इस इलाके से पंजाब की तरफ कितनी हेरोइन ले जाई गई है और इसे ले जाने वाले कौन है। इस बारे में अब तक कुछ पता नहीं लग पाया है। आरोपियों के खिलाफ जल्द मामला दर्ज करवा दिया जाएगा।

# आग से बेटे को बचाने के लिए छत से कूदी मां

**बीकानेर,** (निसं)। रानीसर बास में एक महिला ने अपनी व नवजात बच्चे की जान बचाने के लिए पहली मंजिल से छलांग लगा ली। दरअसल, घर में आग लगने से महिला अपने बेटे के साथ फंस गई थी। रास्ता नहीं दिखने पर वो पहली मंजिल से छज्जे पर कूदी, वहां से नीचे आ गई। उसके किसी तरह की चोट नहीं आई। रानीसर बास में नूरानी मस्जिद के पास की ये घटना है। एक मकान की प्रथम मंजिल की रसोई में सिलेण्डर से गैस लीक होने से आग लग गई। आग ने रसोई के सामान और फ्रिज आदि को चपेट में ले लिया।

- रानीसर बास में सिलेंडर लीक होने से आग लगने से महिला अपने बेटे के साथ फंस गई थी

घर में धुआं ही धुआं हो गया। इससे ऊपरी मंजिल के कमरे में आठ दिन के बच्चे के साथ उसकी मां सलमा बानो फंस गई। उसने अपने बेटे को कपड़े में लपेटकर छाती से लगाया और कमरे की खिड़की से नीचे की मंजिल के छज्जे पर छलांग लगा दी। इसी बीच मोहल्ले के लोगों की भीड़ जमा हो गई। कुछ युवाओं ने रस्सी की मदद से महिला को छज्जे से नीचे उतारा। महिला सलमा बानो और उसके बच्चे को कोई चोट नहीं आई है। मोहल्ले के लोगों ने पानी डालकर आग पर काबू पा लिया। आग से घरेलू सामान का नुकसान हुआ है।

मकान मालिक मुस्ताक ने बताया कि शाम करीब साढ़े पांच बजे रसोई में खाना बनाते समय गैस चूल्हा भभक पड़ा और आग लग गई। आग ने रसोई में रखे फ्रिज आदि सामान का चपेट में ले लिया। परिवार के सदस्य सिलेण्डर फटने के डर से दौड़कर घर से बाहर निकल गए। परन्तु सलमा और उसका आठ दिन का बेटा तीसरी मंजिल में फंस गए। पूरे मकान में धुआं फैल जाने और सिलेण्डर फटने की आशंका में सलमा ने हिम्मत जुटाकर खिड़की से बच्चे के साथ नीचे की मंजिल के छज्जे पर छलांग लगा दी। गनीमत रही किसी के कोई चोट नहीं लगी।

## बुजूर्ग की मौत

**अलसीसर,** (निसं)। कस्बे में सांड के हमले से एक बुजूर्ग की मौत हो गई। 69 वर्षीय चंदगीराम बुधवार सुबह घर से अस्पताल के लिए दवा लाने निकला था। ग्राम पंचायत भवन के पास घूम रहे एक आवारा सांड ने बुजूर्ग को जोरदार टक्कर मारकर घायल कर दिया। लोगों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# कर्मचारी अवकाश पर रहे

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय आव्हान पर अपनी मांगों को लेकर जिले के समस्त मंत्रालयिक कर्मचारी जिलाध्यक्ष सुरेंद्र फौजी के नेतृत्व में सामूहिक अवकाश पर रह कर जिला कलेक्ट्रेट के सामने धरना दिया एवं समस्त उपखंड कार्यालयों के सामने धरना देकर राजकार्य बाधित किया।

बुधवार को दिए गए धरने में राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी जिलाध्यक्ष परमेश्वरसिंह शेखावत, पंचायतीराज जिलाध्यक्ष अनुज बेनीवाल, राकेश पूनियां, महिला एवं बाल विकास विभाग से सुरेश सैन, मनोज मील, मनोज स्वामी, दिलीप कुमार, विजेश सहित समस्त विभागों के मंत्रालयिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पाइप लाइन डालते समय बम मिला

**सूरतगढ़,** (निसं)। समीप इंदिरा गांधी नहर परियोजना के किनारे सेना का बम मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बम को निगरानी में लेकर मामले की सेना को जानकारी दी है। सिटी थाना के सहायक उप निरीक्षक सुरेश कुमार मीणा ने बताया कि शाम करीब 5:15 बजे सेना के सूबेदार बजरंग सिंह ने बम मिलने की जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद वे कांस्टेबल सुखदेव सिंह, धर्मेंद्र, चालक सुरेंद्र और दो आरएसी जवानों के साथ मौके पर पहुंचे तथा बम का मुआयना किया।

एएसआई ने बताया कि बम इंदिरा गांधी नहर की पटरी के समीप जलदाय विभाग द्वारा जेसीबी से पेयजल पाइप लाइन के लिए की जा रही खुदाई में सामने आया। जिसे निगरानी में लिया है। एएसआई ने बताया कि बम जिंदा है या चला हुआ इसकी तस्दीक सेना के अधिकारी करेंगे। फिलहाल सेना की बम निरोधक टीम को मामले की जानकारी दे दी गई है।

# डोडा-पोस्त और पिस्तौल के साथ तीन गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। दो अलग-अलग कार्रवाई कर पुलिस ने तीन लोगों को साढ़े चार किलो डोडा पोस्त, एक पिस्तौल और दो बारह बोर के कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। तीनों आरोपियों से डोडा-पोस्त और हथियार किस जगह से लेकर आए, इस बारे में पूछताछ की जा रही है। दोनों कार्रवाई रायसिंहनगर इलाके के मुकलावा और श्रीगंगानगर के जवाहर नगर थाना क्षेत्र में की गई।

पुलिस को रायसिंहनगर के मुकलावा थाना क्षेत्र में डाबला कोठी बस स्टैंड के आस-पास डोडा-पोस्त लाने की सूचना मिली थी। गश्त के दौरान पुलिस ने डाबला कोठी बस स्टैंड पर एक जीप को रोका। जीप में सवार युवकों के चेहरे पर घबराहट देख पुलिस को शक हुआ। जीप की तलाशी में साढ़े चार किलो डोडा पोस्त बरामद हुआ। इस पर आरोपी गांव 33 एमएल के लवदीप (23) पुत्र बलवंत कुमार और बीकानेर जिले के खाजूवाला थाना क्षेत्र के गांव छह केएलडी निवासी मुकेश कुमार (24) पुत्र सुभाषचंद्र को गिरफ्तार किया। मामले की जांच समेजा कोठी एसएचओ महावीर स्वामी कर रहे हैं।

श्रीगंगानगर के जवाहर नगर थाना क्षेत्र में एक आरोपी को सड़क पर पिस्तौल लेकर घूमते पकड़ा। आरोपी रविदास नगर निवासी शिवम (18) पुत्र देशराज सड़क पर बारह बोर पिस्तौल लेकर घूम रहा था। तलाशी ली तो उसके पास बारह बोर के दो कारतूस भी मिले।

## भाजपा में आये खेमका का स्वागत

**चूरू,** (कासं)। चूरू में कांग्रेस का दामन छोड़कर भाजपा में शामिल हुए रघुनाथ खेमका का अभिनंदन किया गया। यहां भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभिषेक चोटिया, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत, होलसेल उपभोक्ता भंडार के उपाध्यक्ष राकेश ओझा, भाजपा नगर मंत्री विकास बांठिया, लक्ष्मी नारायण इंदौरिया, सुरेश शर्मा, सुभाष शर्मा, शेखर शर्मा, मोहन भालेरी वाला, तेजपाल गुर्जर, नितिन बजाज आदि ने भाजपा में शामिल होने पर रघुनाथ खेमका का अभिनंदन किया।

# सुजानगढ़ को जिला बनाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**सुजानगढ़,** (निसं)। सुजला जिला बनाने की मांग के समर्थन में अभिभाषक संघ द्वारा उपखण्ड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। संघ अध्यक्ष एड. दिनेश दाधीच के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में सुजानगढ़ जिले के सम्बंध में पूरी जानकारी का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से सुजानगढ़ या सुजला जिला बनाने की मांग की है। इस दौरान एड. हरिश गुलेरिया, निरंजन सोनी, कमल गोयतान, नवरत्न सैनी, राजकुमार चायल, हरीश कुमार पारीक, अशोक कुमार पारीक, संतोष सोनी, श्यामसुंदर खंडेलवाल, भीम शंकर शर्मा, देवेंद्र सिंह राठौड, नरेश सोनी, राहुल देव शर्मा, विनोद सोनी, गोवर्धन लाल चौधरी, मीनाक्षी रांकावत, विजेंद्रा खेतान, रमेश बिस्सु, मोहनलाल बिस्सु, सुनीता सिखवाल, तोलाराम गोदारा, सद्दाम खान, आसिफ खान, फिरोज खान, दिनेश पांडिया, ओम प्रकाश शर्मा, कन्हैया लाल गुर्जर, शुभम सैनी, निर्मल सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित थे।

## नदी में बहे युवक की हुई शिनाख्त

**श्रीमहावीरजी,** (निसं)। गत दिनों गंभीर नदी में बहे अज्ञात युवक के शव की शिनाख्त हो गई। मृतक के पिता ने शिनाख्त की। शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

थानाधिकारी श्यामसुंदर ने बताया कि 8 अप्रेल को गंभीर नदी में बह जाने की सूचना मिली थी जिसके बाद शुरू हुए सर्च अभियान में दो दिन बाद सोमवार को एक अज्ञात युवक का शव मिला था। मृतक की शिनाख्त 35 वर्षीय श्यामसुंदर माली पुत्र रामकिशोर माली निवासी किशन नगर हिण्डौन के रूप में हुई है। मृतक के पिता ने बताया कि उनका पुत्र श्यामसुंदर उम्र 35 वर्ष हैं। रामकिशोर के तीन बेटों में बीच का श्यामसुंदर था जो कि अभी तक अविवाहित है। श्रीमहावीरजी मे चल रहे भगवान महावीर के वार्षिक मेले में आया था। जब कई दिनों तक घर वापिस नही आने पर तलाश की। बुधवार को श्री महावीरजी अस्पताल पहुंचकर पहचान की होने के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को दे दिया।

# भारतीय युवा नवाचार से नई क्रान्ति ला रहे हैं : बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज जयपुर में एमएनआईटी, जयपुर के 16वें दीक्षांत समारोह और आईआईआईटी, कोटा के दूसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। सबसे पहले, बिरला ने छात्रों को अकादमिक क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए बधाई दी और शिक्षा और व्यावसायिक विकास के क्षेत्र में योगदान के लिए एमएनआईटी, जयपुर और आईआईआईटी, कोटा की सराहना की। बिरला ने पंडित मदन मोहन मालवीय को भी श्रद्धांजलि अर्पित की और एक नए भारत तथा सुविज्ञ और सुसंस्कृत युवा पीढ़ी के निर्माण में उनके अमूल्य योगदान का उल्लेख किया।

इस अवसर पर बिरला ने प्राचीन भारत में गुरुकुलों की समृद्ध संस्कृति और शिक्षा प्रणाली की बात की और इस बात का उल्लेख भी किया कि एमएनआईटी जैसे संस्थान उस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। इस बात पर जोर देते हुए कि छात्रों में नई सोच को विकसित और प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, उन्होंने कहा कि एमएनआईटी जैसे संस्थानों की शिक्षा-

- प्रौद्योगिकी की दौड़ में मानव कल्याण की भावना को खोना नहीं चाहिए : लोकसभा अध्यक्ष
- लोकसभा अध्यक्ष ने एमएनआईटी, जयपुर के 16वें दीक्षांत समारोह और आईआईआईटी, कोटा के दूसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित किया

दीक्षा के परिणामस्वरूप भारत के युवा अनुसंधान और नवाचार में सबसे आगे हैं। युवाओं की भूमिका के बारे में बात करते हुए बिरला ने कहा कि युवा ही देश के भविष्य की दिशा तय करेंगे। उन्होंने यह विचार भी व्यक्त किया कि भारत को युवाओं से बहुत उम्मीदें हैं और युवाओं में इन अपेक्षाओं को पूरा करने की क्षमता,


लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने समारोह में छात्रों को सम्मानित किया।

ऊर्जा और उत्साह है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी और नवाचार के इस युग में, भारत के युवाओं को आगे बढ़कर नेतृत्व करना चाहिए और तकनीकी नवाचारों, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, स्टार्ट-अप आदि जैसे क्षेत्रों में देश को अग्रणी बनाना चाहिए। युवाओं का हर कदम प्रगति की दिशा में होना चाहिए। बिरला ने छात्रों से यह भी कहा कि वे वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने की प्रधान मंत्री की संकल्पना को पूरा करने को अपना मिशन बना लें। बिरला ने छात्रों को सलाह दी कि वे अपनी संस्कृति और परंपरा से जुड़े रहें और दूसरों की नकल न करें। बिरला ने शिक्षा के क्षेत्र में भारत की प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि नए भारत में हर शिक्षण केंद्र नवाचार का केंद्र बन गया है। बिरला ने कहा कि ऐसे समय में, जब पूरी दुनिया विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विकास की ओर बढ़ रही है, भारत आर्थिक और तकनीकी प्रगति के साथ-साथ अपनी संस्कृति और मूल्यों को भी आगे बढ़ा रहा है।

बिरला ने कहा कि प्रौद्योगिकी और समाज एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। समाज प्रौद्योगिकी का निर्माण करता है और फिर प्रौद्योगिकी समाज की समस्याओं का समाधान करके उसे नई दिशा देती है। बिरला ने छात्रों से आग्रह किया कि वे नियमित रूप से नवाचारों और अनुसंधान की अद्यतन जानकारी प्राप्त करें और लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करें। उन्होंने छात्रों को निडर होकर नई चुनौतियों का सामना करने की सलाह दी, जिससे एक मजबूत भारत की नींव रखी जाएगी। इस संदर्भ में, उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि प्रौद्योगिकी की खोज में मानव कल्याण की भावना को नहीं खोना चाहिए।

## 25 गोवंश को मुक्त कराया

**डीग,** (निसं)। खोह थाना पुलिस ने मंगलवार की देर रात्रि को गौ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 25 गोवंश को मुक्त कराया है। खोह थाना प्रभारी विनोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि धमारी चौकी पर मुखबिर की सूचना मिली की डीग की तरफ से एक केन्ट्रा गाड़ी आ रही है। जिसमें गोवंश भरे हुए है।

उक्त सूचना पर धमारी चौकी पर नाकाबंदी कराई गई तो डीग की तरफ से तेज गति में एक केन्ट्रा रंग लाल का ट्रक आता दिखाई दिया। जो नाकाबंदी और पुलिस को देखकर वापस केन्ट्रा ट्रक को लेकर वापस डीग की तरफ ले जाने लगा और पास्ता मोड़ पर अंधेरे का फायदा उठाकर के गौ तस्कर भागने में सफल हो गए।

पुलिस ने इस ट्रक को जब चैक किया तो उसमें 15 गाय व 10 बछड़े कुल 25 गोवंश निर्दयतापूर्वक भरे हुए थे। पुलिस ने गोवंश को जडखोर गोशाला में भिजवाया गया तथा केन्ट्रा गाड़ी में 20 लीटर हथकड़ शराब भी बरामद की।

# वंदे भारत ट्रेन का खैरथल की जनता ने स्वागत किया, मिठाई बांटी


खैरथल रेलवे स्टेशन पर वन्दे भारत ट्रेन के स्वागत में जनसैलाब उमड़ा।

**खैरथल, (निसं)।** राजस्थान की प्रथम द्रुतगति की ट्रेन वन्दे भारत का खैरथल में पहुंचने पर हजारों लोगों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। ट्रेन के प्लेटफार्म पर आते ही भारत माता की जय हो और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समर्थन में नारे गूंजने लगे।

लोगों ने ट्रेन चालक दल व गार्ड को माल्यार्पण कर स्वागत किया व मीठा मुंह कराया। इंद्रा हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों द्वारा निदेशक पंकज खुराना की अगुवाई में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने के साथ ट्रेन के आने पर राष्ट्रीय ध्वज की झंडियां लहराते वन्दे मातरम् के साथ स्वागत किया।

इस अवसर पर रेलवे के सीकर से आए सीएम आई रामबीर यादव व जयपुर के सी एम आई मोहन राम मीणा व स्टेशन मास्टर छोटे लाल मीणा मौजूद रहे। इस ट्रेन की झलक पाने के प्रति उत्साहित हजारों लोगों की भीड़ का बुधवार को निर्धारित समय से काफी पहले ही दोनों प्लेटफार्मों पर जमा होने का सिलसिला शुरू हो गया। वहीं समीपवर्ती गांव वल्लभग्राम, ठेकरा, घाटला, हरसौली के साथ शहर से गुजरते रेलवे ट्रैक के दोनों तरफ जगह-जगह पर लोगों में ट्रेन की झलक पाने की ललक बनी हुई थी।

## वंदे भारत एक्सप्रेस को देखने भीड़ उमड़ी

**राजगढ़, (निसं)।** कस्बे के रेलवे स्टेशन पर बुधवार को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को देखने के लिए महिला पुरुषों की भारी भीड़ उमड़ी।

रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के आने से पूर्व स्कूली छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। करीब 1:30 बजे राजगढ़ स्टेशन पर देशभक्ति से ओतप्रोत नारे लगाकर ट्रेन का स्वागत किया।

राजगढ़ स्टेशन फुटओवर ब्रिज के ऊपर तक लोगों की भारी भीड़ प्रमुख आकर्षण का केंद्र रही। इधर रेलवे प्रशासन की ओर से आगंतुक उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश मीणा, थाना प्रभारी राजेश वर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में तेल प्रशासन की ओर से पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओं की आपूर्ति की। अधिकारियों जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य के लिए पेयजल सहित अन्य आपूर्ति सुनिश्चित की।

वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के राजगढ़ स्टेशन पर आते ही लोगों मैं ट्रेन के साथ सेल्फी एवं फोटो लेने की होड़ लगी रही। वंदे भारत ट्रेन के स्वागत में उमड़ी भारी भीड़ को काबू में करने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

## अंबेडकर जयंती समारोह पूर्वक मनाएंगे

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती शुक्रवार को वार्ड नंबर 22 बस स्टैंड में दोपहर 1 बजे से समारोह पूर्वक मनाई जाएगी। डॉ. आंबेडकर विचार समिति, अंबेडकर जन जागृति संस्थान, आदिवासी मीणा समाज, ऑल इंडिया खटीक फेडरेशन ,अखिल भारतीय रैगर महासभा, वाल्मीकि समाज, महात्मा फुले ब्रिगेड, अंबेडकर विचार मंच, जालपाली धोबी समाज श्रीमाधोपुर के संयुक्त तत्वाधान में मनाए जाने वाले डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह में श्रीमाधोपुर विधायक दीपेंद्र सिंह शेखावत मुख्य अतिथि व डॉ हंसराज चौहान सचिव राजस्थान विश्वविद्यालय महाविद्यालय संघ समारोह की अध्यक्षता करेंगे, वही नीलम बौद्ध, नेतराम ठगौला, एडवोकेट जय भीम प्रकाश,डा. देवी प्रसाद वर्मा, डॉ संजय कुमार, मनोज वास्तविक, कान सिंह एम मालवीया समारोह के मुख्य वक्ता होंगे। प्रातः 8 बजे से इंदिरा विश्राम गृह से मोटरसाइकिल व साइकिल रैली भी निकाली जाएगी।

## नवनियुक्त अध्यक्षों का विधायक ने स्वागत किया

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** बुधवार को नवनियुक्त बागड़ा ब्राह्मण बगरू इकाई के दूसरी बार अध्यक्ष बनने पर बाबूलाल मेहता और प्रजापति विकास समिति चौमूं आमेर के नवनियुक्त अध्यक्ष गोपाल खाटूवाल (प्रजापति) का चौमूं में भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा ने स्वागत और सम्मान किया।

नवनियुक्त अध्यक्षों को विधायक रामलाल शर्मा ने माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी। नवनियुक्त अध्यक्ष बाबूलाल बागड़ा और गोपाल प्रजापत ने विधायक रामलाल शर्मा का आभार जताया। इस मौक़े पर नेता प्रतिपक्ष व पार्षद मुकेश मेहता, राम दयाल प्रजापत, रामगोपाल प्रजापत, रमेश प्रजापत, शंकर लाल प्रजापत, कैलाश प्रजापत सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## हादसे में युवक की मौत

**निवाई, (निसं)।** मंगलवार की देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग पर मूण्डिया कट के समीप ओवर टेक करने के दौरान एक कार आगे चल रहे खाखले से भरे ट्रक से टकरा गई। इस दुर्घटना में कार सवार एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

सदर थाना के एएसआई बिरधीचंद ने बताया कि ओवर टेक करने के दौरान कार आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई जिससे कार में सवार रवि की मौत हो गई। शव को राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया गया। पुलिस ने बताया कि कार सवार ब्यावरा राजगढ मध्यप्रदेश निवासी रवि पुत्र रामबाबू प्रजापत उम्र 27 वर्ष निवासी मध्य प्रदेश का रहने वाला है। दुर्घटना की सूचना पुलिस ने मृतक के परिजनों को दी। पुलिस ने बुधवार की दोपहर मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

## न्यायिक मजिस्ट्रेट का सम्मान किया

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय पर बार एसोसिएशन द्वारा अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम संख्या दो पूर्वा चतुर्वेदी की पदोन्नित सीजेएम पद पर होने एवं स्थानांतरण झुंझुनू होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया।

बार अध्यक्ष महेश ककराला सहित बार एसोसिएसन के अन्य पदाधिकारियों सदस्यों द्वारा पूर्वा चतुर्वेदी को पुष्पगुच्छ बैठकर एवं शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया। साथ ही मुंसिफ मजिस्ट्रेट प्रीति सिंह की पदोन्नित होने पर उनका भी बार एसोसिएशन लालसोट द्वारा स्वागत किया। इसके पश्चात सामूहिक भोज का आयोजन किया गया कार्यक्रम में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अटल सिंह चंपावत उपखंड अधिकारी लालसोट बृजेंद्र मीणा लालसोट तहसीलदार मदनलाल मीणा पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रेमप्रकाश चौधरी हरिनारायण माता प्रेम स्वरूप लामड़ा बाबूलाल हाडा प्रकाश चंद शर्मा डीडवाना प्रकाश चंद्र शर्मा निर्झरना संजीव जोशी अशोक चौधरी अनूप कुमार माठा एवं बार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## लोकसभा अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया

**निवाई, (निसं)।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित एक होटल में पंचायत समिति प्रधान रामअवतार लांगडी के नेतृत्व में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला का भाजपा के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। प्रधान रामअवतार लांगडी ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला बुधवार को जयपुर से कोटा जा रहे थे। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित एक होटल में रूककर कार्यकर्ताओं से चर्चा की। स्वागत के दौरान पूर्व जिला प्रमुख सत्यनारायण चौधरी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मी देवी जैन, पंचायत समिति सदस्य गिरिराज गुर्जर, शंकरलाल पडियार व बाबूलाल मण्डालिया सहित कई भाजपा के कार्यकर्ताओं ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला का माला व साफा बंधवाकर व गुलदस्ता भेंट करके सम्मानित किया।

## अलवर में वंदे भारत ट्रेन का भव्य स्वागत किया

**अलवर, (निसं)।** वंदेभारत ट्रेन बुधवार दोपहर पौने दो बजे अलवर जंक्शन पहुंची। इससे पहले कई हजार लोगों की भीड़ जंक्शन पर ट्रेन की झलक पाने को आ चुकी थी।

बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सब उत्साहित दिखे। जैसे ही करीब पौने दो बजे ट्रेन अलवर जंक्शन पर पहुंची। हर कोई वंदेभारत ट्रेन के साथ सेल्फी, फोटो व वीडियो लेने में लग गए। भारत मां के जयकारों की गूंज रही। स्कूल के बच्चों ने भी ट्रेन का सफर किया। बांदीकुई रेलवे स्कूल के बच्चे अलवर तक आए। यहां आने पर बच्चों ने कहा कि इससे अच्छी कोई दूसरी ट्रेन नहीं है। वहीं अलवर जंक्शन से भी कई स्कूल के बच्चे ट्रेन में चढे। मीडिया के अलावा काफी लोगों ने पहले दिन ट्रेन का सफर किया। सांसद बालकनाथ ने ट्रेन को को हरी झंडी दिखाई।

## कैंडल मार्च निकाला

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे में महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के उपलक्ष में चौपड़ बाजार में कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। सर्व समाज सेवा दल के द्वारा आयोजित इस कैंडल मार्च में दिलीप सिंह शेखावत, राजू बागवान, मुकेश सैनी, पूरणमल, कैलाश चंद सैनी, मुकेश शर्मा शौलु सैनी, , गोपाल पंजाबी, पंकज लाटा, सुभाष सैनी, नंदू सैनी, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## 210 रोगियों की जांच की

**बौंली, (निसं)।** मित्रपुरा तहसील मुख्यालय पर बुधवार को गुडलक हेल्थ केयर एवं संकरा नेत्र चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में चिकित्सालय की चौथी वर्षगांठ पर निशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में 210 रोगियों की नेत्र जांच की गई। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. एम अफजल ने बताया कि इस दौरान संकरा नेत्र चिकित्सालय जयपुर की टीम ने जांच करने के बाद 41 मरीजों को चिन्हित कर ऑपरेशन के लिए जयपुर ले जाया गया। इस शिविर में उपस्थित आमजन को संबोधित करते हुए गुडलक चिकित्सालय के चेयरमैन मोहम्मद अंसार ने बताया कि मानव सेवा के लिए ऐसे निशुल्क शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे।

## अंबेडकर जयंती को लेकर जनसंपर्क

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** डॉक्टर हंसराज चौहान ने बताया कि जनसंपर्क खटीक मौहल्ला , रैगर मोहल्ला, हरिजन मोहल्ला, एल बी एस कॉलोनी , एस बी एन कॉलोनी, मीणा मोहल्ला , बलाई मोहल्ला आदि में जनसंपर्क किया गया। जिसमें सभी समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर उत्साह दिखाया।

# केन्द्रीय सहकारी बैंक की 16 वीं आमसभा आयोजित

**दौसा, (निसं)।** जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक की 16वीं वार्षिक साधारण सभा बुधवार को बैंक के प्रशासक एवं जिला कलेक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में पं. नवल किशोर शर्मा सामुदायिक भवन गुप्तेश्वर रोड़ दौसा पर सम्पन्न हुई।

साधारण सभा में दौसा जिले में

> ‘किसानों की मांग के अनुसार समय पर फसली ऋण, खाद एवं बीज उपलब्धता की जाये’


जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक की साधारण सभा जिला कलेक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में हुई।

स्थित बैंक की सदस्य सहकारी समितियों के अध्यक्ष प्रशासक प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया गया। आमसभा को संबोधित करते हुये बैंक के प्रशासक एवं जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने कहा कि आगामी वर्ष में सहकारी समिति के सदस्य काश्तकारों को खाद की मांग के अनुरूप उपलब्धता सुनिश्चित करवाने हेतु यथासम्भव प्रयास करें इसमें जिला प्रशासन द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया जायेगा। सभी ग्राम सेवा सहकारी समितियां किसानों की मांग के अनुसार समय पर खाद व बीज उपलब्ध करवाने के लिये आगे आकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि जिले की ग्राम सेवा सहकारी समितियों के सकल विकास हेतु समिति अध्यक्ष समिति क्षेत्र में अधिक से अधिक नये किसानों को सहकारी साख चक्र में लाने एवं अवधिपार सदस्यों से ऋण वसूली हेतु सार्थक सहयोग प्रदान करें। उन्होने कहा कि जिन सहकारी समितियों को बजट से संबंधित समस्यायें हैं वे एमडी से मिलकर समाधान करावे ताकि फसल के समय किसानों को किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पडे। किसानों को समय पर फसली ऋण, खाद एवं बीज उपलब्ध करवाना सहकारी संस्थाओं का दायित्व है। इसके लिये सहकारी समितियों के अध्यक्ष प्रशासक प्रतिनिधि आपसी समन्वय से कार्य करें। आमसभा में बैंक के प्रबन्ध निदेशक शिवदयाल मीणा द्वारा अवगत करवाया कि आमसभा में बैंक के प्रगति प्रतिवेदन वर्ष 2021-22 पर तथा बैंक की पंचदशाम वार्षिक आमसभा की कार्यवाही की पुष्टि की गई।

# कार्यालय नगर पालिका लालसोट (दौसा)

**Email ID-lalsot.jaipur@vahoo.com** **Ph.-01431-260714**

क्रमांक-न.पा.ला./कृ.भू.रू./2023/258 दिनांक-12.04.2023

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है नगर पालिका में निम्न आवेदकों द्वारा कृषि भूमि में पट्टा पत्रावली प्रस्तुत की है यदि उक्त आवेदन पर किसी आम व खास को कोई उज्र/आपत्ति हो तो पालिका में सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें बाद मियाद गुजरने पर किसी भी उज्र/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | खसरा नं. कस्बा व कॉलोनी नाम | वर्गगज | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विजयपाल मीणा पुत्र पृथ्वीराज मीणा बिलोना खुर्द | 2179, 2195, 2209, 2210, 2189, 2187, 2193, 4397/2178, 2191, 2190, 2194, 2213 माधव नगर द्वितीय लालसोट | 111.11 | आवासीय |
| 2 | विजयपाल मीणा पुत्र पृथ्वीराज मीणा बिलोना खुर्द | उपरोक्त | 111.11 | आवासीय |
| 3 | विजयपाल मीणा पुत्र पृथ्वीराज मीणा बिलोना खुर्द | उपरोक्त | 111.11 | आवासीय |
| 4 | विजयपाल मीणा पुत्र पृथ्वीराज मीणा बिलोना खुर्द | उपरोक्त | 111.11 | आवासीय |
| 5 | बिना मीना पत्नी सूरजमल मीना जयपुर | उपरोक्त | 111.11 | आवासीय |
| 6 | बिना मीना पत्नी सूरजमल मीना जयपुर | उपरोक्त | 111.11 | आवासीय |
| 7 | बिना मीना पत्नी सूरजमल मीना जयपुर | उपरोक्त | 111.11 | आवासीय |
| 8 | बिना मीना पत्नी सूरजमल मीना जयपुर | उपरोक्त | 111.11 | आवासीय |
| 9 | बिना मीना पत्नी सूरजमल मीना जयपुर | उपरोक्त | 111.11 | आवासीय |
| 10 | बिना मीना पत्नी सूरजमल मीना जयपुर | उपरोक्त | 111.11 | आवासीय |
| 11 | बिना मीना पत्नी सूरजमल मीना जयपुर | उपरोक्त | 111.11 | आवासीय |
| 12 | बिना मीना पत्नी सूरजमल मीना जयपुर | उपरोक्त | 111.11 | आवासीय |
| 13 | बिना मीना पत्नी सूरजमल मीना जयपुर | उपरोक्त | 111.11 | आवासीय |
| 14 | बिना मीना पत्नी सूरजमल मीना जयपुर | उपरोक्त | 111.11 | आवासीय |
| 15 | रोशंता मीना पत्नी मुनिराज मीना दिल्ली | उपरोक्त | 133.33 | आवासीय |
| 16 | रोशंता मीना पत्नी मुनिराज मीना दिल्ली | उपरोक्त | 133.33 | आवासीय |
| 17 | भगवान सहाय सैन पुत्र श्रवण लाल सैन डोब | 136, सेन जी की कोठी कोथुन रोड, लालसोट | 122.22 | आवासीय |
| 18 | सत्यनारायण शर्मा पुत्र मूलचंद शर्मा लालसोट | 3848/1421 भट्ट कॉलोनी, लालसोट | 82.96 | आवासीय |
| 19 | संपत लाल मीणा पुत्र कल्याणमल मीणा टिगरिया | 1471, लक्ष्मी विहार लालसोट | 100 | आवासीय |
| 20 | राजेन्द्र मीणा पुत्र हरकेश मीणा मरमटपूरा | 1427, लक्ष्मी विहार कॉलोनी, लालसोट | 175.69 | आवासीय |
| 21 | रामखिलाडी पुत्र भौरया सिरसाली | 3846/1422 भट्ट कॉलोनी लालसोट | 150 | आवासीय |
| 22 | मीना कंवर पत्नी महेन्द्र सिंह राजपूत होदायली | 138/1 आदर्श कॉलोनी लालसोट | 33.33 | आवासीय |
| 23 | कौशल्या देवी पत्नी सीताराम शर्मा लालसोट | 1394/1 प्रहलाद नगर लालसोट | 100 | आवासीय |
| 24 | कालूराम पुत्र प्रभुलाल माली पट्टी कला | 174 शिवनगर चांदसेन | 248.88 | आवासीय |
| 25 | प्रियंका शर्मा पत्नी मदन लाल शर्मा ककराला | 1372/2 प्रहलाद नगर लालसोट | 146.97 | आवासीय |
| 26 | सत्यनारायण शर्मा पुत्र किशनलाल शर्मा लालसोट | 1358, 1357/2 प्रताप नगर लालसोट | 115 | व्यवसाय |
| 27 | छोटेलाल पुत्र नाथूलाल माली लालसोट | 439 गौरव पथ लिंक रोड लालसोट | 96.66 | आवासीय |
| 28 | प्रहलाद पुत्र नाथूलाल माली लालसोट | उपरोक्त | 96.66 | आवासीय |
| 29 | विवेक शर्मा पुत्र रामदयाल शर्मा लालसोट | 206/1,206/2,206/3 शिवनगर राजोली | 111.16 | व्यवसाय |
| 30 | संजय शर्मा पुत्र रामदयाल शर्मा, मधु शर्मा पत्नी संजय शर्मा लालसोट | उपरोक्त | 90.72 | व्यवसाय |
| 31 | प्रेम शंकर शर्मा पुत्र रघुनाथ प्रसाद शर्मा लालसोट | 526/2 आधा का कुआं लालसोट | 253.33 | आवासीय |
| 32 | सुनील कुमार शर्मा पुत्र प्रेम शंकर शर्मा लालसोट | उपरोक्त | 269.16 | आवासीय |
| 33 | गीता रामायण सत्संग मंडल समिति लालसोट जरिए वर्तमान अध्यक्ष रामावतार पुत्र रघुनाथ गुप्ता लालसोट | 88, 91 न्यू कॉलोनी लालसोट | 127.73 | आवासीय |
| 34 | गीता रामायण सत्संग मंडल समिति लालसोट जरिए वर्तमान अध्यक्ष रामावतार पुत्र रघुनाथ गुप्ता लालसोट | 88, 91 न्यू कॉलोनी लालसोट | 127.73 | आवासीय |

उक्त आपत्ति आज दिनांक 12.04.2023 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया।

**(रक्षा मिश्रा)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका लालसोट**

**(सीमा चौधरी)**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका लालसोट**

## संक्षिप्त

### रतनलाल शर्मा जिला अध्यक्ष बने



**कोटपूतली, (निसं)।** सामाजिक कार्यकर्ता रतनलाल शर्मा को विप्र फाउण्डेशन राजस्थान का कोटपूतली जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। शर्मा द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों को देखते हुए विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारियों द्वारा उन्हें समाज के कल्याण व समाज सुधार के प्रयासों को आगे बढकर कार्य करने के लिए जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी व फाउण्डेशन के महामंत्री सतीश चंद्र शर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनायें दी है।

### डॉ. मुहानिया जिलाध्यक्ष मनोनीत



**कोटपूतली, (निसं)।** अखिल भारतीय रैगर महासभा पंजीकृत के राजस्थान युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष भानु खोरवाल ने राष्ट्रीयाध्यक्ष बी.एल.नवल कि अनुशंसा पर क्षेत्र के फतेहपुरा खुर्द निवासी डॉक्टर संदीप मुहानिया जो कि वर्तमान में आदर्श पीएचसी भौनावास में चिकित्सा अधिकारी पद पर कार्यरत है को अखिल भारतीय रैगर महासभा के जिला कोटपूतली का युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। डॉक्टर मुहानिया के जिलाध्यक्ष पद पर मनोनीत होने पर मोहनलाल मौर्य, बलवीर खजोतिया, राजेश खजोतिया, मनोज कांसोटिया, सहित गणमान्य लोगों ने बधाई देकर खुशी व्यक्त की।

### ईद पर दो दिन अवकाश की मांग

**मालपुरा, (निसं)।** राजस्थान अधिकारी कर्मचारी माईनॉरिटी एसोसिएशन शाखा मालपुरा ने बुधवार को एसडीएम महिपाल सिंह को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप ईद पर दो दिन राजकीय अवकाश घोषित करने की मांग की। प्रदेश सचिव असद मल्लिक, ब्लॉक अध्यक्ष मो. इस्लाम, ब्लॉक महामंत्री मोहसीन सहित बडी संख्या में मौजूद माईनॉरिटी कर्मचारियों ने हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा।

# सांभर में नेहरू गार्डन की बागवान के अभाव में दुर्दशा हो रही

**सांभरझील, (निसं)।** यहां के पांच बत्ती चौराहा के नजदीक स्थित सार्वजनिक नेहरू बालोद्यान में बागवान की कमी के चलते इसकी दुर्दशा हो रही है।

सांभर का यह एकमात्र मुख्य पार्क है जहां पर प्रतिदिन सुबह-शाम महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और युवा टहलने के लिए आते हैं। नियमित देखरेख की कमी के कारण यहां पर लगे अनेक किस्म के पेड़ पौधे नियमित पानी को तरस रहे हैं, क्यारियां सूखी पड़ी हैं जिन्हें देखकर लगता है कि यहां पर यदा-कदा ही पेड़ों को पानी पिलाया जाता है। पार्क के मध्य में लगा फव्वारा करीब 20 साल से ठूंठ की तरह खड़ा है। इन विगत वर्षों में किसी भी चेयरमैन ने अपने कार्यकाल के दौरान पार्क के संरक्षण और सुरक्षा की दिशा में कोई प्रभावशाली कदम नहीं उठाए।

यहां मैदान में लगी दोब पानी के अभाव में सूखकर नष्ट हो चुकी है व सपाट मैदान के रूप में बदल गई है। पार्क में पेयजल के लिए बना हो तो भी लंबे समय से पानी को तरस रहा है। बता दें कि निवर्तमान चेयरमैन विनोद सांवरिया के कार्यकाल के दौरान पार्क पर लाखों रुपए का फंड खर्च किया गया था लेकिन इसकी सुंदरता और आभा फिर भी नहीं लौट सकी। इसके पीछे मुख्य वजह पालिका प्रशासन का कुशल प्रबंधन व नियंत्रण का अभाव रहा है। पार्क में सांसद कोष से लगी ओपन जिम की अनेक पाट्‌र्स ढीले हो गए हैं तथा कुछ नकारा पड़े हैं। विकास के नाम पर करोड़ों रुपए का बजट पारित करने वाली पालिका प्रशासन इस दिशा में पूरी तरह निष्क्रिय बना हुआ है।



मैदान में लगी घास पानी के अभाव में सूखकर नष्ट हो चुकी है।

- बालोद्यान की नष्ट होती हरियाली से लोगों की भावनाएं आहत

इस मामले में यहां के ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंवाल ने भी विभागीय अधिकारियों को अवगत करवाया लेकिन कोई ठोस परिणाम नजर नहीं आ रहे हैं। पूर्व चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल से बात करने पर बताया कि मैंने खुद ने पार्क को देखा है एक प्रकार से खत्म हो गया है। जिस ठेकेदार को यहां का ठेका दिया गया है उसे बागवान संबंधी न तो कोई जानकारी है और न हीं यहां पर किसी बागवान को नियुक्त किया गया है। अधिशाषी अधिकारी हरिनारायण यादव का कहना है कि हमने ठेकेदार को हटा दिया है। मैं मानता हूं कि पार्क के हालात सही नहीं है। चेयरमैन का पद खाली पड़ा है, किसी की नियुक्ति होने पर शीघ्र नए सिरे से टेंडर जारी किए जाएंगे। नरेगा योजना में भी इस दिशा में काम पर फोकस किया जाएगा। पार्क को पूर्व की तरह सुंदर और हरियाली से सरोबार किया जाएगा।

## सैन जयंती को लेकर बैठक

**कोटपूतली, (निसं)।** संत शिरोमणी सैन महाराज की 723 वीं जयंती आगामी 17 अप्रैल सोमवार को राजमार्ग स्थित मोरीजावाला धर्मशाला में धूमधाम से मनाई जायेगी। जिसको लेकर बुधवार को श्री सैन मंदिर पूतली में किशन लाल सैन, कांसली की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में हर वर्ष की भांति मूर्ति पूजा, महा आरती, भव्य शोभा यात्रा, भोजन प्रसादी, बाबा की भेंट, लेखा-जोखा, समाज उत्थान व मंदिर निर्माण हेतु विचार विमर्श किया गया। किशन लाल सैन ने बताया कि कार्यक्रम में मंदिर के लिए भूमिदान करने वाले भामाशाहों का सम्मान एवं सैन जयंती कमेटी के चुनाव भी करवाये जायेंगे। मदन पाल सैन ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक, उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेंद्र सिंह यादव होंगे। बैठक में अध्यक्ष कृष्ण सैन, सचिव सुरेश सैन, कोषाध्यक्ष ज्ञानेद्र सैन, रामौतार सैन, भामाशाह श्यामलाल बैधजी, सतवीर सैन, प्रधान छीतर मल, नेतराम सैन, संजय खेडकी, मुंशीराम, बनवारी लाल, नथुराम सैन, कैलाश दांतिल, गोपीराम बनेठी व मालाराम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## फरार वारण्टी गिरफ्तार

**टोंक, (निसं)।** महिला पुलिस थाना टोंक ने 6 वर्ष से फरार एक वारंटी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा के आदेशानुसार व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टोंक भवानी सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक म.अ. अनु सैल टोंक, वृत्ताधिकारी वृत्त टोंक सलेह मोहम्मद के निर्देशन में अभियान के दौरान महिला थानाधिकारी रतन सिंह तंवर द्वारा गठित टीम ने थाना हाजा के मुकदमा नं0 53 / 2017 में एसीजेएम साहब मालपुरा जिला टोंक द्वारा जारी गिरफ्तारी वारण्ट की पालना में 6 वर्ष से फरार अभियुक्त हेमराज पुत्र बालुराम जाति मोग्या उम्र 37 साल निवासी लाडपुरा कॉलोनी टोडारायसिंह थाना टोडारायसिंह जिला टोंक की गहनता से तलाश की जाकर गिरफ्तार किया।

# मैराथन में अधिकारियों व आमजन ने दौड़ लगाई

**मालपुरा, (निसं)।** संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर मालपुरा नगरपालिका मंडल द्वारा सामाजिक क्षेत्र में उत्कर्ष्ट कार्य करने वाली प्रतिभा व समाजसेविओं का सम्मान किया जायेगा।

पालिका ईओ राजपाल बुनकर ने बताया कि अम्बेडकर जयंती पर इस बार नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी व बोर्ड की सहमति पर सामाजिक क्षेत्र की प्रतिभाओं के सम्मान को लेकर ऐतिहासिक समारोह का आयोजन रेल्वे स्टेशन नवीन अम्बेडकर भवन में होगा। समारोह में विधायक कन्हैयालाल चौधरी सहित उपखण्ड स्तरीय प्रशासनिक अधिकारी अतिथि होंगे। तो एएसपी राकेश कुमार बैरवा मुख्यवक्ता होंगे। अम्बेडकर विचार मंच सेवा समिति द्वारा आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रमों की श्रंखला में बुधवार को मैराथन दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। एएसपी राकेश कुमार बैरवा ने सुभाष सर्किल से हरी झण्डी दिखा मैराथन दौड़ का शुभारम्भ किया। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने आमजन के साथ सुभाष सर्किल से अविकानगर 5 किमी. मैराथन दौड़ लगाई। अविकानगर में मैराथन के समापन पर हेमन्त, दर्शन शर्मा व चन्दु गुर्जर, विजेता रहे जिन्हें निदेशक डॉ. अरूण कुमार तोमर ने मेडल पहना सम्मानित किया। समिति अध्यक्ष पूजा लोकेश लोदी ने मैराथन प्रतियोगिता में शामिल अधिकारी व आमजन का आभार जताया।

- सामाजिक क्षेत्र की प्रतिभाओं का सम्मान होगा



अम्बेडकर विचार मंच सेवा समिति द्वारा साप्ताहिक कार्यक्रमों की श्रंखला में मैराथन दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई।

## फुले जयंती पर प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे की बालाजी बाईपास सड़क स्थित ज्योतिबा फुले सर्किल पर महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती सत्यनारायण महाराज के सानिध्य एवं सैनी समाज के अध्यक्ष धर्मेन्द्र सैनी, फुले संस्था अध्यक्ष राजकुमार सैनी की अध्यक्षता में मनाई गई।

इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक निर्मल कुमावत, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दीनदयाल कुमावत, नगरपालिका उपाध्यक्ष योगेश सैनी, नेता प्रतिपक्ष संजय पारीक, पार्षद अमर चन्द सैनी, तारा चन्द माली, मदन गढ़वाल, हेमलता सैनी, आशा सैनी, पूजा भाटी, अभिषेक वर्मा, मनोनित पार्षद गौरीशंकर सैनी, दिलीप जाजोरिया, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रतन राजौरा, उपाध्यक्ष शिवचरण सैनी रहे। संस्था के पदाधिकारियों द्वारा सर्किल पर महात्मा फुले की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की गई।

वहीं विधायक कुमावत ने कहा कि महात्मा जी का जीवन सर्व समाज के लिए प्रेरणादाई है। अतः हमे इनके पद चिन्हों पर आगे बढ़ना चाहिए। फुले संस्था के पूर्व महामंत्री भंवर राजौरा ने मूर्ति के संदर्भ में की जा रही कार्यवाही के बारे में प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उक्त कार्यक्रम के अंत में फुले संस्था अध्यक्ष राजकुमार सैनी ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन महात्मा ज्योतिबा फूले संस्था फुलेरा के महामंत्री योगेन्द्र गहलोत के द्वारा किया गया। इसके बाद माली सैनी समाज भवन श्रीराम नगर फुलेरा में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम के अंत में सैनी समाज अध्यक्ष धर्मेंद्र सैनी ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## मंत्रालयिक कर्मचारियों ने जनसंपर्क किया

**टोंक, (निसं)।** राजस्थान राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अव्हान पर बुधवार को सभी विभागों के मंत्रालयिक कर्मचारी डाक बंगला टोंक में एकत्रित हुए और बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें 17 अप्रेल को महापडाव जयपुर में शामिल होने के लिए पुलिस, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, जिला परिषद, जल संसाधन, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि आदि विभागों में जनसम्पर्क किया गया।

जनसम्पर्क के दौरान जिलाध्यक्ष राजेश कुमार नामा, महामंत्री राजेन्द्र च्यवनगौड, अवनिश सिंह नरूका, महावीर धाकड, बद्रीलाल वर्मा, जितेन्द्र सिंह नरूका, अब्दुल मजिद, महेश बैरवा, लीलाधर बैरवा, श्रीकान्त, भागचन्द जांगिड, सुरेश कुम्हार, अबुल हसन, नीरज गौतम, राधेश्याम वर्मा, अनिल चौधरी, अर्जुन बैरवा, मुकेश चौधरी, हेमराज साहू, युद्धिष्टर शर्मा आदि मंत्रालयिक कर्मचारी शामिल हुये।

## नगर पालिका के पुराने भवन की नीलामी 18 को

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के अग्रसेन तिराहे स्थित नगर पालिका के पुराने भवन व बेशकीमती भूखंड की प्रस्तावित खुली नीलामी आगामी 18 अप्रैल मंगलवार को की जायेगी।

गौरतलब है कि पूर्व में पालिका भवन की नीलामी 15 मार्च को होनी थी, लेकिन जिला कलक्टर द्वारा शीतलाष्टमी का अवकाश घोषित किये जाने के बाद 22 मार्च को नीलामी प्रस्तावित की गई थी, लेकिन उस दिन भी राजकीय अवकाश के चलते नीलामी को स्थगित कर दिया गया। जिसके बाद 11 अप्रैल की तारिख प्रस्तावित थी इस दिन भी ज्योतिबा फूले जयंती पर सार्वजनिक अवकाश के चलते नीलामी प्रक्रिया स्थगित कर दी गई। किन्तु अब नीलामी प्रक्रिया 18 अप्रैल मंगलवार को नगर परिषद कार्यालय में दोपहर 12.15 बजे से 02.30 बजे तक की जायेगी। वहीं नीलामी में बोली के लिए आवेदन व धरोहर राशि 17 अप्रैल शाम 4 बजे तक नगर परिषद कार्यालय में जमा किये जा सकेंगे। इसके लिए पूर्व में चार संवेदकों द्वारा किये गये आवेदनों को नीलामी प्रक्रिया में रखा गया है। साथ ही नये संवेदको को भी आमंत्रित किया गया है। आयुक्त फतेह सिंह मीणा ने बताया कि अग्रसेन तिराहे के पास स्थित 940.80 वर्ग मीटर भूखंड के लिए आरक्षित दर 55 हजार 670 रुपए प्रति वर्ग मीटर रखी गई है। प्रारम्भिक नीलामी दर प्रति वर्ग मीटर में 2 लाख 12 हजार 300 रूपये होगी। जबकि धरोहर राशि 39 लाख 94 हजार 637 रूपये रखी गई है। बोली में आवेदन के लिए पंजीयन शुल्क 20 हजार रूपये निर्धारित किया गया है। नीलामी 99 वर्षिय लीज होल्ड के आधार पर व्यावसायिक भूखण्ड के रूप में की जायेगी।

## जन सहभागिता की बैठक

**पावटा, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण राजीव पचार के आदेशानुसार राजनोता में जन सहभागिता बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रागपुरा थानाधिकारी सवाई सिंह व सीएलजी सदस्य, ग्राम रक्षक, सुरक्षा सखी सहित ग्राम के जन प्रति निधि व ग्रामीण उपस्थित रहे। जन सहभागिता बैठक में गांव राजनौता के ग्रामवासियों को साईबर अपराध के संबंध में जानकारी दी गई व उससे बचाव व सावधानियों के बारे में सचेत व जागरुक किया गया। महिलाओं व बच्चों संबंधी अपराध के बारे में जानकारी दी गई तथा पुलिस मित्र, ग्राम रक्षक, सीएलजी सदस्य, सुरक्षा सखी एवं महिला आत्म प्रशिक्षण योजाना एवं सामुदायिक पुलिसिंग योजनाओं आदि के बारे में जानकारी दी गई। सरपंच व वार्ड पंच, सीएलजी सदस्य, ग्राम रक्षक, सुरक्षा सखी व ग्रामवासियों से गांव के समस्याओं के बारे में विचार विमर्श किया गया।

## फार्मासिस्ट कर्मचारी संघ ने धरना दिया

**टोंक, (निसं)।** राजस्थान फार्मासिस्ट कर्मचारी संघ (एकीकृत) के तत्वावधान में विभिन्न मांगों को लेकर फार्मासिस्ट कर्मचारी संघ ने बुधवार को गांधी पार्क में ध्यानाकर्षण धरना दिया, तत्पश्चात गांधी पार्क से रैली के रूप में रवाना होकर जिला कलेक्ट्रेट पर पहुंचकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष भगवान माहेश्वरी ने बताया कि वर्तमान बजट में राज्य सरकार ने सेवारत फार्मासिस्ट संवर्ग की प्रमुख मांगों की पूर्ण अनदेखी के कारण प्रदेश के फार्मासिस्ट में आक्रोश व्याप्त है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवराज मीणा एवं गजराज मीणा ने बताया कि संगठन द्वारा खर्चों से कैटर गठन की घोषणा को पूरा करे, पदोन्नति प्रदान करने, पदनाम फार्मासिस्ट ऑफिसर करने, वेतन विसंगति दूर करके ग्रेड पे 4200 करने, नर्सिंग संवर्ग के समान विभिन्न भत्ते प्रदान करने, ई भर्ती पूरा करने तथा यूटीबी फार्मासिस्ट की 2023-24 की सम्पूर्ण वर्ष की वित्तीय स्वीकृति की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सेवारत संघ के अध्यक्ष भूपेन्द्र छानीवाल, सचिव अंकित जैन, अनवर हुसैन, कोषाध्यक्ष अमरदीप राठी, अर्शी मुज्जम, कविता शर्मा, घनश्याम शर्मा आदि मौजूद थे।

# अपराधियों में भय व्याप्त रखने के लिए पुलिस सक्रिय रहेगी : राजर्षि राज

**टोंक, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को पुलिस लाइन अन्वेषण भवन में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें जिले में कानून व्यवस्था बनाएं रखने के साथ अपराधियों में भय व्याप्त रखने के लिए पुलिस अधीक्षक ने चर्चा कर निर्देश दिए और कहा कि अपराधियों में भय व्याप्त रखने के लिए ऑपरेशन सुदर्शन की तरह पुलिस लगातार सक्रिय रहेगी, ताकि अपराधियों में भय व्याप्त रहे और आमजन शांतिपूर्वक रह सके। बैठक में विशेष रुप से राजस्थान पुलिस दिवस 16 अप्रैल को जिला पुलिस द्वारा हर्षोल्लास से मनाएं जाने पर चर्चा की गई।

- राजस्थान पुलिस दिवस हर्षोल्लास से मनाया जाएगा

पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा ने पत्रकारों को बताया कि बैठक में महिला अत्याचार, पोक्सो, पैण्डिंग केस सहित विभिन्न प्रकरणों में अपराधियों को प्रकरण के लिए निर्देश दिए गए हैं। आगामी त्यौहारों अम्बेडकर जयंती, ईद पर कानून व्यवस्था बनाएं रखने पर चर्चा की गई। एक डेढ माह में ऑपरेशन सुदर्शन अभियान चलाया गया था। राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस 16 दिवस है, जिसको 13 से 16 अप्रैल तक प्रदेश स्तर पर मनाया जाएगा, जिले में 13 से 15 तक पुलिस थाने व कार्यालय में स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई की जाएगी, मालखाने के निस्तारण ऊपर ध्यान दिया जाएगा। 16 अप्रैल को परेड का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न विभागों व कार्यालय के अधिकारी भी भाग लेंगे। साथ ही प्रदर्शनी का आयोजन होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें टोंक जिले में पुलिस कर्मी के परिवारों के होनहार प्रतिभावान बालक बालिकाओं का विभिन्न गतिविधियों के लिए सम्मान किया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टोंक भवानी सिंह, मालपुरा राकेश कुमार, सभी पुलिस उपाधीक्षक, थानाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज ने उत्कृष्ट पुलिस सेवाएं देने पर पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया।



जिला पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा की अध्यक्षता में अपराध गोष्ठी हुई।

## गुरु गोरखनाथ बोर्ड की मांग

**पावटा, (निसं)।** राजस्थान नाथ समाज द्वारा 16 अप्रैल को विद्याधर नगर स्टेडियम जयपुर में गुरू गोरखनाथ बोर्ड के गठन की मांग को लेकर महासम्मेलन आयोजित होने जा रहा है। इस विशाल सम्मेलन में सपूर्ण राजस्थान से नाथ समाज बंधू भगवाधरण करके हाथों में अपने पारपरिक वाद्य यंत्र सांगरी, इकतारे, पुंगी, लेकर उत्साह के साथ सरकार से बोर्ड गठन करने की मांग अपने एक अलग ही अंदाज में करेंगे। इस महासम्मेलन में शामिल होने के लिए सत्यम सुरेलीया की अध्यक्षता में वाहन व्यवस्थाओं के लिए चर्चा की गई। वहीं पीले चावल देकर महापंचायत में भागीदारी निभाने का आव्हान किया जा रहा है। इस दौरान गिरधारी योगी ने बताया की नाथ समाज वर्षो से गुरु गोरखनाथ बोर्ड की स्थापना की मांग कर रहा है। जो अभी तक पूरी नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि इस महासंगम में पूरे राजस्थान से समाज के सभी संगठन एकजुट होकर आयोजन को सफल बनाने में अपनी भागीदारी निभाएंगे। इस मौके पर रामोतार योगी, ओमप्रकाश योगी, मामराज योगी, बालकृष्ण योगी, नरेन्द्र योगी, महेन्द्र योगी, बंजरग योगी, सुभाष योगी, रघुवीर योगा सहित अनेक समाज बंधू उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### नन्दोत्सव में झूमे श्रद्धालु, बांटी मिठाइयां



**फागी, (निसं)।** कस्बे के पारीक मौहल्ले में चल रही भागवत कथा के चौथे दिन नन्दोत्सव मनाया गया। कथा में व्यासपीठ पर बैठे हरि ओम तत्सत ने श्री कृष्ण के जन्मोत्सव को बड़ ही मार्मिक होकर श्रद्धालुओं के समक्ष रखा तथा नन्दोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मिठाईयां व बधाइयां बांटते हुए मनाया। जिस पर सैंकडों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालु संगीत की मधुर धुन पर थिरकने से अपने आप को नहीं रोक सके। कथा में श्री कृष्ण की जीवंत झांकियों को सजाते हुए लीलाओं का वर्णन सुनाया। भागवत कथा में फागी ही नहीं बल्कि चकवाडा चौरू नीमेडा मालपुरा जयपुर सहित अनेक स्थानों से श्रद्धालु कथा सुनने पहुंच रहे हैं।

### अन्न समरसता कार्यक्रम आयोजित

**बहरोड़/भिवाड़ी, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा अलवर उत्तर मंडल भिवाड़ी स्तर पर अन्न समरसता कार्यक्रम आयोजित करने के चलते सामाजिक विषमताओं और भेदभाव के विरुद्ध जनजागरण की अलख जगा कर समाजोत्थान, वंचितों का कल्याण और महिला सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने व एस सी समाज की उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं एवं बच्चियों के सम्मान सहित उनके निवास पर भाजपा का दुपट्टा पहनाते हुए अभिनंदन कर साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया। वहीं केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा एस सी समाज के लिए विद्यमान योजनाओं की विस्तार से चर्चा की गई। भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा अलवर उत्तर जिला अध्यक्ष चित्रा शर्मा भिवाडी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सिलाई प्रशिक्षण का कार्य करने वाली शीला एवं शकुंतला जो बच्चियों के लिए आत्म सुरक्षा हेतु जागृत करने का काम करने एवं आंगनवाडी से विदिशा, शिक्षिका रूपा, केला वृद्ध आश्रम संचालिका, समाजसेविका राजवती, मालती व दयावती आदि उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया।

### व्यापार महासंघ की बैठक

**फुलेरा, (निसं)।** व्यापार महासंघ फुलेरा की नवनियुक्त कार्यकारिणी ने प्रथम मासिक बैठक का आयोजन नवनियुक्त अध्यक्ष मनोज आहूजा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक के दौरान विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। साथ ही व्यापारियों के हित में कई प्रस्ताव पारित किये गये। प्रवक्ता प्रदीप गोवरानी ने बताया कि अगले तीन माह तक पूर्व की भांति माह के आखिरी मंगलवार का पूर्णतया अवकाश रहेगा। इस दौरान आपातकालीन सेवाएं, मेडिकल, दूध, फल-सब्जी, ट्रांसपोर्ट, होटल आदि खुले रहेंगे। फुलेरा सीएचसी को उप जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नत करने पर राज्य सरकार का आभार प्रकट करने,शहर के सभी बाजारों के हाई एंट्री बोर्ड लगवाने, सुरक्षा की दृष्टि से पांच चौकीदार नियुक्त करने और उनका खर्च वहन करने, शहर की सभी दुकानों फर्मों का सर्वे करवाने, पुनः सदस्यता अभियान चलाने, व्यापार महासंघ का कार्यालय स्थल चयन करने पर विचार कर अहम निर्णय लिये गये।

### ठेकेदार संघ की सरकार को चेतावनी

**अलवर/बहरोड, (निसं)।** जिला सार्वजनिक निर्माण विभाग ठेकेदार संघ के जिला अध्यक्ष गोरधन लाल अग्रवाल ने अपने सहयोगी ठेकेदारों के साथ राज्य सरकार द्वारा 20 अप्रेल तक उनकी जायज मांगे नहीं माने जाने पर राज्य भर में टूलडाउन हड़ताल की चेतावनी दी है। अग्रवाल ने एक प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए बताया कि सरकार ने जीएसटी बढ़ा कर 12से 18 प्रतिशत कर दी है एवं निर्माण कार्य का रखरखाव पांच साल तक किया है जिससे ठेकेदारों का लाखों रूपया व्यर्थ जाता है जबकि अन्य प्रदेशो एव रेल्वे में मैंटिनेंस मात्र एक साल का हे तो राजस्थान में पांच साल का क्यों है इसलिए जीएसटी पुरानी की जाए एवं मैंटीनेस की समयअवधि को एक साल का किया जाएअगर 20 अप्रेल तक सरकार ने उनकी मांगे नहीं मानी तो प्रदेश के सभी विभागों के लिए काम करने वाले टूलडाउन हड़ताल पर आ जाएंगे।

### अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई जारी

**पावटा, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक राजीव पचार ने बताया कि संपूर्ण जिले में अवैध बजरी खनन की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली विद्याप्रकाश के निर्देशन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर संजीव चौधरी के सुपरविजन में प्रागपुरा थाना प्रभारी सवाई सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर नाकाबंदी के दौरान बजरी भर कर आ रहा एक डंफर को अवैध बजरी परिवहन करते हुए पाए जाने पर डंफर को मय बजरी जप्त कर प्रागपुरा थाना परिसर में खड़ा किया। वहीं आरोपी विक्रम पुत्र मदन लाल को मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। वहीं बुधवार को दो ट्रैक्टर ट्रोली मय बजरी जप्त किया गया। मौके से ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टरों को छोड कर फरार हो गए।

### 3 लाख 70 हजार रूपये भेंट दिये

**नरैना, (निसं)।** कस्बे के गोरीशंकर सरोवर की पाल स्थित बाग वाले बालाजी मंदिर समिति को गत दिनों भंदे बालाजी की 23 वीं पदयात्रा के दौरान बचत रकम 3 लाख 70 हजार रूपए भदे बालाजी पदयात्रा समिति ने दिए। इस अवसर पर मुन्ना लाल दगोल्या, श्याम दुब्या, राकेश सोढाणी, राजेंद्र सोढाणी, राधेश्याम मुरारका, जुगल किशोर पारीक, राकेश मोदी, शंभू दयाल कुमावत, मुरारी लाल पटेल, विजयपाल पटेल, रतन लाल गंगवाल, राजेश कुमार शर्मा, कैलाश जांगिड़,सुधीर पारीक, मुकेश लुहाड़िया,मुकेश नावरिया, दीनदयाल प्रजापत,चंद्रप्रकाश मिश्रा, संजय पारीक,राजकुमार सैन,शंकर लाल पटेल आदि उपस्थित रहे।

### अम्बेडकर मूर्ति अनावरण कल

**नारायणपुर, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोलाहेडा में डॉ.भीमराव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य पर 14 अप्रैल को डॉ.भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति का अनावरण किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली, शकुंतला रावत व विशिष्ट अतिथि के रूप में थानागाजी पूर्व विधायक कृष्ण मुरारी गंगावत रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोलाहेडा सरपंच अमिता यादव करेंगी। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकार रतन फोजी द्वारा सुबह 10 बजे से देशक्ति गीतों की प्रस्तुती दी जायेगी।

### सेन जयंती की तैयारी बैठक

**नरैना, (निसं)।** कस्बे के गोरीशंकर सरोवर की पाल पर स्थित गंगा माता मंदिर परिसर में मंगलवार को सेन समाज के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में मिटिंग का आयोजन किया गया। मिटिंग के दौरान आगामी 17 अप्रेल सोमवार को संत सेन महाराज की 723 वीं जयंती धूमधाम से मनाने के लिये विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान समाज बंधुओं द्वारा जयंती की रूपरेखा बनाई गई जिसमें संत शिरोमणि सेन महाराज की शोभायात्रा,प्रसादी वितरण,गोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम रखने पर चर्चा हुई।

### बहरोड़ विधायक आज पावटा में

**पावटा, (निसं)।** बहरोड़ विधायक बलजीत यादव बेरोजगारों, किसानों एवं मजदूरों के हक के लिए, युवाओं की 14 सूत्रीय मांगों को लेकर गुरूवार को काले कपड़े पहनकर पावटा में सुभाष चौक से पंचायत समिति तक शाम 4 बजे दौड़ लगाएंगे। बहरोड से आए कार्यक्रम संयोजक नीम राणा सरपंच सतीश मुद्गल, राहुल, राव भूपसिंह, विक्रम, राजकुमार ने बताया कि बहरोड विधायक बलजीत यादव का विद्यार्थियों, बेरोजगारों, किसानों एवं मजदूरों के हक के लिए दौड का कार्यक्रम रखा गया है।

### अग्रवाल को सम्मानित किया

**मनोहरपुर, (निसं)।** कर्तव्यनिष्ठ, परिश्रमी, ईमानदार, गरीब को गणेश मानकर सेवा करने वाले, उपभोक्ताओं को राहत पहुंचाने वाले सुप्रीम गैस एजेंसी के प्रोपराइटर इंद्र कुमार अग्रवाल ने जनता को राहत पहुंचाकर सराहनीय कार्य किया है। इससे उपभोक्ता व गैस के अधिकारी खुश है अग्रवाल की सेवाओं से खुश होकर इनको वार्षिकोत्सव में सम्मानित भी किया गया है। अग्रवाल को सम्मानित होने पर राजनीतिक, सामाजिक व धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों ने अग्रवाल को बधाइयां दी है।



पोलैंड की दूसरी सबसे बड़ी नदी ओडर में एक छोटा सा टापू है। गल्स, टर्न और प्लोवर जैसी कई पक्षी प्रजातियां यहां प्रजनन करती हैं। लेकिन रोचक बात है कि, यह एक कृत्रिम द्वीप है। वन्यजीव फोटोग्राफर और पर्यावरणविद् प्योत्र चारा ने खुद ऐसे 8 कृत्रिम टापू बनाए हैं। चारा का कहना है, इसके अलावा कोई विकल्प नहीं था, प्राकृतिक या अर्धप्राकृतिक टापुओं पर पक्षियों के अधिकांश बच्चों को रकून व अमेरिकन मिंक (एक प्रकार का ऊद बिलाव) जैसे बाहरी परभक्षी खा जाते थे। मूलतः उत्तरी अमेरिका में मिलने वाले ये परभक्षी कुछ समय से उत्तर पश्चिमी पोलैण्ड सहित यूरोप के कई भागों में बहुत आक्रामक हो गए हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, 18 वीं और 19 वीं सदी में, जब ओडर नदी का निचला भाग जर्मनी का हिस्सा था, उस समय, हर साल आने वाली बाढ़ को रोकने, जहाजों के परिवहन और नदी के प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए नदी के साथ -साथ छोटे-छोटे तटबंध बनाए गए थे। इस निर्माण कार्य के कारण नदी के प्राकृतिक रेतीले टापू नष्ट हो गए, जहाँ हजारों की संख्या में जलीय पक्षी घोंसले बनाते थे। बाध्य होकर कई जानवरों को अन्यत्र जाना पड़ा। लेकिन ओडर नदी के एक तिहाई निचले हिस्से, करीब 45 कि.मी., में तटबंध नहीं थे इसलिए यहाँ पक्षी खूब फले फूले। सन् 2001 में चारा जब पहली बार यहां आए तब यहां की बची हुई पक्षी विविधता देखकर दंग रह गए। नब्बे के दशक तक उत्तरी पोलैंड की हर झील में यूरेशियन कूट्स पक्षी दिखाई देते थे पर मिंक के आने के बाद कई झीलों से ये पक्षी लुप्त हो गए। नब्बे के दशक के मध्य में पोलैंड में गल्स के 4300 जोड़े थे, पर, वर्ष 2009 तक मिंक्स के कारण ये घटकर मात्र 2300 ही रह गए। रकून की घुसपैठ जर्मनी से हुई थी। इन परभक्षियों के विनाशकारी प्रभाव को देखने के बाद चारा ने सेना की बेकार पड़ी नौकाओं में मिट्टी भरकर कृत्रिम टापू बनाने शुरु किए। पहला टापू 2015 में बना। नौकाओं के किनारों पर धातु की परत चढ़ी हुई थी, जिसकी वजह से मिंक व रकून इन पर नहीं चढ़ पाते थे। उसी वर्ष यूरेशियन ऑयस्टर कैचर के एक जोड़े ने पहली बार कृत्रिम टापू पर घोंसला बनाया, फिर कुछ ही सप्ताह में कई दर्जन घोंसले बन गए। उसी साल के अंत तक चारा ने दो और टापू बनाए और 2017 में 5 टापू बनाए, जिन पर अब पक्षी फल-फूल रहे हैं।

# “राईट-टू हैल्थ” बिल पर राज्यपाल ने हस्ताक्षर किए

## डॉक्टरों के संगठनों ने कहा कि, अगर इस विधेयक में वे शर्तें शामिल नहीं की गईं, जिन पर डॉक्टरों और सरकार का समझौता हुआ था, तो डॉक्टर अपने अस्पतालों में किसी भी सरकारी प्रोग्राम व योजना को शामिल नहीं करेंगे

**-यादवेंद्र शर्मा-**

जयपुर, 12 अप्रेल। प्रदेश के राज्यपाल कलराज मिश्र ने बुधवार को राजस्थान विधानसभा के अष्टम सत्र में 21 मार्च 2023 को पारित "राजस्थान स्वास्थ्य का अधिकार विधेयक 2022" को अनुमति प्रदान कर दी है। इस विधेयक के पारित होने से डॉक्टरों में असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जैसा कि विदित है कि डॉक्टर "राइट टू हैल्थ" (आर.टी.एच.) बिल को लागू करने के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे और 4 अप्रेल को लाखों की तादाद में डॉक्टर्स ने जयपुर की सड़कों पर भी आंदोलन किया था।

आर.टी.एच बिल पर राज्यपाल द्वारा हस्ताक्षर करने पर प्रतिक्रिया देते हुए डॉक्टर विजय कपूर ने ट्वीट किया कि "माननीय राज्यपाल द्वारा हस्ताक्षर के पश्चात राजस्थान सरकार द्वारा आर.टी.एच बिल में एम.ओ.यू. के तहत हुए समझौते को अक्षरशः लागू किए जाने की आशा व अपेक्षा है। ऐसा न होने की सूरत में समस्त प्रदेश के सरकारी योजनाओं का पूर्ण बहिष्कार

■ **प्राइवेट हॉस्पीटल एण्ड नर्सिंग होम्स सोसायटी के सचिव डॉ. विजय कपूर ने कहा कि उन्हें इस नवीनतम घटनाक्रम की पूरी जानकारी है तथा वे और उनका संगठन सही समय आने पर आर.टी.एच. कानून को अदालत में चुनौती देंगे।**

किया जाना प्रस्तावित है।"

उल्लेखनीय है कि 4 अप्रेल को हुए प्रदर्शन के दौरान ही डॉक्टर विजय कपूर ने सभी डॉक्टरों को सूचना दी थी कि डॉक्टरों की संयुक्त एक्शन कमेटी के प्रतिनिधि जिनमें इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, प्राइवेट हॉस्पिटल एंड नर्सिंग होम सोसायटी के प्रतिनिधि और उपचार यानि युनाइटेड प्राइवेट क्लिनिक एंड हॉस्पिटल एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के प्रतिनिधि शामिल थे द्वारा मीडिया को यह बताया गया कि छोटे प्राईवेट अस्पताल जिन्हें सरकार से कोई अनुदान प्राप्त नही हुआ है, उन पर आर.टी.एच. लागू नहीं होगा। आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में करीब 4100 छोटे प्राईवेट अस्पतालों को आर.टी.एच.से बाहर करने के लिये राज्य सरकार के प्रमुख शासन सचिव (चिकित्सा शिक्षा) ने डॉक्टरों की कमेटी के साथ मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टेंडिंग (एम.ओ.यू.) हस्ताक्षरित किया था। हालांकि कई बड़े प्राईवेट अस्पतालों की तरफ से भी कहा जा रहा था कि उन पर आर.टी.एच. इसलिये लागू नहीं होगा क्योंकि उन पर केवल अस्पताल निर्माण के लिये दी गई जमीन पर लगाई गई शर्तें ही लागू होंगी, जिसके अनुसार उन्हें अस्पताल में कुल बैड का कुछ प्रतिशत सरकार द्वारा पारिभाषित गरीबी रेखा के नीचे आने वाले मरीजों के लिये आरक्षित रखना होगा।

पर कानूनी विशेषज्ञों ने बताया कि संविधान के अनुच्छेद 299 के अनुसार राज्य व केंद्र सरकार पर केवल वहीं अनुबंधन लागू किये जा सकते हैं जो राज्यपाल और राष्ट्रपति के नाम पर ही हस्ताक्षरित हों।

दूसरी ओर राज्य सरकार ने डॉक्टरों के साथ हुई बातचीत और सहमति पत्र को लागू करने के लिये आर.टी.एच. बिल को राज्यपाल को पत्र लिखकर वापस बुलाने, या संशोधन करने की ओर कोई कदम नहीं उठाये, इसलिये राज्यपाल द्वारा इस बिल को पारित करना एक सामान्य और संवैधानिक प्रक्रिया है। वहीं कानूनी विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि चूंकि अब यह विधेयक कानून बन चुका है, इसलिए इसके प्रावधानों को अदालत में चुनौती दी जा सकती है।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि राजस्थान हाईकोर्ट में प्राईवेट डॉक्टरों की हड़ताल को गैर कानूनी घोषित करने के संबंध में दायर जनहित याचिका बुधवार को ही सुनवाई के लिये सूचीबद्ध थी, क्योंकि राज्य सरकार ने कल छुट्टी घोषित कर दी थी। इस मामले में अदालत ने महाधिवक्ता को कहा था कि वे राज्य सरकार और डॉक्टरों के बीच हुई विभिन्न मीटिंगों का विस्तृत ब्यौरा पेश करें ताकि ये समझा जा सके कि डॉक्टर आखिर क्यों हड़ताल पर हैं। परंतु अदालत के समक्ष छोटे अस्पतालों या बड़े अस्पतालों की तरफ से कोई प्रतिनिधित्व प्रस्तुत नहीं किया गया।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता और राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि निजी डॉक्टरों और राज्य सरकार के बीच समझौता हो चुका है और निजी चिकित्सकों ने अपनी हड़ताल वापिस ले ली है।

इस तथ्य को रिकॉर्ड पर लेते हुए खंडपीठ ने जनहित याचिका का निस्तारण कर दिया।

प्राइवेट हॉस्पिटल एंड नर्सिंग होम्स सोसायटी सचिव डॉ.विजय कपूर ने कहा कि उन्हें इस मामले के नवीनतम घटनाक्रम की पूरी जानकारी है और वे और उनका संगठन आर.टी.एच. विधेयक को अदालत में सही समय पर चुनौती देंगे।

वहीं बड़े अस्पतालों की ओर से भी कई डॉक्टरों ने कहा कि वे सही समय पर स्वतंत्र रूप से आर.टी.एच. विधेयक को गैर कानूनी घोषित करने के लिये याचिका दायर करेंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने आर.टी.एच.बिल को लागू करने के लिये कोष भी निर्धारित नही किया है और ना ही नियम-कायदों का गठन किया है।

# 'क्या कोलीजियम की सिफारिशें आर.टी.आई. के दायरे में हैं?'

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 12 अप्रेल। दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को राइट टू इन्फॉर्मेशन एक्ट (2005) के तहत सुप्रीम कोर्ट कोलीजियम की सिफारिशों की जानकारी मांगे जाने की याचिकाओं पर केन्द्र सरकार से उसकी प्रतिक्रिया देने को कहा है।

जस्टिस प्रतिभा एम. सिंह ने एडिशनल सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा से कहा है कि इस मामले पर उपयुक्त निर्देश प्राप्त करें और हलफनामा दायर करे मामले की सुनवाई मई में होगी।

कोर्ट तीन याचिकाओं की सम्मिलित रुप से सुनवी कर रहा है कि क्या कोलीजियम की सिफारिशों को आर.टी.आई. एक्ट के तहत बताया जा सकता है। एक याचिका किसी डॉ. विनोद

■ **दिल्ली हाई कोर्ट ने आर.टी.आई. कानून के तहत, सुप्रीम कोर्ट कोलीजियम की सिफारिशों की जानकारी मांगे जाने पर केन्द्र से राय मांगी है।**

सुराणा ने दायर की है, जो जानना चाहते थे कि 1990 और 1992 के बीच तत्कालीन सी जे आई ओर मद्रास हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने उनके पिता पी.एस. सुराणा के मद्रास हाईकोर्ट में बतौर जज पदोन्नयन पर क्या सिफारिश की थी।

सुराणा ने सिफारिश से संबंधित पूरे दस्तावेजों, रिकॉर्ड और फाइल नोसि की प्रमाणित प्रतियां और सिफारिशों पर आगे न ही बढ़ने के कारणों को दर्ज करने वाले दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियां मांगी। सुप्रीम कोर्ट के पी.आई.ओ. ने जानकारी देने से मना कर दिया।

अन्य दो याचिकाएं एक ऐसे मामले में दायर क्रॉस अपीलें है जिसमें किसी दिनेश कुमार मिश्रा ने 2008 में गुवादारी उच्च न्यायालय में दो न्यायाधीशों की नियुक्ति के संदर्भ में जानकारी मांगी है।

# इंगलैण्ड के...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

की टिप्पणियों को नस्लीय, अस्वीकार्य, भड़काऊ और विभाजनकारी माना गया है। ग्लोबल प्लेटफॉर्म चेंज, ओ.आर. जी. पर ब्रिटिश प्रधानमंत्री को एक आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसमें 28 हजार लोगों के हस्ताक्षर हैं। इन लोगों ने सुएला ब्रेवरमन की बेलगाम और अपमानजनक टिप्पणियों को लेकर उन्हें तुरन्त प्रभाव से बर्खास्त करने की मांग की है।

जैसा कि मीडिया को बताया गया, ब्रेवरमन की टिप्पणियों से सामुदायिक एकता के समाप्त होने और नस्लीय तनाव बढ़ने का खतरा है।

प्रधानमंत्री आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट को लिखे गए एक पत्र में कहा गया है कि सरकार की मंत्री होने के नाते उन पर सभी समुदायों के लिए धैर्य व आदरभाव बढ़ाने की जिम्मेवारी थी, लेकिन उनकी टिप्पणियां स्तरहीन हैं। किसी जन नेता की ऐसी अपमानजनक टिप्पणियों अस्वीकार्य हैं, जिनसे किसी पूरे समुदाय पर तोहमत लगती हो।

पत्र में कहा गया है कि, इस मुद्दे को संबोधित करने तथा सहिष्णुता, आदर व निष्पक्षता के मूल्यों को कायम रखने के लिए तत्परता से निर्णायक कार्रवाई की जाए। क्योंकि ये एक सामन्जस्यपूर्ण समाज के लिए आवश्यक है।

प्रधानमंत्री सुनक को लिए एक खुले पत्र में ब्रिटिश पाकिस्तानी फाउण्डेशन के 18,000 सदस्यों ने, गृह मंत्री की हालिया टिप्पणियों पर तथा प्रधानमंत्री द्वारा टिप्पणियों के खिलाफ नहीं बोलने पर अपनी गहरी चिंता व निराशा व्यक्त की है।

इन टिप्पणियों में, तथाकथित "गूमिश गैंग्स" ब्रिटिश पाकिस्तानियों की संलिप्तता तथा "ब्रिटिश मूल्यों" के बिल्कुल खिलाफ "सांस्कृतिक मूल्यों" के होने की बात कही है।

"जिस विभाजक एवं खतरनाक तरीके से होम सैक्रेटरी सभी ब्रिटिश पाकिस्तानी पुरुषों को दर्शाने का प्रयास कर रही हैं तथा यह संकेत दे रही हैं कि इन पुरुषों के क्रियाकलापों में समुदाय की भी मिलीभगत है, वो बहुत निन्दनीय है।"

# भटिंडा के मिलिटरी स्टेशन में फायरिंग, सेना के चार जवानों की मौत

चंडीगढ़, 12 अप्रेल। पंजाब के बठिंडा मिलिटरी स्टेशन में बुधवार सुबह हुई फायरिंग में सेना के 4 जवानों की मौत हो गई। 80 मीडियम रेजिमेंट के ये जवान ऑफिसर्स मेस में गार्ड ड्यूटी पर तैनात थे। आर्मी ने कहा कि, फायरिंग सुबह 4:35 बजे हुई। 4 मौतों के अलावा जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। पुलिस और सेना की टीमें मिलकर इसकी जांच कर रही हैं।

शुरूआती जांच में पता चला कि, जवानों को इंसास राइफल से गोलियां मारी गई हैं। पुलिस को मौके से इसके 19 खाली खोल बरामद हुए हैं। गोली मारने वाले 2 लोग सफेद कुर्ता-पायजामा पहनकर आए थे। मुंह ढका हुआ था। बठिंडा पुलिस ने इसमें टेरर एंगल से इनकार नहीं किया है। इस घटना से 2 दिन पहले यूनिट के गार्ड रूम से इंसास राइफल और गोलियां गायब हुई थी। पुलिस और आर्मी को इस राइफल का घटना में इस्तेमाल होने का शक है।

# प्रदेश में साढ़े तीन सौ से ज्यादा नए करोना संक्रमित मिले बुधवार को

## इनमें सर्वाधिक 82 मामले जयपुर में पाए गए हैं

**-कार्यालय संवाददाता-**

जयपुर, 12 अप्रेल। प्रदेश में करोना संक्रमण के मामलों में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। राज्य में बुधवार को एक ही दिन में साढ़े तीन सौ से ज्यादा नए संक्रमित मिले हैं। वहीं एक मरीज की इस बीमारी से मौत भी हुई है। प्रदेश में फिलहाल साढ़े बारह सौ के करीब करोना के मरीजों का इलाज चल रहा है।

राज्य में दिनोंदिन करोना संक्रमण बढ़ता ही जा रहा है। 6 अप्रैल को इसके 100 केस सामने आए थे। जिसके बाद हर दिन तेज गति से मामले बढ़ने लगे हैं। बुधवार को 22 जिलों में 355 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले मंगलवार को 190 रोगी पाए गए थे। इधर आज राज्य में सबसे ज्यादा 82

■ **राज्य में पिछले चौबीस घंटों में करोना से एक संक्रमित की मौत भी हुई है।**

नए संक्रमित जयपुर में मिले हैं। इसके अलावा राजसमंद में 36, जोधपुर व अजमेर में 28-28, अलवर में 27, झालावाड़ 24, बीकानेर 21, उदयपुर 20, बूंदी 19, पाली 15, सवाई माधोपुर में 14, बांसवाड़ा व नागौर में 6-6, कोटा में 5, भीलवाड़ा, डूंगरपुर, श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ में 4-4, प्रतापगढ़ में 3, चित्तौड़गढ़ व सिरोही में 2-2 तथा दौसा में 1 नया संक्रमित मिला है।

प्रदेश में बुधवार को केवल 72 ही मरीज ठीक होने से एक्टिव केस बढ़कर 1245 हो गए हैं। इनमें सर्वाधिक सक्रिय 349 मरीज जयपुर में जिले में हैं। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना से जयपुर में एक संक्रमित की मौत भी हुई है। इसके साथ ही राज्य में इस बीमारी से अब तक 9671 लोगों मृत्यु हो चुकी है। हाल ही में करोना से मौत का आंकड़ा भी बढ़ने लगा है। इस महीने 12 दिन में 10 मौत हो चुकी है।

उधर चिकित्सा विशेषज्ञों ने करोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए लोगों को भीड़भाड़ से बचने और मास्क पहने की सलाह दी है। विशेषज्ञों का कहना है कि, करोना का नया वैरियंट ज्यादा घातक नहीं है, लेकिन पहले से बीमार लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है।

# गहलोत ने सारे...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

है तथा सूत्रों के अनुसार उन्होंने इस पत्र का मसौदा अपनी मर्जी से ही तैयार किया। उन्हें ऐसा करने के लिए किसी ने नहीं कहा था।

लेकिन ऐसा लगता है कि उन्हें थोड़ी समझ आ गई है या शायद राहुल गांधी ने उन पर अपना गुस्सा उतारा है। आज उन्होंने गहलोत और पायलट दोनों को पार्टी की सम्पत्ति बताया। इस शृंखला की तीसरी कड़ी हैं पवन खेड़ा, जो कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रभारी हैं।

वह भी गहलोत के बड़े भक्त हैं तथा वह गहलोत की प्रशंसा करने और सचिन को निशाना बनाने के लिए प्रैस कांफ्रैंसेज़ के आयोजन में कोई कमी नहीं रखते।

कांग्रेस पार्टी में जो भी कुछ चल रहा है, मल्लिकार्जुन खड़गे उसे लेकर एक मूक दर्शक बने हुए हैं, जबकि गांधी परिवार के सदस्यों ने तो इस संबंध में अब तक अपनी कोई प्रतिक्रिया ही व्यक्त नहीं की है।

सूत्र बताते हैं कि सचिन पायलट दिल्ली में हैं और वह शुक्रवार को राजस्थान आएंगे, तब तक वह स्थिति को देख रहे हैं और प्रतीक्षा कर रहे हैं।

स्वयं के खिलाफ चल रहे सभी षड्यंत्रों के प्रति पायलट बेफिक्र प्रतीत होते हैं और बताया जाता है कि वे पुनः एक वृहद जनसम्पर्क अभियान शुरू करने जा रहे हैं, जिसमें जयपुर ग्रामीण भी शामिल है और इसकी शुरूआत 17 अप्रेल को झुंझूनूं से की जाएगी।

# नीतीश कुमार व तेजस्वी यादव...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

कांग्रेस ने बात की है, कुछ पार्टियों से हमने बात की है। उन्होंने आगे कहा कि शीघ्र ही एक और मीटिंग करने का निर्णय लिया गया है। कुमार ने मीडियाकर्मियों से कहा कि आपको मीटिंग की विस्तृत जानकारी दे दी जायेगी।

मीटिंग से पहले, कुमार ने आर.जे.डी. के पितामह लालू प्रसाद यादव से भेंट की, जो इस समय दिल्ली में अपनी पुत्री मीसा भारती के निवास पर ठहरे हुये हैं तथा उनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने ऑफिशियल हैंडल से ट्वीट किया कि विपक्षी नेताओं ने जनता की आवाज उठाने तथा देश को नई दिशा देने का संकल्प लिया है। उन्होंने हिन्दी में ट्वीट किया, "हम संविधान को संरक्षण प्रदान करेंगे तथा देश को बचायेंगे।" खड़गे इससे पहले द्रमुक अध्यक्ष तथा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन तथा महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से बात कर चुके हैं।

जैसे-जैसे 2024 के लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं, विपक्षी दल सत्तासीन भाजपा का सामना करने के लिये नये समीकरणों की तलाश कर रही है।

लेकिन, जहाँ कुछ पार्टियों ने विपक्षी मोर्चे में शामिल होने के प्रश्न पर अपना रूख स्पष्ट कर दिया है, जबकि कुछ अन्य दलों ने मिश्रित संकेत दिये है।

उदाहरण के लिये, तृणमूल कांग्रेस ने शुरु में घोषणा की थी कि वह लोकसभा चुनाव अकेली ही लड़ेगी। पार्टी प्रमुख तथा बंगाल की मुख्यमंत्री ने यह बयान उपचुनाव में उनकी पार्टी की हार के बाद दिया था। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि उनकी पार्टी की पराजय वामपंथियों, कांग्रेस तथा भाजपा के बीच बनी समझबूझ का परिणाम था।

लेकिन जब राहुल गांधी की "मोदी सरनेम" वाली टिप्पणी को लेकर दायर किये गये मानहानि के केस में, उन्हें मिली सजा के बाद, राहुल गांधी को सांसद के रूप में डिस्क्वालिफाइड घोषित कर दिया गया, उस समय ऐसा प्रतीत हुआ कि तृणमूल कांग्रेस ने अपना पूर्व विचार बदल लिया है। इस घटना के शीघ्र बाद ही, बनर्जी ने विपक्षी दलों की एक मीटिंग बुलाई थी, ताकि संगठित होकर भाजपा को सत्ता से बेदखल किया जा सके।

एक और प्रमुख विपक्षी दल, जिसने किसी मोर्चे में शामिल होने के बारे में अपना रूख अभी स्पष्ट नहीं किया है, आम आदमी पार्टी (आप) है। आप को अभी-अभी राष्ट्रीय दल का दर्जा मिला है तथा दिल्ली एवं पंजाब में उसकी सरकारे हैं। इस महीने के शुरु में, मीडिया से बात करते हुये, पार्टी नेता तथा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने कहा था कि जनता की एकता, न कि विपक्ष की एकता महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा था कि अगर पार्टियाँ कहती हैं कि वे किसी को हराने के लिए एक हो गई हैं, तो लोग इसे पसंद नहीं करते।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चन्द्रशेखर राव के नेतृत्व वाली भारत राष्ट्र समिति ने भी विपक्षी मोर्चे के गठन की दिशा में कदम उठाया है लेकिन वे नहीं चाहते कि इसमें कांग्रेस हो।

एक विपक्षी नेता ने कहा कि हालांकि भाजपा तथा मीडिया का एक वर्ग इस प्रकार के प्रयासों को सिर्फ "दिवास्वप्न" (पाइपड्रीम) बताकर खारिज कर रहा है, लेकिन तकरीबन सभी विपक्षी दल एक संगठित मोर्चे की जबरदस्त जरूरत महसूस कर रहे हैं तथा सभी दल मोदी सरकार की प्रचंड राजनैतिक शैली से आतंकित होने लगे हैं। उक्त नेता ने कहा कि आज का निर्णय बहुत महत्वपूर्ण है।

# पायलट-गहलोत...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

फोकस पार्टी को मजबूत करने पर है पर इस पर भी है कि बतौर सरकार हम उन नीतियों का क्रियान्वयन करे जिनका जनता ने स्वागत किया है ताकि राजस्थान जहां कुछ ही महीनों में चुनाव होने हैं, वहां हमें पुनः जनादेश मिले। आपके सवाल का मैंने जवाब दे दिया है। हम कृतसंकल्प हैं। हमारे लिए राष्ट्रीय लक्ष्य ज्यादा महत्वपूर्ण है और इसी के लिए कांग्रेस प्रयास कर रही है।

# कर्नाटक के...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

देने से इन्कार कर दिया तो वह पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा की उपस्थिति में बुधवार को भाजपा में शामिल हो गई।

उन्होंने बैंगलोर के भाजपा मुख्यालय पर पार्टी में औपचारिक रुप से शामिल होने के बाद मीडिया कर्मियों को बताया कि "मुझे उम्मीद थी कि कांग्रेस मेरी योग्यता को ध्यान में रखकर मुझे टिकट देगी, लेकिन मुझे अवसर नहीं दिया गया। भाजपा ने मेरा तहेदिल से स्वागत किया और मैं पार्टी के लिए काम करूंगी। ए.के. एंटनी की तरह ही राजनन्दिनी के पिता कोगडु थिमप्पा ने अपनी पुत्री के निर्णय पर निराशा प्रकट की। उन्होंने कहा कि "मैंने आज यह खबर सुनी। मुझे उससे ऐसी उम्मीद नहीं थी।

यह दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके पीछे जरुर कोई ना कोई बात होगी। यह भाजपा नेता हर्तालु हलप्पा की चालबाजी हो सकती है। मैं उससे बात करने की कोशिश करूंगा। मैं हमेशा कांग्रेस के पक्ष में रहूंगा और पार्टी के लिए काम करूंगा।

# प्रियंका गांधी ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

अटकलें हैं कि पायलट रंधावा व अन्य वरिष्ठ नेताओं से भी मिल सकते हैं पर अभी तक सूत्रों का यही कहना है कि ऐसी कोई मीटिंग अधिसूचित नहीं है।

पार्टी रंधावा की इस घोषणा के साथ खड़ी है कि पायलट अपनी सरकार के खिलाफ अनशन पार्टी विरोधी गतिविधि है। उन्हें पार्टी के भीतर बात करनी चाहिए थी। इसी बीच खड़गे ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पायलट द्वारा भ्रष्टाचार के मसले पर गत वर्ष भेजे गए दो पत्रों पर चर्चा के लिए बुलाया गया है। वे पायलट से भी पत्र मांग सकते थे पर वे इतने नाराज हैं कि उन्होंने उनसे कोई भी दस्तावेज मांगना जरुरी नहीं समझा।

राहुल गांधी नीतीश कुमार से वार्ता के लिए खड़गे के आवास गए थे पर सूत्रों ने बताया कि उन्होंने राजस्थान मुद्दे पर कुछ भी नहीं कहा। समझा जाता है कि उन्होंने अपनी बहन और ए.आई.सी.सी. महासचिव प्रियंका गांधी से मामले को हैंडल करने को कहा है क्योंकि वो पहले भी ऐसा कर चुकी हैं।

# भाजपा ने एन्टी इन्कम्बैन्सी से निपटने के लिये वही...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

पार्टी ने विधायकों की जीतने की संभावना को लेकर कराया था।

जिन विधायकों को टिकट नहीं दिये गये हैं, उनमें एक बड़ा नाम कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टर का भी है, जो एक वरिष्ठ लिंगायत नेता हैं। भाजपा को वर्तमान स्थिति तक लाने का श्रेय बी.एस. येद्दियुरप्पा के साथ उनको भी जाता है। साफ-स्वच्छ छवि वाला यह पुराना नेता विधानसभा के लिये छः बार निर्वाचित हो चुका है। शेट्टर ने कहा कि चाहे कुछ भी हो, वे चुनाव तो लड़ेंगे। ऐसी आशंका है कि जिन लोगों के टिकट काटे गये हैं, वे कांग्रेस या जे.डी. (एस.) की मदद कर सकते हैं क्योंकि ऐसी संभावना दिखाई दे रही है कि वे भाजपा के अधिकृत उम्मीदवार के पक्ष में काम नहीं करें।

इस समय कांग्रेस तथा जे.डी. (एस.) भाजपा के घटनाक्रम को बड़े ध्यान से देख रहे हैं, जबकि शेष टिकटों को अंतिम रूप देने की कोशिश में लगी हुई है, क्योंकि टिकट तो उसे देने ही हैं। कांग्रेस ने 224 सदस्यीय विधानसभा के लिए 166 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है लेकिन कांग्रेस भी विद्रोहियों की समस्या से घिरी हुई है क्योंकि कुछ कांग्रेसजनों, जिन्हें टिकट नहीं दिये गये हैं, ने धमकी दे दी है कि वे निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ेंगे तथा पार्टी के अधिकृत उम्मीदवारों की पराजय सुनिश्चित करेंगे।

लेकिन इस प्रकार का विरोध भाजपा में ज्यादा है लेकिन भाजपा समर्थकों को विश्वास है कि सत्ता-विरोधी लहर बेअसर हो जायेगी तथा पार्टी सत्ता में लौट आयेगी। और इस जीत का कारण होंगे- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व तथा, राज्य तथा केन्द्र की डबल इंजन सरकारों की शासन-व्यवस्था। भाजपा का हर नेता तथा कार्यकर्ता इस चीज को घर-घर पहुँचा रहा है।

इस बीच, ऐसी भी रिपोर्ट हैं कि येद्दियुरप्पा, जिनके पुत्र को तो चुनाव लड़ने के लिये टिकट दे दिया गया है, लेकिन वे इस बात को लेकर अप्रसन्न बताये जाते हैं कि उनके समर्थकों को टिकट नहीं दिये गये। वे यह कहने के बाद, अपने घर लौट गये कि उनके सुझाव स्वीकार कर लिये गये हैं किन्तु वे चुनाव में कोई खास योगदान नहीं दे पायेंगे।

राजनैतिक हल्कों में इसका अर्थ यह निकाला जा रहा है कि भाजपा के इस पुराने दिग्गज, जिसने दक्षिण भारत में प्रवेश के मामले में पार्टी की बहुत मदद की थी, की पार्टी के अन्दर अनदेखी की जा रही है तथा उनकी यह उपेक्षा पार्टी को महँगी पड़ सकती है।

हालाँकि एक अन्य पुराने नेता के.एस. ईश्वरप्पा ने घोषणा तो यह की है कि वे चुनावी राजनीति से हट रहे हैं, लेकिन यह स्पष्ट है कि उन्हें इस बात के पर्याप्त संकेत मिल गये हैं कि उन्हें टिकट नहीं दिया जायेगा। उन्होंने, टिकट नहीं मिलने की बजाय, इस्तीफा देना श्रेयस्कर समझा तथा पूरे प्रचार-प्रसार के साथ, अपना त्याग पत्र पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के पास भेज दिया।

उन्होंने अपने त्याग पत्र में कहा है, "मैं चुनावी राजनीति छोड़ रहा हूँ। ........पार्टी ने पिछले 40 सालों में बहुत सारी जिम्मेदारियाँ दी। मैं बूथ-प्रभारी से पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष पद तक पहुँचा। मुझे उपमुख्यमंत्री बनने का भी गौरव मिला।" कांग्रेस ने भाजपा पर कटाक्ष किया है कि उम्मीदवारों की लिस्ट जारी होते ही, भाजपा के विकेट गिरने लगे हैं।

लेकिन भाजपा का कहना है कि ईश्वरप्पा का चुनाव न लड़ने का निर्णय उनका निजी निर्णय है। मुख्यमंत्री बोम्मई ने कहा है, "ईश्वरप्पा इस बारे में हम लोगों से पिछले कुछ महीनों से बात कर रहे थे, लेकिन हम उन्हें समझाने की कोशिश कर रहे थे। आज उन्होंने हाई कमान को त्याग पत्र भेज दिया है तथा हमें इस (उनके निर्णय) का सम्मान करना चाहिये।"

भाजपा की इस सूची का आधार पार्टी द्वारा कराया गया वह व्यापक सर्वे रहा है जिसमें प्रत्येक विधायक के जीतने की संभावनाओं को परखा गया था। प्रत्येक सीट तथा उम्मीदवार के लिये, पार्टी ने 300 पूर्व तथा वर्तमान पार्टी पदाधिकारियों, सरपंचों तथा जिला परिषद प्रमुखों से बातचीत की थी तथा उम्मीदवार के विषय में उनकी पसंद लिखित में ले ली गई थी।

कर्नाटक के लिये भाजपा के चुनाव-प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि संभावित उम्मीदवारों की सूची तैयार करने में 25000 कार्यकर्ताओं से परामर्श किया गया था। उसके बाद इस सूची की संवीक्षा की गई थी तथा उसके बाद पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने उसे क्लिअरेंस दी थी।

भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने राष्ट्रीय संगठन सचिव बी.एल. संतोष, सह-प्रभारीगण के अन्नामलाई एवं स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया एवं महासचिव अरूण सिंह तथा प्रधान के साथ विस्तृत चर्चाएं की थीं। अंत में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसका अनुमोदन किया था।

# नीतीश...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

अपना वर्चस्व बनाए रखने की कोशिश करेगी। पर यह विचार कुमार और तेजस्वी दोनों अनुकुल है। कुमार अपने राजनीतिक करियर के अंतिम पड़ाव पर हैं और बिहार में उनका चुनावी प्रभाव भी कम होता जा रहा है।

विपक्षी गठबंधन का संयोजक बन कर दिल्ली जाने का उनका इरादा तेजस्वी का रास्ता साफ करेगा क्योंकि तेजस्वी किसी भी उचित समय पर बिहार के मुख्यमंत्री बन सकते हैं।

इस प्रस्ताव को स्वीकार करना कांग्रेस के लिए फायदा और नुकसान दोनों ही है। किसी गैर कांग्रेसी नेता के नेतृत्व वाले गठबंधन के एक घटक दल के रूप में राहुल गांधी उस राजनीतिक बढ़त को खो देंगे जो उन्होंने अपनी भारत जोड़ो यात्रा के बाद हासिल की थी।

वह बढ़त यह थी उन्हें भाजपा के खिलाफ संघर्ष में विपक्ष के कई नेताओं का प्राप्त होगा।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908